दैनिक — सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :184
प्रतापगढ़ | मंगलवार , 7 मई-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

## तीसरे चरण में 61.45 फीसदी से अधिक मतदान

### वोट डालने में असम के लोग सबसे आगे रहे जबकि महाराष्ट्र साबित हुआ फिसड्डी



**नई दिल्ली (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव के लिए तीसरे चरण में शाम 5 बजे तक कुल 61.45 फीसदी वोट पडे। असम में जहां सबसे अधिक 74.86 फीसदी वहीं महाराष्ट्र में सबसे कम 53.95 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उत्तर प्रदेश में 57.03 फीसदी लोग वोट डालने बूथों पर पहुंचे। इस चरण में 11 राज्यों की 93 सीटों पर मतदान संपन्न हुआ। चुनाव आयोग के अनुसार शाम 6 बजे तक असम में 74.86 प्रतिशत, बिहार में 56.50 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 66.94 प्रतिशत, दादर नागर हवेली दमन दीव में 65.23 प्रतिशत, गोवा में 74 प्रतिशत, गुजरात में 56.12 प्रतिशत, कर्नाटक में 66.15 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 62.71 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 53.95 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 57.03 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 73.93 प्रतिशत मतदान हुआ।छत्तीसगढ़ की सातों सीटों पर शाम पांच बजे तक 66.87 फीसदी मतदान हुआ था। असम में लोकसभा चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण का मतदान आज राज्य की कुल 14 में से चार लोकसभा सीटों पर सुबह 07 बजे शुरू हुआ। शाम पांच बजे तक कुल 74.86 फीसद मतदान रिकार्ड हुआ है। चुनाव आयोग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार राज्य की बरपेटा सीट पर 76.20 फ़ीसदी, धुबड़ी में 79.20 फ़ीसदी, गुवाहाटी में 67.68 फ़ीसदी और कोकराझार में 74.24 फीसदी मतदान दर्ज किया गया।उधर, गुजरात की पांच तथा कर्नाटक और पश्चिम बंगाल की एक-एक विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव हो रहा है। चुनाव आयोग के अनुसार शाम पांच बजे तक गुजरात की वीजापुर सीट पर 59.47 प्रतिशत, खंभात में 59.90 प्रतिशत, पोरबंदर में 51.93 प्रतिशत, वाघोडिया में 63.75 प्रतिशत और माणावदर सीट पर 48.45 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार कर्नाटक की शोरापुर सीट पर 66.72 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल की भगवानगोला सीट पर 73.68 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर मतदान हुआ। आज गुजरात की 25, उत्तर प्रदेश की 10, महाराष्ट्र की 11, कर्नाटक की 14 सीटों समेत कुल 93 सीटों पर मतदान हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मतदाताओं से रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने की अपील की। इसके बाद पीएम ने अहमदाबाद के निशान हायर सेकेंडरी स्कूल में मताधिकार का प्रयोग किया।जानकारी के अनुसार मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। हालांकि, कुछ मतदान केंद्रों पर शाम पांच बजे की समय सीमा समाप्त होने के बावजूद मतदाताओं की लंबी कतार लगी हुई थी। इसके चलते मतदान प्रतिशत में इजाफा होने की संभावना है। मतदान केंद्रों पर भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है।

### उत्तर प्रदेश की 10 सीटों के लिए पड़े 57.03 फीसदी वोट

**ब्यूरो और एजेंसियां**

**लखनऊ।** तीसरे चरण में उत्तर प्रदेश की 10 सीटों के लिए मतदान हुआ। सुबह सात बजे से शुरू हुए मतदान के लिए सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी की गई थी। मतदेय स्थलों पर सुबह से ही मतदान का रुझान मतदाताओं में दिख रहा था। बूथों के बाहर लाइनों में मतदान करने के लिए भारी संख्या में लोग खड़े थे। शाम पांच बजे तक कुल 57.03 प्रतिशत मतदान हुआ।खास बात यह रही कि तीन बजे से पांच बजे के बीच मतदान की गति काफी धीमी रही। पांच बजे मतदान के आंकड़ों की बात की जाए तो ताज नगरी आगरा सीट पर सबसे कम 51.53 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है जबकि सबसे अधिक संभल लोकसभा सीट पर 61.10 प्रतिशत मतदान हुआ है और वह शुरुआत से ही पहले स्थान पर बना हुआ था। उधर, चर्चित सीट मैनपुरी में 55.88 प्रतिशत वोट पड़े हैं।

## जनता ने बना लिया है बदलाव का मन - एसपी सिंह पटेल

### इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ने कहा, प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र की जनता से मिल रहा अपार स्नेह है इसका प्रमाण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी और समाजवादी पार्टी के नेता डॉ. एसपी सिंह पटेल ने कहा है कि प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र में उन्हें जिस तरह से लोगों का समर्थन मिल रहा है उससे साफ जाहिर है कि जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। पांच साल में विकास का कोई काम न होने से लोग दुखी हैं और इस बार प्रतिनिधि बदलकर वे इसका हिसाब चुकाना चाहते हैं।



विश्वनाथगंज क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान हुई मुलाकात में डॉ. पटेल ने बताया कि वह अब तक संसदीय क्षेत्र की पांचों विधान सभाओं के अधिकांश गांवों का दौरा कर लोगों से मिल चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि लगभग सभी गांवों में उन्हें जनता का भरपूर प्यार मिला और मिल रहा है। सभी गांवों के लोग बस यह भरोसा चाहते हैं कि उनके गांव और क्षेत्र का विकास हो, पिछले पांच साल की तरह वाली स्थिति न हो। यह पूछे जाने पर की लोगों की शिकायत क्या है? डॉ. पटेल ने कहाकि ज्यादातर गांवों के लोगों का कहना है कि उनके गांव में संपर्क मार्ग तो दूर इंटरलाकिंग तक नहीं हो सकी है। इससे आवागमन में उन लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सपा नेता ने बताया कि कुछ लोग उन्हें अपने गांवों के बदहाल पड़े रास्ते को दिखाने तक ले भी गए। उन्होंने पाया कि स्थिति वास्तव में काफी खराब है। चारपहिया तो दूर कई गांवों में तो दोपहिया वाहन तक ले जाना मुश्किल है। लोग एक किलोमीटर की दूरी चार किलोमीटर का चक्कर लगाकर तय कर रहे हैं। उन्होंने कहाकि वह विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ रहे हैं। जनता ने मौका दिया तो वह प्रतापगढ़ का कायाकल्प (खास तौर से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल आदि के मामले में) करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। अंत में उन्होंने एक शेर पढ़ते हुए अपनी बात खत्म की, %वक्त आने दे तुझे दूंगा बता ऐ आसमां, हम अभी से क्या बताएं क्या हमारे दिल में है।

## लोगों का भरोसा उठ जाएगा

### शिक्षक भर्ती घोटाले में चीफ जस्टिस ने लगाई बंगाल सरकार को फटकार



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** सुप्रीम कोर्ट ने स्कूल नौकरियों की भर्ती मामले में पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों की खिंचाई की और इसे प्रणालीगत धोखाधड़ी बताया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकारी बंगाल के सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित डिजिटल रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए बाध्य हैं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की अगुवाई वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ, बंगाल के स्कूलों में 25,000 से अधिक शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नौकरियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार ने कहा है कि उच्च न्यायालय ने नियुक्तियों को मनमाने ढंग से रद्द कर दिया है। जनता का विश्वास चला गया तो कुछ नहीं बचा। यह व्यवस्थागत धोखाधड़ी है। सीजेआई ने बंगाल सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों से पूछा आज सार्वजनिक नौकरियाँ बेहद दुर्लभ हैं और इन्हें सामाजिक गतिशीलता के रूप में देखा जाता है। अगर उनकी नियुक्तियों को भी बदनाम कर दिया जाए तो सिस्टम में क्या रह जाएगा? लोगों का विश्वास उठ जायेगा। आप इसे कैसे मानते हैं?शीर्ष अदालत ने कहा कि सरकार को भर्ती पर पर्यवेक्षी नियंत्रण बनाए रखना होगा। पीठ ने कहा कि आप दस्तावेजों को डिजिटल रूप में बनाए रखने के लिए बाध्य थे। अब, यह स्पष्ट है कि कोई डेटा नहीं है।

## मोदी ने 10 साल में 22 लोगों को अरबपति बनाया, हम करोंडों लोगों को लखपति बनायेंगे-राहुल गांधी



**चाईबासा (झारखंड),एजेंसियॉ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस समय झारखंड में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। राहुल गांधी ने अपनी चुनावी रैली के दौरान मोदी सरकार पर गंभीर रुप से हमला बोला है। उन्होंने पीएम मोदी पर उद्योगपतियों को और अमीर और गरीबों को और गरीब करने का आरोप लगाया है। झारखंड के चाईबासा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने सत्ता में आने पर करोड़ों लोगों को लखपति बनाने का वादा भी किया।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन को उद्योगपतियों के हवाले करना चाहते हैं। झारखंड के चाईबासा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने सत्ता में आने पर करोड़ों लोगों को लखपति बनाने का वादा भी किया। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव संविधान और आदिवासियों, गरीबों एवं पिछड़ों के अधिकारों को बचाने के लिए है तथा 'इंडिया' गठबंधन के नेता संविधान को बचाने के लिए अपने जीवन का बलिदान तक देने के लिए तैयार हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ÷प्रधानमंत्री आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन को 14-15 उद्योगपतियों के हवाले करना चाहते हैं...उन्होंने अपने 10 साल के कार्यकाल में 22 लोगों को अरबपति बनाया...सत्ता में आने पर हम करोड़ों लखपति बनाएंगे और गरीब महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये देंगे।उन्होंने कहा, ÷भाजपा आदिवासियों की भूमिका घरेलू सहायकों जैसी कर देना चाहती है। वे कभी नहीं चाहते कि आप डॉक्टर, इंजीनियर और वकील बनें। वे जंगलों को उद्योगपतियों को सौंपना चाहते हैं... देश को 90 आईएएस अधिकारी चला रहे हैं और उनमें से केवल एक आदिवासी है जिसे दिल्ली में किनारे कर दिया गया है। देश में आदिवासियों की आबादी करीब आठ फीसदी है।÷ उन्होंने कथित पक्षपातपूर्ण भूमिका के लिए प्रेस पर भी निशाना साधा और दावा किया कि अधिकांश मीडिया घरानों को उद्योगपति चला रहे हैं। गांधी ने बेरोजगार डिप्लोमा धारकों, स्नातकों को एक साल की प्रशिक्षुता प्रदान करने का वादा भी किया। उन्होंने कहा, अगर हम सत्ता में आए तो बेरोजगार स्नातकों और डिप्लोमा धारकों को प्रशिक्षुता के अवसर देंगे और 8,000 रुपये प्रति माह का भुगतान करेंगे।उन्होंने घोषणा की कि 'इंडिया' गठबंधन गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की पहचान करने के लिए आदिवासी, दलित और ओबीसी समुदायों सहित गरीब लोगों की एक सूची तैयार करेगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने महिलाओं को प्रति माह 8,500 रुपये यानी सालाना एक लाख रुपये प्रदान करने का वादा किया। गांधी ने कहा, कांग्रेस सरकार किसानों के सभी उत्पादों के लिए एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) सुनिश्चित करेगी; मनरेगा दैनिक भत्ता 250 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये किया जाएगा और आशा व आंगनवाड़ी कर्मियों का पारिश्रमिक दोगुना किया जाएगा। जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बारे में गांधी ने कहा कि भाजपा ने आदिवासी मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया है, लेकिन हेमंत सोरेन छूटेगा। इसके जवाब में भीड़ ने नारा लगाया जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा।

### नफरत फैलाने वालों को खारिज करें, कांग्रेस को वोट दें-सोनिया गांधी

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा ने कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के घटक दल संविधान, लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बीच उन्होंने आज एक वीडियो संदेश जारी किया। सोनिया गांधी ने मतदाताओं से अपील की कि झूठ और नफरत फैलाने वालों को खारिज करें, सभी के उज्जवल भविष्य के लिए कांग्रेस को वोट दें। उन्होंने कहा कि आज देश के हर कोने में युवाओं को बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है, महिलाओं को अत्याचार का सामना करना पड़ रहा है, दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों को भयानक भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। यह माहौल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की मंशा के कारण है। उनका ध्यान सिर्फ किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करने पर है।मोदी पर वार करते हुए कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा ने कहा कि उन्होंने राजनीतिक फायदे के लिए नफरत को बढ़ावा दिया है। कांग्रेस पार्टी और मैंने हमेशा सभी की प्रगति, वंचितों को न्याय और देश को मजबूत करने के लिए लड़ाई लड़ी है। गांधी ने कहा कि कांग्रेस और भारत गठबंधन संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए समर्पित है। सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए कांग्रेस को वोट दें और आइए मिलकर एक मजबूत और एकजुट भारत का निर्माण करें।



## इंटरपोल ने प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस का जवाब दिया, 196 देशों को अलर्ट किया गया

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (इंटरपोल) ने सोमवार को जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ जारी ब्लू कॉर्नर नोटिस के संबंध में कर्नाटक की विशेष जांच टीम (एसआईटी) को जवाब दिया।

अपनी प्रतिक्रिया में, इंटरपोल ने कहा कि सभी 196 सदस्य देशों को सतर्क कर दिया गया है कि अगर प्रज्वल रेवन्ना को उनके अधिकार क्षेत्र में किसी भी बंदरगाह पर देखा जाता है तो उसकी पहचान करें और रिपोर्ट करें।कर्नाटक सरकार ने अपने स्टाफ सदस्यों द्वारा यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ रविवार को ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया।

किसी अपराध के बारे में किसी व्यक्ति की पहचान, स्थान या गतिविधियों के बारे में अपने सदस्य देशों से अतिरिक्त जानकारी एकत्र करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय पुलिस सहयोग निकाय द्वारा ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया जाता है।

## अरविंद केजरीवाल को राहत नहीं, 20 मई तक बढ़ाई गई न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को समाप्त हो चुकी उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी। केजरीवाल को पहले दी गई उनकी हिरासत की अवधि समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किया गया था। सीबीआई और ईडी के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सह-अभियुक्त चनप्रीत सिंह की न्यायिक हिरासत भी 20 मई तक बढ़ा दी। यह आदेश शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी को अरविंद केजरीवाल की चुनौती पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के साथ मेल खाता है। जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की दो-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा था कि वह केजरीवाल के लिए अंतरिम जमानत के सवाल पर विचार कर सकती है।कोर्ट ने कहा कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली के निर्वाचित मुख्यमंत्री हैं और मौजूदा लोकसभा चुनाव को देखते हुए मौजूदा हालात असाधारण हैं। ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम जमानत पर दलीलें सुनने पर आपत्ति जताई और कहा कि हम क्या उदाहरण पेश कर रहे हैं? क्या अन्य लोग मुख्यमंत्री से कम महत्वपूर्ण हैं? एक मुख्यमंत्री के साथ %आम आदमी% से अलग व्यवहार कैसे किया जा सकता है। सिर्फ इसलिए कि वह मुख्यमंत्री हैं।सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने केजरीवाल के वकील से कहा कि मुख्यमंत्री को अंतरिम जमानत देना इस शर्त के साथ होगा कि वह आधिकारिक कर्तव्यों का पालन करने से दूर रहेंगे



## मंदिर के भूमि विवाद में हनुमान जी को बनाया सह वादी, हाई कोर्ट ने ठोंका एक लाख जुर्माना



**नई दिल्ली (हि.स.)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने एक निजी भूमि पर कब्जे के संबंध में हनुमान जी को सह वादी बनाने पर याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश दिया है। जस्टिस सी हरिशंकर की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिका खारिज करते हुए जुर्माना लगाने का आदेश दिया।यह मामला उत्तम नगर की जैन कालोनी, पार्ट वन की एक संपत्ति का है। याचिकाकर्ता ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया था कि संपत्ति पर एक सार्वजनिक मंदिर है, इसलिए जमीन हनुमान जी की है। याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट के समक्ष हनुमान जी के निकट मित्र और उपासक के रूप में याचिका दायर की है। हाई कोर्ट ने याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि याचिकाकर्ता ने संपत्ति को कब्जाने के इरादे से साजिश रची और जमीन के मौजूदा कब्जाधारकों से साथ मिलीभगत की, ताकि प्रतिवादी पक्ष को मुकदमे के बाद दोबारा कब्जा हासिल करने से रोका जा सके।कोर्ट ने पाया कि इस मामले में ट्रायल कोर्ट के प्रतिवादियों ने जमीन खाली करने के लिए 11 लाख रुपये मांगे थे और ट्रायल कोर्ट के याचिकाकर्ता ने छह लाख रुपये का भुगतान भी किया। इसके बावजूद प्रतिवादियों ने जमीन खाली नहीं की। इस मामले में प्रतिवादी ही मौजूदा कब्जाधारक हैं। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में याचिकाकर्ता ने ये कहते हुए आपत्ति दर्ज कराई की जमीन पर हनुमान जी का सार्वजनिक मंदिर है और इसलिए वह भूमि हनुमान जी की है। याचिकाकर्ता ने कहा कि हनुमान जी के उपासक होने के नाते उसे भगवान का निकट मित्र होने के नाते उनके हित की रक्षा करने का अधिकार है। याचिकाकर्ता इस मामले में न तो ट्रायल कोर्ट का वादी है और न ही प्रतिवादी, बल्कि वो तीसरा पक्ष है।कोर्ट ने कहा कि जनता के पास निजी मंदिर में पूजा करने का कोई अधिकार नहीं है, जब तक कि मंदिर का मालिक ऐसा उपलब्ध नहीं कराता या समय बीतने के साथ निजी मंदिर सार्वजनिक मंदिर में बदल नहीं जाता है।

### विपक्ष पर बरसे पीएम मोदी

## कांग्रेस और इंडी गठबंधन को ना हमारी आस्था की परवाह है और ना ही देशहित की

**धार ,एजेंसियॉ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के धार में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन को ना हमारी आस्था की परवाह है और ना ही देशहित की। उन्होंने अपने संबोधन की शुरूआत में कहा कि आज सुबह मैं मेरा कर्तव्य निभाने गया था और सुबह मैं वोट करके आपके पास आया हूं। मेरा हमेशा से मत रहा है कि ये लोकतंत्र का उत्सव है और हर नागरिक को इसे उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। आज मैं धार में देख रहा हूं, यहां की माताएं-बहनें जिस तरह से परंपरागत वेशभूषा में आई हैं, जैसे अपने परिवार में कोई अवसर हो। ये लोकतंत्र का मिजाज है।मोदी ने कहा कि एक प्रकार से चुनाव, संस्कार की प्रक्रिया भी है, लोकतंत्र के प्रति समर्पण को और अधिक प्रभावी बनाने का उत्तम अवसर है। धार के मेरे भाई-बहनों ने आज जो ये उत्सव को माहौल बना दिया है, मैं धार के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि आज तीसरे चरण का मतदान चल रहा है। पहले चरण में विपक्ष पस्त पड़ गया था, दूसरे चरण में विपक्ष ध्वस्त हो गया था और आज तीसरे चरण में जो कुछ बाकी रह गया है, वो भी अस्त हो जाएगा। क्योंकि पूरे देश ने ठान लिया है- फिर एक बार मोदी सरकार।



नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस, बाबा साहेब से नफरत करती है, इसी नफरत में अब कांग्रेस ने एक और चाल चली है। कांग्रेस चाहती है कि संविधान बनाने का श्रेय बाबा साहेब को न मिले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कहना शुरू कर दिया है कि संविधान बनाने में बाबा साहेब का योगदान तो कम था, संविधान बनाने में नेहरु जी ने सबसे बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि इन परिवारवादियों ने पहले देश का इतिहास तोड़ा-मरोड़ा, आजादी के महान सपूतों को भुलवा दिया। इन परिवारवादियों ने अपना महिमामंडन करने के लिए झूठा इतिहास लिखा और अब ये संविधान को लेकर भी झूठ गढ़ने लगे हैं।मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लोग एक नई अफवाह उड़ा रहे हैं कि मोदी को 400 सीटें मिल गईं, तो वो संविधान बदल देगा। ऐसा लगता है जैसे कांग्रेस वालों की बुद्धि पर वोट बैंक का ताला पड़ गया है। अरे, इनको पता होना चाहिए कि 2014 से 2019 और 2019 से 2024 मोदी के पास ह्ष्ठ और ह्ष्ठ+ के रूप में 400 सीटों का समर्थन तो था ही। उन्होंने कहा कि मोदी ने 400 सीटों का इस्तेमाल... 370 हटाने के लिए किया, एससी/एसटी के आरक्षण को 10 साल आगे बढ़ाने के लिए किया, एक आदिवासी बेटी को पहली बार देश का राष्ट्रपति बनाने के लिए किया, महिला आरक्षण के लिए किया। उन्होंने कहा कि अब मोदी 400 सीटें इसलिए मांग रहा है... ताकि मैं कांग्रेस और इंडी गठबंधन की हर साजिश को रोक सकूं, ताकि कांग्रेस कश्मीर में धारा 370 फिर से लागू न कर दें, ताकि अयोध्या के राम मंदिर पर बाबरी, ताला न लगा दे, ताकि कांग्रेस देश की खाली जमीन, खाली द्वीप दूसरे देशों को न सौंप दे. ताकि एससी/एसटी/ओबीसी को मिले आरक्षण पर कांग्रेस वोट बैंक के लिए डाका न डाले. ताकि कांग्रेस अपने वोट बैंक की सभी जातियों को रातों रात ओबीसी न घोषित कर दे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण के दलदल में ऐसा धंस चुकी है कि उसे और कुछ नजर नहीं आ रहा। कांग्रेस की चली तो कांग्रेस कहेगी कि भारत में जीने का पहला हक भी उसके वोट बैंक का है। मोदी ने कहा कि जब तक मोदी जिन्दा है, नकली सेक्युलरिज्म के नाम पर भारत की पहचान मिटाने की कोई भी कोशिश मोदी सफल नहीं होने देगा। और ये हजारों वर्ष पुराने भारत को, उसकी इस संतान की गारंटी है।

## जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षाबलों की बड़ी कामयाबी

### लश्कर के टॉप कमांडर बासित अहमद डार समेत तीन आतंकी ढेर



**कुलगाम,एजेंसियॉ।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में मंगलवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान तीन आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों के हवाले से बताया कि सुरक्षा बलों ने इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सोमवार देर रात कुलगाम के रेडवानी इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था। हालाँकि, तलाशी अभियान मुठभेड़ में बदल गया जो मंगलवार तक जारी रहा। आतंकवादियों के शवों की पहचान और बरामदगी अभी बाकी है। 28 अप्रैल को आतंकवादियों के साथ एक संक्षिप्त मुठभेड़ में एक ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) के मारे जाने के बाद 1 मई को सुरक्षा एजेंसियों ने आतंकवादियों के दो समूहों को ट्रैक करने के लिए कठुआ जिले में खोज अभियान का दायरा बढ़ा दिया था।यह मुठभेड़ चोचरू गाला हाइट्स के सुदूर पनारा गांव में हुई। 29 अप्रैल को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (जम्मू क्षेत्र) आनंद जैन ने कहा कि हाल ही में सीमा पार से घुसपैठ करने के बाद आतंकवादियों के दो समूह क्षेत्र में मौजूद थे। जनवरी के हमीने में सेना के काफिले पर संदिग्ध आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी की थी। सुरक्षा अधिकारियों को भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमले में आतंकियों के उसी समूह की संलिप्तता का संदेह है। जिन्होंने पिछले साल 21 दिसंबर को बुफलियाज इलाके में सेना की गाड़ियों पर घात लगाकर हमला किया था।

### चुनावी चकल्लस

**सरगर्मी है तेज बढ़ रही नेताओं के जोश बढ़ रहे**
**हार जीत को लेकर अच्छे अच्छो के होश उड़ रहे**
**बहस चल रही हम जीतेंगे वो जीतेंगे ये जीतेंगे**
**अपने अपने नेताओं के पक्ष में देखो बहस गढ़ रहे ।**



**डा .श्याम शंकर शुक्ल श्याम**
**वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार**

# फास्ट फूड से बढ़ता है अस्थमा अटैक का खतरा- डॉ तोमर

## विश्व अस्थमा दिवस 2024 के अवसर पर बचाव एवं नियंत्रण विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** राजकीय यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय हिम्मतगंज प्रयाग राज के हकीम अहमद हुसैन उस्मानी सभागार में विश्व अस्थमा दिवस 2024 की थीम «अस्थमा शिक्षा सशक्त» के अंतर्गत अस्थमा से बचाव एवं नियंत्रण विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

यह सेमिनार विश्व आयुर्वेद मिशन के सहयोग से क्रियान्वित किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वसीम अहमद ने अपने अध्यक्षीय भाषण में सभी अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन किया।

आयुर्वेदिक प्रणाली से आयुर्वेद व यूनानी चिकित्सा संकाय के पूर्व डीन प्रोफेसर जीएस तोमर ने कहा कि आयुर्वेद में हजारों साल पहले चरक संहिता में इस बीमारी का जिक्र है, जिसमें इस बीमारी से बचने के उपाय भी विस्तार से बताए गए हैं। उन्होंने रेस्पीकल्प एवं आस्थाकल्प पर अपने चिकित्सीय अनुभव साझा करते हुए इन्हें अस्थमा की चिकित्सा में बहुत लाभकारी बताया।

फास्ट फूड से भी अस्थमा अटैक का खतरा बढ़ जाता है।

विशिष्ट अतिथि डॉ. शांति चौधरी, वरिष्ठ शोधकर्ता, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य इस बीमारी के बारे में जनता में जागरूकता पैदा करना है ताकि लोग निवारक उपाय अपना सकें।

मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज के पल्मोनोलॉजिस्ट प्रोफेसर तारिक महमूद ने अस्थमा पर एक बहुमूल्य व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने बताया कि अस्थमा एक पुरानी बीमारी है और इसके कारकों को रोकथाम के माध्यम से इससे बचा जा सकता है। होम्योपैथी पद्धति के प्रोफेसर एसएम सिंह, पूर्व निदेशक साईनाथ पीजी इंस्टीट्यूट ऑफ होम्योपैथी, प्रयाग राज ने अपने संबोधन में इस बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए व्यक्ति एवं लक्षणों अनुसार चिकित्सा होम्योपैथी की विशेषता है।

प्रसिद्ध यूनानी चिकित्सक एवं राजकीय यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, प्रयागराज के त्वचा विज्ञान एवं सौंदर्यशास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर बरकतुल्लाह नदवी ने अपने सम्बोधन में कहा कि यूनानी चिकित्सा पद्धति में इस बीमारी का इलाज बिल्कुल स्पष्ट है, लेकिन इसके उपचार चिकित्सा में वर्णित सिद्धांतों के अनुसार ही उपचार करना चाहिए। आमतौर पर डॉक्टर उपचार के सिद्धांतों की अनदेखी करते हैं, जिससे रोग और अधिक गंभीर हो जाता है।

कार्यक्रम का आयोजन डॉ. फ़िरदौस अनीस द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. नजीब हंजला अम्मार द्वारा प्रस्तुत किया गया। सेमिनार में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, छात्र एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ।

# यह चुनाव राष्ट्रद्रोहियों के खिलाफ भाजपा का महासंग्राम है- संजय भाटिया




**प्रयागराज।** फूलपुर लोकसभा की चुनाव संचालन समिति की बैठक फूलपुर लोकसभा केंद्रीय कार्यालय जॉर्ज टाउन क्लब में आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रयागराज प्रवास के दौरान उत्तर प्रदेश चुनाव सह प्रभारी एवं करनाल हरियाणा के सांसद संजय भाटिया ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इन 10 वर्षों में जो परिवर्तन आज दिखाई पड़ रहा है उससे देश वास्तव में मजबूत हुआ है।

उन्होंने कहा कि पहले भी यूपीए सरकार में देश के सैनिक थे और उस समय जब पाकिस्तान गोली चलाता था तो हमारे देश के सैनिक सिर्फ बचाव करते थे क्योंकि उस समय हमारे देश के सैनिकों के हाथ यूपीए सरकार ने बांध रखे थे। लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान की हर गोली का जवाब देश के सैनिक गोले के साथ दे रहे हैं और पाकिस्तान के अंदर घुसकर मार रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि यूपीए सरकार में अनाज को सड़ने दिया जाता था और सड़े हुए अनाज को शराब फैक्ट्री की कंपनियों को बेचकर कांग्रेस के नेता कमीशन खाते रहे और शराब फैक्ट्रियों को लाभ पहुंचाते रहे लेकिन आज मोदी सरकार में अब अनाज सड़ते नहीं बल्कि इस देश के 80 करोड़ लोगों को निशुल्क दिया जाता है ताकि कोई देशवासी भूख सो ना सके।

बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने किया और सांसद संजय भाटिया का स्वागत किया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि बैठक में उन्होंने चुनाव से संबंधित तैयारियों की चर्चा की।

बैठक में प्रमुख रूप से लोकसभा प्रभारी बालेंदु मणि त्रिपाठी, संयोजक विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, प्रवासी ओमप्रकाश तिवारी, एमएलसी निर्मला पासवान, जिला अध्यक्ष गंगा पर कविता पटेल, विधानसभा संयोजक संजय गुप्ता, प्रभारी अनुज कुमार परिहार, मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी, बृजेश त्रिपाठी, राघवेंद्र सिंह, सचिन जायसवाल, आनंद सुदर्शन वैश्य, नीरज पांडे, विवेक मिश्रा, आनंद जायसवाल, राजेश गोंड़ संजय श्रीवास्तव, आनंद दुबे आदि कोर कमेटी के पदाधिकारी रहे।

# प्रख्यात लेखिका डॉ आशा उपाध्याय साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित



**प्रयागराज।** साहित्यिक शैक्षिक उपलब्धियां के लिए हंसवाहिनी संस्था ने प्रख्यात लेखिका, शिक्षाविद डॉ आशा उपाध्याय को साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।
अखिल भारतीय साहित्यिक सामाजिक सांस्कृतिक संस्था

हंसवाहिनी के तत्वाधान में सम्मान समारोह एवं विचार गोष्ठी प्रख्यात साहित्यकार सुधांशु उपाध्याय के अध्यक्षता में उनके निज निवास अशोकनगर में आयोजित हुई। जिसमें संस्था के महासचिव शैलेंद्र मधुर, सचिव, डॉ आभा श्रीवास्तव, युवा कवि अमित जौनपुरी, योगेश ओझा झमाझम ने डॉ आशा उपाध्याय को उनकी साहित्यिक एवं शैक्षिक सामाजिक गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान हेतु साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया। सम्मान में अंगवस्त्रम, पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

उक्त अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए प्रख्यात साहित्यकार सुधांशु उपाध्याय ने कहा कि संस्कार एवं सम्मान से सामाजिक विसंगतियों को दूर किया जा सकता है। प्रख्यात शिक्षाविद् अनेक सम्मान से अलंकृत लेखिका डॉ आशा उपाध्याय ने साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित होने के पश्चात अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा संस्कारों की जननी है, आज की युवा पीढ़ी को आवश्यकता है कि अपनी संस्कृति का सम्मान करते हुए साहित्य और संस्कृति की पताका को न केवल उच्च शिखर तक पहुंचाने का कार्य करें बल्कि गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत अपने गुरुजनों एवं श्रेष्ठ जनों का सम्मान करें।

संस्था की सचिव एवं प्रख्यात उद्घोषिका डॉ आभा श्रीवास्तव मधुर ने संचालन करते हुए कहा कि डॉ आशा उपाध्याय प्रयाग की गौरव है। महासचिव प्रख्यात गीतकार शैलेंद्र मधुर ने कहा कि वरिष्ठ जनों से युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। डॉ आशा उपाध्याय का साहित्य लेखन चुनौतियों को स्वीकार करता है।

युवा कवि अमित जौनपुरी ने कहा कि डॉ आशा उपाध्याय का सम्मान प्रयागराज शहर का सम्मान है।

विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह में उत्कर्ष, नजर इलाहाबादी, जितेंद्र मिश्रा जलज, अनुकृति दिविषा एवंअन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रयागराज जंक्शन में पहली बार स्लीपिंग पॉड का लुत्फ उठाएं

## इसी महीने शुरू हो रही है स्लीपिंग पॉड की सुविधा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ में करोड़ों की संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के कुंभ नगरी प्रयागराज पहुंचने का अनुमान है। सरकार की तरफ से इनके ठहरने के लिए के लिए नव्य व्यवस्था की जा रही है। पहली बार इनके ठहरने के लिए स्लीपिंग पॉड की भी व्यवस्था की जा रही है जिसे इसी महीने यात्रियों के लिए खोल दिया जाएगा। महाकुंभ आने वाले यात्रियों और पर्यटकों में सबसे बड़ी तादाद ट्रेन से आने वाले लोगों की होती है। इनके ठहरने के लिए प्रयागराज जंक्शन में पहली बार स्लीपिंग पॉड भी तैयार किए गए हैं। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज डिविजन में प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन में ये स्लीपिंग पॉड तैयार हो रहे हैं। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय के मुताबिक जंक्शन रेलवे स्टेशन के सिविल लाइंस साइड में पौने दो करोड़ की लागत से 115 स्लीपिंग पॉड बनकर तैयार हो गए हैं। तैयार हुए इन स्लीपिंग पॉड में 20 लेडीज यात्रियों के लिए 16 कपल के लिए और 04 फैमिली के लिए होंगे। दो मंजिला भवन में इनका निर्माण पीपीपी मॉडल पर दिल्ली की एक कंपनी पीयूष ट्रेडर्स ने किया है जो अब लगभग बनकर तैयार हैं। स्लीपिंग पॉड में अब केवल एसी कनेक्शन का कार्य बाकी है। मई महीने के आखिर तक यह सेवा यात्रियों के लिए खोल दी जायेगी। स्लीपिंग पॉड दरअसल एक कैप्सूल के आकार के चैंबर होंगे जो सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगे । रेल यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ये पॉड तैयार किए गए हैं। पॉड में यात्री के आराम से सोने के साथ ही अपने आवश्यक कार्यों को भी पूरा करने की सभी सुविधाएं होगी । पूरी तरह वातानुकूलित इस पॉड में चार्जिंग और पेय जल की सुविधा भी होगी । पॉड की सुविधा लेने वाले यात्रियों को क्लॉक रूम, रिसेप्शन बूथ, वाशरूम/टॉयलेट और हाउस पेंट्री की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। इसका किराया 12 घंटे के लिए 500 से 1500 के बीच होगा।

इसके लिए ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा प्रदान की गई है।

# 280 वकीलों के परिवार को मिलेंगे 5-5 लाख रुपये

## उत्तर प्रदेश में न्यासी समिति ने लिया निर्णय महाधिवक्ता कैंप कार्यालय में हुई बैठक

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश न्यासी समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है कि यूपी के 280 वकील जिनकी मौत हो चुकी है उनके परिवारों को 5-5 लाख रुपए दिए जाएंगे। पिछले सालों में 70 साल से कम उम्र में जिन वकीलों की मौत हुई है उन वकीलों के परिवारों को आर्थिक मदद के तौर पर पांच` 5 लाख देने की स्वीकृति प्रदान की गई है। ऐसे 280 अधिवक्ताओं की सूची पर अंतिम मुहर लग गई है।

महाधिवक्ता कैंप कार्यालय में इस मामले को लेकर हुई बैठक की अध्यक्षता महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्रा ने की। इस बैठक में समिति के सदस्य बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ बार काउंसिल सदस्य जानकी शरण पांडे एवं प्रदीप कुमार सिंह की उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि वकीलों के परिवारों के कुल 400 आवेदन प्राप्त हुए हैं इनमें 280 परिवारों की अर्जी मंजूर की गई है। शेष पर अगले बैठक में विचार किया जाएगा। राज्य सरकार की योजना के तहत 70 साल से कम आयु के अधिवक्ताओं की मौत पर परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए दिए जाते हैं। जिस पर विचार करने के लिए समिति की बैठक बुलाई गई थी।

# रिजवी क्लब को मिली जीत

**प्रयागराज।** रिजवी क्रिकेट क्लब ने प्रयाग क्रिकेट क्लब को 11 रन से हराकर प्रयाग क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित आबिद मुर्तजा स्मारक अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए है। मंगलवार को डीएवी कॉलेज मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रिजवी क्रिकेट क्लब ने 31.5 ओवर में 140 रन व अवनीश कुमार 1 -1 विकेट, ) पर बनाए। जवाब में प्रयाग क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 33.4 ओवर में 129 रन पर सिमट गई। मैच में तौसीफ शैख व अभिषेक मिश्रा ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की।

# पहले मतदान करें,फिर जलपान करें - मुकेश द्विवेदी



**लालापुर (प्रयागराज)।** भजन गायक मिश्र बंधु ने भजन के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोगों से अपील की और कहा भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहाँ की संघीय सरकार प्रत्येक पाँच वर्ष के अंतराल पर चुनाव के माध्यम से चुनी जाती है। देश के नागरिक इस चुनावी प्रक्रिया में सीधे तौर पर भाग लेते हैं।भारतीय संविधान के अनुसार देश में नियमित, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव आयोजित करने का अधिकार निर्वाचन आयोग को प्राप्त है। चुनाव आयोजित करने एवं चुनाव के बाद के विवादों से संबंधित सभी विषयों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है। वरिष्ठ समाज सेवी मुकेश द्विवेदी ने मिश्र बंधु के भेंट स्वरूप राम मंदिर की स्मृति चिन्ह दिया और कहा सभी लोग घर से निकले, पहले वोट करें फिर उसके बाद जलपान करे, मतदान सब को करना है,जीवन में एक वोट बहुत महत्वपूर्ण होता है, आपके एक वोट से किसी भी पार्टी का जीतहार सुनिश्चित करता है समाजसेवी मुकेश द्विवेदी ने कहा,मतदान करना हमारा पहला कर्तव्य है इसलिए मतदान करने से न चुके मतदान कर अपने कर्तव्य का पालन करें।

# सरदार पटेल इण्टरमीडिएट कालेज सिकरो के मेधावियों को चेयरमैन ने किया पुरस्कृत



**कोरांव (प्रयागराज)।** कोरांव का सरदार पटेल इंटरमीडिएट कॉलेज सिकरो अपनी शैक्षिक व्यवस्था को लेकर हमेशा से सुर्खियों में रहा है। जबसे कालेज में बतौर प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया है तबसे कालेज के छात्र छात्रा प्रति वर्ष यूपी बोर्ड की परीक्षा में प्रदेश से लेकर जिले स्तर तक अपना परचम लहराते हैं। सत्र 2023 - 24 की बोर्ड परीक्षा में भी सरदार पटेल इण्टरमीडिएट कालेज के छात्र छात्राओं ने कालेज सहित क्षेत्र का मान बढ़ाया है। जनपद व प्रदेश की श्रेष्ठता सूची में जिन मेधावियों ने नाम रोशन किया है उनमें श्रेया मिश्रा पुत्री दीपक मिश्रा पड़रिया कोरांव प्रदेश में 6 वॉ स्थान प्राप्त किया , आकांक्षा तिवारी पुत्री प्रमोद कुमार तिवारी सिकरो कोरांव प्रदेश में 10 वॉ स्थान , शिवम मिश्रा पुत्र गुलाब शंकर मिश्रा कोरांव प्रयागराज जनपद में 5 वॉ स्थान , श्रद्धा सिंह पुत्री रुद्र प्रताप सिंह कोरांव जनपद प्रयागराज में 6 वॉ स्थान प्राप्त किया। मेघावी छात्र छात्राओं को नगर पंचायत कोरांव के नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी द्वारा मंगलवार को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया गया व छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन ओम प्रकाश केशरी ने कहा कि यूपी बोर्ड की परीक्षा में सरदार पटेल इण्टरमीडिएट कालेज प्रति वर्ष क्षेत्र को गौरवान्वित कर रहा है। कालेज की शैक्षणिक व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए उन्होंने शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। समापन अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ अवधेश सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभासद बृजेन्द्र तिवारी (जेहली) , मुस्तफा गाँधी , राजकुमार केशरी , सनवर अली अमरेंद्र केशरी उमाशंकर केशरी अनूप केशरी तथा घनश्याम स्वर्णकार आई टी संयोजक तथा शिक्षक यदुवीर सिंह अभयराज सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# सपा का पीडीए फार्मूला भाजपा को सत्ता से करेगा दूर-श्यामलाल पाल

## सपा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का आज पार्टी कार्यालय मे पहुँचने पर हुआ भव्य स्वागत

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का आज पार्टी कार्यालय मे आगमन पर भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार गृह जनपद में आये श्यामलाल पाल ने कार्यालय मे पार्टी जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पी. डी. ए. की मजबूती ही भाजपा को सत्ता से दूर करेगा। लोकतंत्र की मजबूती, संविधान की सुरक्षा, बेरोजगारों को रोजगार, किसानों को एम एस पी, महिलाओं की सुरक्षा,पुरानी पेंशन, किसानों की कर्ज माफ़ी, गरीबों को निःशुल्क इलाज जैसे मुद्दों को लेकर इण्डिया गठबंधन चुनाव मैदान में है। वहीं भाजपा और उसका एन डी ए गठबंधन मंदिर मस्जिद, हिन्दू मुसलमान में अटका हुआ है। उसे देश के आम आदमी की मूलभूत समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल पीडी पार्क स्थित डॉ लोहिया एवं



हाईकोर्ट चौराहे स्थित डॉ अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन करने के बाद सीधे कन्नौज जिले के लिए रवाना हो गए।

इस दौरान जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, विधायक गण श्रीमती विजमा यादव, गीता शास्त्री, संदीप पटेल, पूर्व सांसद धर्म राज पटेल, पंधारी यादव,पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह,पूर्व विधायक गण जोखूलाल यादव, बासुदेव यादव, राधेश्याम पटेल, सत्यवीर मुन्ना,डॉ राजेश, दूध नाथ पटेल, शांति प्रकाश पटेल, राम अवध पाल, संदीप यादव, रविन्द्र यादव, योगेश यादव, दान बहादुर मधुर, कृष्ण मूर्ति सिंह, इंजी विक्रम सिंह, महबूब उस्मानी, मुशताक काजमी, डॉ आकाश यादव,तारिक सईद अज्जू, सचिन श्रीवास्तव, कुलदीप यादव, नाटे चौधरी, अमर बहादुर पाल, आशीष पाल एडवोकेट, संजीव यादव आदि सहित सैकड़ों की संख्या में सपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ट्रक ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर, पिता पुत्र की मौत



**बारा(प्रयागराज)।** घूरपुर थाना क्षेत्र के एन एच 30 पर कांटी गांव के समीप सोमवार की शाम भूसा लाद कर जा रहे ट्रैक्टर को पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए वहीं ट्रैक्टर पर बैठे पिता पुत्र सहित 6 लोग सड़क पर बिखर गए पिता की घटनास्थल पर मौत हो गई वहीं इलाज के दौरान पुत्र भी मौत का शिकार हुआ।जबकि स्थानीय लोगों द्वारा ड्राइवर सहित ट्रक को पकड़ लिया।बताया जा रहा है कि रेही बैजला निवासी अमृत लाल यादव 65 पुत्र रामपियारे यादव अपने बड़े पुत्र बृज किशोर यादव व पुत्र बैजनाथ एवं तीन लेबरों के साथ साम को रेही बैजला से भूसा लादकर बेटे के ससुराल जसरा हरिओम यादव के घर ले जा रहे थे लगभग 9:00 बजे जैसे ही कांटी गांव के पास पहुंचे पीछे से सिलेंडर लादकर आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे ट्रॉली सहित ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए और सभी लोग सड़क पर बिखर गए और तड़पने लगे स्थानीय लोगों के द्वारा 108 एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा भेजा गया जहां पर पिता अमृतलाल को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया वहीं बृज किशोर पुत्र अमृतलाल व फूलचंद आदिवासी पुत्र अमर बहादुर की हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया वही बैजनाथ पुत्र अमृतलाल का प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया वहीं घटना की सूचना परिजनों को हुई तो रोते बिलखते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा पहुंचे घूरपुर थाना प्रभारी केशव वर्मा ने अमृतलाल यादव के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया वहीं जिला अस्पताल में इलाज के दौरान बृज किशोर यादव 35 की मौत हो गई वहीं मृतक बृजकिशोर का 12 वर्षीय मासूम पुत्र है इसकी सूचना जब परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गयामंगलवार को शाम 5:00 बजे जब पिता पुत्र का शव पोस्टमार्टम से घर पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया वही घर पर पहुंचे ग्रामीण और रिश्तेदारों ने भी आंसू नहीं रोक सके। मृतक बृज किशोर की पत्नी व पुत्र का रो-रो बुरा हाल हो गया वही पिता पुत्र की साथ में अर्थी सजाई गई और साथ में सुजावन देवघाट पर अंतिम संस्कार किया गया घूरपुर थाना प्रभारी केशव वर्मा द्वारा बताया गया कि मुकदमा पंजीकृत कर ट्रक और ड्राइवर को कब्जे में ले लिया गया है

# प्रसव के बाद महिला की मौत, हंगामा

## निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप, परिजनों ने दी तहरीर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के रामनगर स्थित एक अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की हालत गंभीर हो गई, उसे शहर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है। कुछ ही देर में नवजात बच्चे की भी मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने रामनगर अस्पताल के सामने हंगामा शुरू कर दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को मेजा थाना क्षेत्र के मनू का पूरा गांव निवासी रोहित बिंद की पत्नी सोनम को प्रसव पीड़ा हुई। परिवार के लोग रामनगर स्थित लक्ष्मी हास्पिटल में उसे भर्ती कराया। प्रसव के बाद महिला की हालत गंभीर हो गई।हालात बिगड़ने पर उसे शहर के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान महिला सोनम (28)



की मौत हो गई और कुछ देर बाद उसके बच्चे की भी मौत हो गई। जच्चा बच्चा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

सूचना पर मृतका के मायके वाले भी रोते बिलखते आ गए। पीड़ित परिवार अस्पताल की लापरवाही बताकर हंगामा शुरू कर दिया।सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी सिरसा कुलदीप शर्मा ने बताया कि महिला सोनम बिंद के देवर कौशलेश बिंद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अस्पताल की लापरवाही से महिला व नवजात की मौत हुई है।पुलिस तहरीर लेकर जांच में जुटी हुई है। क्षेत्र में आए दिन अस्पतालों में इस तरह की घटनाएं होती हैं।स्वास्थ्य महकमा बेखबर बना हुआ है।

# पत्रकार के पिता की असामयिक मृत्यु पर शोक

**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़(प्रयागराज)।** होलागढ़ के एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार अभिषेक शुक्ल के पिता की सोमवार की शाम हृदयाघात से एसआरएन अस्पताल प्रयागराज में मृत्यु हो गई।तरती,हंसराजपुर निवासी 69 वर्षीय हरिश्चंद्र शुक्ल पांच भाईयो में तीसरे नंबर के रहे। तीन बेटा राम कृष्ण,राम कृपाल ,अभिषेक और पत्नी बिटोला सहित भाई ब्रह्म देव शुक्ल,राम बाबू और राकेश आदि का रो रो कर बुरा हाल रहा।बड़े बेटे राम कृष्ण ने मंलवार को श्रृंगवेरपुर गंगा घाट पर मुखाग्नि दी।पत्रकार के पिता के निधन पर डाक्टर वशिष्ठ नारायण शुक्ल,शैलेंद्र बहादुर सिंह,प्रधान



प्रतिनिधि प्रदीप यादव,शिक्षक नेता राकेश मिश्र नगरहा, बब्बू यादव,पत्रकार नवल किशोर मिश्र, ओम प्रकाश मिश्र, सत्य प्रकाश मिश्र,राकेश यादव, राकेश शुक्ल,राम मूरत मौर्य आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया ।

# दौलत हुसैन की जीत में अनस और विशेष चमके

**प्रयागराज।** दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने एंग्लो बंगाली क्रिकेट क्लब को 15 रन से हराकर कर्नल एमआर शेरवानी सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में अनस अहमद (63 रन, 79 गेंद, नौ चौके, दो छक्के) एवं विशेष आनंद (25 रन एवं तीन विकेट) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने मंगलवार को अपने मैदान पर 37.4 ओवर में 172 रन बनाए। जवाब में एंग्लो बंगाली क्लब 35.4 ओवर में 157 रन पर सिमट गई।

# इंडिया गठबन्धन प्रत्याशी ने किया जनसम्पर्क



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल के समर्थन में गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान को तेज किया है। इसी क्रम में मंगलवार को गठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ लोक सभा के प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल ने विधानसभा विश्वनाथगंज क्षेत्र के अकौड़िया, सरोजिनी मोंटेसरी स्कूल भगवतगंज, सगरा सुंदरपर अकारी का पुरवा, अकरिपुर मांधाता, मान्धाता बाजार, पूरे बीरबल लक्ष्मणपुर, गोसाईपुर, सराय मुरार सिंह सहित विभिन्न क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क करने के साथ ही कई कार्यक्रमों में शिरकत कर लोगों से मुलाकात कर अपने पक्ष में मत देकर भारी मतों से जिताने की अपील किया। वहीं सगरा सुंदर पुर के अकारी का पुरवा में आयोजित जनसभा में शामिल हुए। इस दौरान इण्डिया गंठबंधन के प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार को किसानों और नौजवानों तथा मध्यम वर्ग की तकलीफें की कोई चिन्ता नहीं है। किसान लागत तक पाने के लिए खेती की रखवाली करने की पीड़ा झेल रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भ्रमण के दौरान देखने को मिल रहा है कि जनता भाजपा सरकार के कामकाज से कतई संतुष्ट नही है। श्री पटेल ने कहा कि इण्डिया गठबंधन की सरकार बनते ही की गई घोषणा को लागू कर जनता को राहत पहुंचाने का कार्य किया जायेगा।इस मौके पर डॉ हरिश्चंद्र पटेल, विजय यादव, अतुल सिंह, राहुल त्रिपाठी, सोनू पांडेय, रोहित सिंह, बाबूलाल शुक्ला, रामनरेश वर्मा, अमन पटेल, साहिल खघन, इमरान खघन प्रधान, नन्हे पाल, शैलेंद्र पटेल, इंद्रेश यादव, मेवा लाल, राजू सरोज, अमृतेश सिंह, बृजेश कुमार, अनूप सरोज आदि लोग मौजूद रहे।

## दबंगो ने दलित परिवार का नवनिर्मित दीवार गिराया



लोकमित्र ब्यूरो

**बाघराय प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र के माली का पुरवा पुवांसी गांव की किरन गौतम पत्नी शंकर लाल ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि पड़ोस के दर्जनों दबंगों ने मंगलवार को दिन में नवनिर्मित दीवार को तोड़कर गिरा दिया । विरोध करने पर पूरे परिवार को बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया। दर्जनों की संख्या में दबंगों ने जाति सूचक गाली देते हुए पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता किरन गौतम ने पुलिस से कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# चुनाव का पर्व, देश का गर्व बैनर लगा




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के क्रम में आज जिलाधिकारी,जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन व मुख्य विकास अधिकारीध्प्रभारी अधिकारी कार्मिक नवनीत सेहारा के आदेशानुसार अपर जिलाधिकारी,उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ त्रिभुवन विश्वकर्मा व उप शिक्षा निदेशक,जिला विद्यालय निरीक्षक,नोडल अधिकारी स्वीप प्रतापगढ़ सरदार सिंह के निर्देशन व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह,प्रधानाचार्य संत एंथोनी इंटर कालेज प्रतापगढ़ फादर आनंद कुमार जॉन के संयोजन में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत संत एंथोनी इंटर कालेज प्रतापगढ़ में चुनाव का पर्व देश का गर्व लिखित बैनर स्थापित किया गया।.इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी,अधिकारी कार्मिक प्रतापगढ़ नवनीत सेहारा,जिला विकास अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी प्रतापगढ़ राकेश प्रसाद,जिला विद्यालय निरीक्षक एवं उप शिक्षा निदेशक प्रतापगढ़ सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ भूपेंद्र सिंह,डॉ विंध्याचल सिंह, कुलश्रेष्ठ तिवारी, बृजेश मिश्रा, फादर आनंद कुमार जान, धर्मेंद्र ओझा एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।. इस अवसर पर सुपर मास्टर ट्रेनर डॉ विंध्याचल सिंह,डॉ मोहम्मद अनीस और धर्मेंद्र कुमार ओझा उपस्थित रहे।

# प्रेक्षक ने प्रशिक्षण केन्द्रों का किया निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के क्रम में जनपद प्रतापगढ़ में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को जनपद प्रतापगढ़ में निष्पक्ष , शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न करने के लिए जनपद प्रतापगढ़ के प्रेक्षक पवन कुमार मालापति द्वारा जनपद के निर्वाचन प्रशिक्षण केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ एवं संत एंथोनी इंटर कालेज प्रतापगढ़ का निरीक्षण किया तथा महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी,अधिकारी कार्मिक प्रतापगढ़ नवनीत सेहारा,जिला विकास अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी प्रतापगढ़ राकेश प्रसाद,जिला विद्यालय निरीक्षक एवं उप शिक्षा निदेशक प्रतापगढ़ सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ भूपेंद्र सिंह,डॉ विंध्याचल सिंह, कुलश्रेष्ठ तिवारी, बृजेश मिश्रा, फादर आनंद कुमार जान, धर्मेंद्र ओझा एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।. इस अवसर पर सुपर मास्टर ट्रेनर डॉ विंध्याचल सिंह,डॉ मोहम्मद अनीस और धर्मेंद्र कुमार ओझा उपस्थित रहे।

## रंजिश को लेकर छप्पर में लगाई आग, मुकदमा दर्ज

**उदयपुर, प्रतापगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पूरे चौन खानीपुर गांव निवासी राजेश सिंह पुत्र रामनरेश सिंह ने थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि 21 अप्रैल को गांव के मनोज सिंह, ददन सिंह पुत्र गण रामनरेश सिंह ,जगदीश सिंह पुत्र ददन सिंह, प्रदीप सिंह पुत्र मनोज सिंह एक राय होकर मेरे जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे थे। मना करने पर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारपीट पर आमादा हो गए तथा धमकी देते हुए छप्पर में आग लगा दिया। जिससे गेहूँ एवं प्लास्टिक की पाइप आदि जलकर राख हो गई । पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर दिया है।

# अन्यदाता सम्मेलन को लेकर मण्डल लक्ष्मणपुर मे हुई बैठक

## मन्दिर निर्माण नहीं किया तो हिन्दू समाज करेगा धरना प्रदर्शन- समाजसेवी संजय शुक्ल

लोकमित्र ब्यूरो

**लीलापुर-प्रतापगढ़।** आज भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष संजय शुक्ल की अध्यक्षता मे ग्राम सभा डांडी के धौरहरा मे बैठक हुई सम्पन्न। जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा विजय मिश्र द्वारा सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए, विधानसभा विश्वनाथगंज के मान्धाता मे हो रहे अन्नदाता सम्मेलन में सभी किसान भाईयो व जनता जनार्दन को पहुंचने की अपील की।

इस अवसर पर बैठक को सम्बोधित करते हुए किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मुरलीधर उपाध्याय ने प्रधानमंत्री की नीतियों और योजनाओं एवं धारा 370 पर प्रकाश डाला,



व मण्डल अध्यक्ष संजय शुक्ल ने पार्टी की नीतियों पर प्रकाश डालते हुए डा. कलाम आधारशिला स्कूल के सामने गैर समुदाय द्वारा तोड़े गए मन्दिर के पुनरनिर्माण पर आये हुए अतिथियों का ध्यानआकर्षण किया।

गहरी शकुहाबाद में भी सभी पदाधिकारियों ने एक मत होकर संगमलाल गुप्ता के पक्ष में वोट करने को कहा विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल ने मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पंकज मिश्र, कोषाध्यक्ष दुर्गेश तिवारी, मण्डल उपाध्यक्ष प्रशांत मिश्र, मण्डल मंत्री प्रमोद शुक्ल, संगीता रजक, सुरेंद्र कोरी,सेक्टर संयोजक संतोष शुक्ल, बूथ अध्यक्ष स्नेहिल शुक्ल, मतीन लाला,बृजेश शुक्ल,सुनील शर्मा,अनवर लाला,अभय शुक्ल, देवेंद्र शुक्ल ,मोहित रजक,नौसाद लाला, रामलाल सरोज, संगीता, चकडहिन, सावित्री, खेलावन, अर्चना आदि उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता को विद्यालयों में अंत्याक्षरी प्रतियोगिता आयोजित

## सडक सुरक्षा को दिलाई गई शपथ



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी,जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन व मुख्य विकास अधिकारी,प्रभारी अधिकारी कार्मिक नवनीत सेहारा के आदेशानुसार अपर जिलाधिकारी,उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ त्रिभुवन विश्वकर्मा व उप शिक्षा निदेशक,जिला विद्यालय निरीक्षक,नोडल अधिकारी स्वीप प्रतापगढ़ सरदार सिंह के निर्देशन व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह के संयोजन में जनपद प्रतापगढ़ के सभी शिक्षण संस्थाओं में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत अंत्याक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।.प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह के संयोजन में राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ में विकास कुमार सिंह, योगेश कुमार सिंह, प्रतीक कुमार सिंह,अरविंद कुमार विश्वकर्मा, दिवाकर सिंह पटेल, अभिनव तिवारी, दिवाकर तिवारी, मोनिका पांडेय,विजय पांडेय के द्वारा विद्यार्थियों की सहभागिता से एक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई तथा मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत में सहभागिता हेतु प्रेरित किया गया तथा सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई.।

इसी प्रकार राजकीय बालिका इंटर कालेज मानिकपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य ऋचा श्रीवास्तव के निर्देशन में,पीबी इंटर कालेज प्रतापगढ़ सिटी प्रतापगढ़ के प्रधानाचार्य डॉ अनूप सिंह के निर्देशन में, एपीएस इंटर कालेज भदोही एमपी मिश्रा के निर्देशन में,शंकर विद्यालय इंटर कालेज कटैया प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ राघवेंद्र कुमार पांडेय के निर्देशन में, तुलसी इंटर कालेज बाबूगंज जमेठी कुंडा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अनुपम ओझा के निर्देशन में, रामराज इंटर कालेज पट्टी प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य रमेश मिश्रा के निर्देशन में,इस्लामिया इंटर कालेज रामपुर बजहा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अंसार अहमद के निर्देशन में,अमर जनता इंटर कालेज कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ स्निग्धा पांडेय के निर्देशन में,राजकीय उमावि रसूलपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अशोक कुमार के निर्देशन में, अबुल कलाम आजाद इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य मो आजाद अहमद के निर्देशन में, पीपीएस इंटर कालेज दाउदपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह के निर्देशन में, आरआरकेआईसी दिलीपपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य कौशलेंद्र पति त्रिपाठी के निर्देशन में, पंडीडीयू जीएमआई महुली में प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह के निर्देशन में, राजकीय इंटर कालेज चंडीगोविंद्पुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य शशांक कुमार सिंह के निर्देशन में, पंडीडीयूजीएम इंटर कालेज कुराडीह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य विशाल वर्मा के निर्देशन में, पंडीडीयूजीएमआई कालेज महेवा मलकिया में प्रधानाचार्य शिवाकांत तिवारी के निर्देशन में,राजकीय उमावि पुरैला में प्रधानाचार्य सीमा तिवारी के निर्देशन में, राजकीय उमावि दमदम प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य कहकशा सफी के निर्देशन में, राजकीय उमावि कांपा मधुपुर में प्रधानाचार्य नीरु श्रीवास्तव के निर्देशन में,राजकीय उमावि ओरीपुर नौगीर में प्रधानाचार्य डॉ नलिन कांत उपमन्यु के निर्देशन में, राजकीय उमावि राजापुर में प्रधानाचार्य सुर्येश प्रताप सिंह के निर्देशन में,छत्रधारी इंटर कालेज लखपेड़ा कोटा भवानीगंज डॉ डीपी सिंह के निर्देशन में, मुनीश्वर दत्त इंटर कालेज मांधाता में प्रधानाचार्य डॉ जेपी त्रिपाठी के निर्देशन में, आरएन शुक्ल इंटर कालेज पुरेधनऊ कुंडा में प्रधानाचार्य राज कुमार मौर्य के निर्देशन में, एसएस पटेल इंटर कालेज संसरियापुर में प्रधानाचार्य पीएस पटेल के निर्देशन में, मुनीश्वर दत्त इंटर कालेज मांधाता में प्रधानाचार्य डॉ जेपी त्रिपाठी के निर्देशन में,राजकीय बालिका इंटर कालेज विहार प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य मनीषा रावत के निर्देशन में,राजकीय बालिका इंटर कालेज आसपुर देवसरा में प्रधानाचार्य डॉ आम्रपाली द्विवेदी के निर्देशन में, राजकीय बालिका इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किए गए.।

## अवैध गांजा,नगदी के साथ आरोपी गिरफतार

**पटटी,प्रतापगढ़।** पुलिस ने 400 ग्राम अवैध गांजा एवं गाजा बिक्री के 200- रुपये के साथ अभियुक्त गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी पट्टी के नेतृत्व में जनपद के थाना पट्टी के उ0नि0 श्री श्यामसुन्दर गिरि मय हमराह का0 पवन कुमार अवस्थी, का0 गुलशन कुमार, मय चालक हे0का0 मुकेश त्रिपाठी द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र पट्टी के पट्टी चांदा मार्ग पर श्रीनाथपुर गांव की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पुलिया के पास के पास 01 अभियुक्त बोधई राम वर्मा पुत्र स्व0 पयाग वर्मा निवासी श्रीनाथपुर थाना पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ को 400 ग्राम अवैध गांजा एवं गाजा बिक्री के 200- रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना पट्टी में मु0अ0सं0 155,2024 धारा 8,20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# एनम सेन्टर भिखनापुर की हालत बदतर, नहीं बैठते कर्मचारी



लोकमित्र ब्यूरो

**देल्हूपुर, प्रतापगढ़।** विकास खण्ड शिवगढ़ के ग्रामसभा भिखनापुर में लग भग 15 साल पहले एनम सेन्टर बना था ।इस जगह डिलीवरी से लेकर सारी सुविधाएं दी गई थीं। किन्तु शुरू से लेकर अब तक कोई स्टाफ नहीं है ।इस समय एनम सेन्टर की हालत बिल्कुल बद से बदतर हो गई है।इसमें लगे सारे खिड़की दरवाजे गायब हैं । इसमें कूड़े कबाड़ का अंबार लगा है।रहने आदि की व्यवस्था न होने के कारण कोई भी नर्स शायद भिखनापुर का चार्ज नहीं लेना चाहती हैं।भिखनापुर पवारपुर ग्रामसभा में जब टीका करण आदि करना होता है तो रानीगंज से अलग अलग एनम को भेज दिया जाता है ।पंचायत भवन भिखनापुर व पवारपूर में या घर घर जाकर अपना काम करके वापस लौट जाती हैं।मान्धाता ब्लाक के खरवई गांव में एक एनम सेन्टर बना हुआ है । जिसमे विल्डिन का कई बार कार्य हुआ , लेकिन आज तक इस एनम सेन्टर में कोई कर्म चारी नहीं बैठता है। इस समय यहां एनम सुनंदा यादव है किन्तु इनके बैठने का कोई स्थान नहीं है। जरूरत के तहत दर दर भटकना पड़ता है।

# नामांकन पत्रों की संवीक्षा में 27 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र वैध

## 7 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र अवैध पाये गये







लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** कलेक्टेऊट में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन एवं एसडीएम तनवीर अहमद द्वारा नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गयी जिसमें 27 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये एवं 07 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र अवैध पाये गये। नामांकन पत्रों की संवीक्षा के दौरान सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार मालापति (आई0ए0एस0) भी उपस्थित रहे।नामांकन पत्रों की संवीक्षा के उपरान्त 27 वैध अभ्यर्थियों की सूची 1-संगम लाल गुप्ता-भारतीय जनता पार्टी2-शिव पाल सिंह पटेल-समाजवादी पार्टी 3-प्रथमेश मिश्रा-बहुजन समाज पार्टी 4-ऋषि पटेल-अपना दल (कमेरावादी)5-महेश कुमार प्रजापति-समझदार पार्टी 6-सुनील-निर्दलीय 7-शिवराम शर्मा-मौलिक अधिकार पार्टी 8-प्रमोद कुमार-बहुजन मुक्ति पार्टी 9-मोहरम अली-निर्दलीय 10-ध्यान सिंह-निर्दलीय 11-शंकर सुमन तिवारी-निर्दलीय 12-विजय सिंह-सनातन संस्कृति रक्षा दल 13-शिव पाल पटेल-निर्दलीय 14-अरूण कुमार पाण्डेय-हिन्दुस्तान समाज पार्टी15-अजीत प्रताप-निर्दलीय 16-गीता देवी-भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी17-धनन्जय-निर्दलीय 18-धर्मेन्द्र तिवारी-लोग पार्टी19-दुर्गेश कुमार-राष्ट्रीय अटल जनता पार्टी 20-हर्षित सिंह-निर्दलीय 21-अमर सिंह-निर्दलीय 22-श्रवण कुमार त्रिपाठी-निर्दलीय 23-रामसिद्ध यादव-मानवतावादी समाज पार्टी 24-सुनील चन्द्र पाल-राष्ट्र उदय पार्टी 25-संदीप सिंह-नेशनल जन दल 26-रामकुमार यादव- सोशलिस्ट यूनिटी सेन्टर आफइण्डिया (कम्युनिस्ट)27-जोखू-सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी शामिल हैं।नामांकन पत्रों की संवीक्षा के उपरान्त 07 अवैध अभ्यर्थियों की सूची में 1-पीयूष कुमार शुक्ला-पब्लिक पोलिटिकल पार्टी 2-अजय कुमार विश्वकर्मा-निर्दलीय 3-अनिल कुमार-स्वाधीन स्वराज पार्टी 4-सूर्य प्रकाश विश्वकर्मा-निर्दलीय5-फूलचन्द्र सोनी-निर्दलीय 6-हरिकेश बहादुर पाण्डेय-निर्दलीय 7-देवी प्रसाद-राष्ट्रीय जनशांति पार्टी शामिल रहे।

## तमंचा,कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफतार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** पुलिस ने 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस 12 बोर बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना महेशगंज के उ0नि0 श्री शिशिर पटेल मय हमराह का0 राहुल कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 01 अभियुक्त सूरज पाण्डेय पुत्र गिरजाशंकर पाण्डेय निवासी ग्राम छत्ता का पुरवा थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़, जनपद प्रतापगढ़ को 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस 12 बोर के साथ थानाक्षेत्र महेशगंज के गोपालपुर जाने वाली रोड़, भगवन्त तिराहा से पहले ग्राम गोपालपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना महेशगंज पर मु0अ0सं0 84,2024 धारा 3,25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# पूर्व जिला अध्यक्ष नरसिंह मिश्र को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कार्यालय, इन्दिरा भवन, अम्बेडकर चौराहा, प्रतापगढ़ में कांग्रेस नेता स्व.नरसिंह प्रकाश मिश्र जी की स्मृति में चित्र पर माला पहनाकर पुष्प अर्पित कर 2 मिनट का मौन रखकर नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की गई । श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी एवम संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया।

अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि स्व.नरसिंह प्रकाश मिश्र जी खाटी कांग्रेसी थे, हमेशा कांग्रेस के लिए जिए, कांग्रेस के लिए लड़े और कांग्रेस में ही रहते हुए तिरंगे में लिपटकर चल दिए, उनका इतनी जल्दी जाना प्रतापगढ़ कांग्रेस परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति है । पी.सी.सी सदस्य एवम जूनियर बार एसोसिएशन (पुरातन)के अध्यक्ष रोहित कुमार शुक्ला ने कहा कि स्व.नरसिंह प्रकाश मिश्र जी बहुत ही सरल,सहज स्वभाव के धनी एवम विशाल नेतृत्व कर्ता थे, वो हमेशा मुहब्बत, भाईचारा की बात करते थे वे खुश दिल मिजाज एवम नेक दिल इंसान थे। उनके द्वारा संगठन के प्रति ईमानदारी से किए गए कार्य को हमेशा याद रखा जाएगा।

नगर अध्यक्ष इरफान अली ने ईश्वर से प्रार्थना किया कि स्व. नरसिंह प्रकाश मिश्र जी को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और उनके परिजनों को इस भारी दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।श्रद्धांजलि सभा को मुख्य रूप से संजय सिंह प्रतिनिधि डॉ.एसपी सिंह पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.वी के सिंह, पी.सी.सी सदस्य डॉ. प्रशान्त देव शुक्ला, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव प्रेम शंकर दिवेदी,कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, कांग्रेस कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, पप्पू तिवारी,मासूम हैदर,महासचिव आशुतोष तिवारी मुब्बी माबूद, विजय प्रताप त्रिपाठी, अशोक सिंह,राम रतन तिवारी,लल्लन सिंह, सूर्य प्रकाश शुक्ला,यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव मो.हुजैफ संजय इश्तियाक, सुधीर तिवारी,एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष उत्सव भूषण पाल, बेलाल अहमद, विश्वास सिंह, अश्वनी उपाध्याय, कपिल ओझा, रामधन यादव ने सम्बोधित किया।

# हज यात्रियों को लगाया गया टीका



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद कौशाम्बी से हज यात्रा हेतु जाने वाले 89 में से 80 श्रद्धालुओं को 02.05.2024 को टीकाकरण से आच्छादित किया गया एवं शेष 9 श्रद्धालुओं को दिनांक 07.05.2024 को टीकाकरण से आच्छादित किया गया। सभी यात्रियों को डिस्पोजेबुल सिरिन्ज का प्रयोग करते हुए क्वाड्रीवेलेन्ट मैनिनगोकॉकल मैनिनजाईटिस वैक्सीन की सिंगल डोज़ तथा 65 से अधिक आयु वर्ग के हज यात्रियों को सीजनल इन्फ्लुऐन्जा वैक्सीन के साथ ओरल पोलियो वैक्सीन की खुराक़ दी गयी एवं वांछित प्रमाण पत्र निर्गत किये गये। साथ ही बच्चों के नियमित टीकाकरण के लिये प्रोत्साहित करने हेतु सभी हज यात्रियों से अपील की गयी।

उक्त टीकाकरण में स्वास्थ्य विभाग से एक टीम गठित की गयी जिसमें डा0 मोहम्मद आदिल (चिकित्साधिकारी), खुश्बू भारती (स्टाफ नर्स), सावित्री (स्टाफ नर्स), विरेन्द्र सिंह (फार्मासिस्ट), रूबी सिंह (सी.एच.ओ.), शिवधारी पाल (वार्ड ब्वाय) एवं रमेश कुमार शर्मा (जिला कोल्ड चेन प्रभारी) उपस्थित रहे। जिनके द्वारा मदरया दारूल उलूम एहसानिया, नया नगर, मंझनपुर के मौलाना एकबाल अहमद (प्रधानाचार्य), मौलाना मोहम्मद इसहाक (उप प्रधानाचार्य), मौलाना नूर आलम (सहायक अध्यापक), मौलाना मोहम्मद अयूब (सहायक अध्यापक) एवं सैय्यद सुल्तान अली (मदरसा प्रबन्धक) की निगरानी में कुछ मानिन्द हज यात्रियों जैसे ब्लॉक सरसवां के डा0 एखलाक़ जे0के0 चैरिटेबल हॉस्पिटल पश्चिम शरीरा, ब्लॉक कड़ा के एजाज़ अहमद प्रबन्धक मदरसा (मदरसा इस्लामिया गौसिया) नईमियां चूहा पीरन, ब्लॉक नेवादा के मौलाना अहमद हबीब शहरकाजी, ब्लॉक मूरतगंज के मंसूब अली सकाढ़ा, ब्लॉक कनैली के मुस्तफा (हाजी) बरूवा, ब्लॉक सिराथू के जावेद आलम अंसारी (अंसारी क्लाथ हाउस), ब्लॉक चायल के मोहम्मद आमिर (समाज सेवी), ब्लॉक मंझनपुर के मक़सूद अहमद एवं सरायअकिल के शहंशाह आलम को भी टीकाकरण से आच्छादित किया गया।

## नशेड़ी युवक की हरकतों से आजिज पत्नी ने दी तहरीर

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के कूड़ापुर मजरा सैयद सरावां गांव की शिवानी देवी पत्नी मोनू ने बताया कि उसका पति शराबी किस्म का है। वह शराब पीने के लिए कोटा से मिलने वाला राशन भी बेच देता है। शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचता है और गाली गलौज कर उसे मारता पीटता है। अपने तीन बच्चों के परिवरिश के लिए दो सौ रुपए रोज की मजदूरी पर वह प्रयागराज के एक गार्डन कंपनी में काम करती थी। आरोप है कि मंगलवार को वह नशे की हालत में कंपनी पहुंचा और काम कर रही अन्य महिलाओ के सामने गाली गलौज कर उसकी पिटाई कर दी। इससे मालिक ने उसको काम पर आने से मना कर दिया।अब उसके सामने जीवन यापन करने के लिए कोई रास्ता नहीं बचा है।पीड़ित महिला ने मंगलवार को थाने जाकर आरोपी पति के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# न्यायालय के स्थगनादेश के बावजूद दबंग कर रहे निर्माण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** स्थानीय तहसील के तिल्हापुर मोड़ बाजार में दबंगों ने एक युवक की जमीन पर कब्जा कर निर्माण करना शुरू कर दिया है। मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण युवक ने स्थगनादेश भी प्राप्त कर रखा है। युवक के विरोध करने पर वह उसके साथ मारपीट करने पर आमादा हो रहे हैं। पीड़ित ने उप जिलाधिकारी को मामले की तहरीर दी। एसडीएम में इंस्पेक्टर को शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने का आदेश दिया है। प्रयागराज के विकास खंड भगवतपुर अंतर्गत भीखपुर मेंडवारा गांव निवासी फुज़ैल अहमद पुत्र मोहीउद्दीन के अनुसार उसने तिल्हापुर मोड़ बाजार में आराजी संख्या 260 ख रक्बा 0.0255 हे. मुजफ्फर पुत्र मुख्तार से खरीदा था। जमीन खरीदने के बाद से ही वह उस पर काबिज है।आरोप है कि पेरई गांव के दबंग भाइयों ने उसके इसी जमीन पर कब्जा कर मकान का निर्माण करना शुरू कर दिया रहे है।फुज़ैल के अनुसार इस जमीन का एक वाद न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय से उसने स्थगनादेश भी प्राप्त कर रखा है। स्थगनादेश के बावजूद दबंग निर्माण कार्य नहीं रोक रहे हैं।उनके विरोध करने पर वह उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट पर आमादा हैं। पीड़ित ने उप जिलाधिकारी योगेश कुमार गौड़ को मामले की तहरीर दी। एसडीएम ने इंस्पेक्टर बृजेश करवरिया को शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने का आदेश दिया है।

# स्कूल बस की टक्कर से घर के बाहर खेल रही मासूम की मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के मलाक भारत गांव में मंगलवार की सुबह स्कूल बस ने घर के बाहर खेल रही मासूम को कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मलाक भारत गांव निवासी मो. कासिम पुत्र छेद्दन खान किसानी कर परिवार का गुजारा करते हैं। मंगलवार की सुबह उनकी डेढ़ वर्षीय बेटी इनाया बानो घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान घर के सामने सड़क से गुजर रही बेकाबू स्कूल बस ने मासूम को टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से वह पहिए के नीचे आ गई। पहिया मासूम के सिर पर चढ़ने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। मासूम की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। आसपास रहे लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्कूल बस को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष बलराम सिंह का कहना है कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल बस को थाने लाकर खड़ा किया गया है। चालक की खोजबीन जारी है।

# पुलिस ने आत्महत्या के लिए विवश करने वाली प्रेमिका को भेजा जेल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नेवादा, कौशाम्बी।** सरायअकिल कोतवाली क्षेत्र के कोटिया गांव में सोमवार सुबह एक युवक ने प्रेमिका के घर में फांसी पर लटककर जान दे दी थी।इस मामले में पुलिस ने आरोपी प्रेमिका को मंगलवार को कोटिया गांव से गिरफ्तार कर लिया। थाने लाकर लिखापढ़ी के बाद उसका चालान न्यायालय भेजा गया वहां से उसे जेल भेज दिया गया।घटना में मृतक युवक के छोटे भाई ने महिला के ऊपर भाई को आत्महत्या के लिए विवश करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।



कोटिया गांव के छेदीलाल यादव का बड़ा बेटा राजकुमार (27) आटो चालक था। पड़ोसी सोनू पाल के यहां अक्सर उसका आना जाना लगा रहता था।सोनू पाल मुंबई में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है, जबकि गांव में उसकी पत्नी सविता पाल बच्चों के साथ रहती है। परिजनों के मुताबिक राजकुमार का सविता के साथ प्रेम संबंध चल रहा था। रविवार रात राजकुमार घर से कहीं निमंत्रण जाने की बात कहकर निकला था। रात में वह वापस नहीं लौटा। सोमवार सुबह उसका शव सोनू पाल के घर में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ पाया गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामले में मृतक के छोटे भाई सत्यम यादव ने पुलिस को तहरीर देकर सविता पाल पर भाई को प्रेम जाल में फंसाकर ब्लैकमेल करने और आत्महत्या के लिए विवश करने का आरोप लगाया। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। इंस्पेक्टर विनीत कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को आरोपी महिला सविता पाल को कोटिया गांव से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

## प्रेमी से शादी करने की जिद पर अड़ी प्रेमिका

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की एक युवती का कोतवाली क्षेत्र के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था, इस दौरान युवक प्रेमिका से कई बार मिलने घर भी गया और शादी का झांसा देकर अवैध संबध भी बनाया, प्रेमी प्रेमिका के पकड़े जाने पर पुलिस आरोपी युवक को थाने ले आई जहां युवती प्रेमी से शादी करने की जिद पर अड़ी है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती का अजुहा चौकी क्षेत्र के एक गांव में एक युवक से पिछले दो वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा था, प्रेमिका का आरोप है की उसका प्रेमी शादी का झांसा देकर उसके साथ मिलने जुलने आता था साथ ही अवैध संबंध था। प्रेमिका ने मंगलवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की सोमवार को उसका प्रेमी घर मिलने आया था इस दौरान युवक पकड़ गया तो घरवालों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस युवक को थाना ले आई।

# बाबू सिंह महाविद्यालय में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत शत प्रतिशत मतदान हेतु जगह जगह मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विकास खंड कड़ा के सयारा में स्थित बाबूसिंह महाविद्यालय में मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां महाविद्यालय के छात्र व स्टॉफने जागरूकता रैली निकाली इस दौरान मेरा मत, मेरा भविष्य एवं एक वोट के महत्व के बारे में बताया गया साथ शत प्रतिशत मतदान हेतु आगामी 20 मई को सभी वयस्क व्यक्ति अपने पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में धारणी धर ने कहा की आपके एक वोट से देश का भविष्य बदल सकता है। प्राचार्य डॉ गया प्रसाद वर्मा ने कहा की सभी को मतदान जरूर करना चाहिए। इस मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक शेर सिंह, आलोक अंबेडकर, आदित्य, देशराज, मोहम्मद हबीब, हरिमोहन, राघवेंद्र सहित विद्यालय की छात्र-छात्राएं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल रहे।

# गंगा गोमती संस्था ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सैनी, कौशाम्बी।** गंगा गोमती टेक्निकल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट की ओर से यूपी बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र छात्राओं को शक्ति पीठ कड़ा धाम के कुबरी घाट में सम्मानित किया गया। गंगा गोमती टेक्निकल एंड रिचर्स इंस्टीट्यूट की ओर से यूपी बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के अध्यक्ष व समाजसेवी विनय कुमार पांडेय ने टॉपर छात्रों को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र भेंटकर उज्वल भविष्य की कामना किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सुनील कुमार शुक्ला ने छात्रों को अच्छी शिक्षा पर जोर देते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। टॉपर छात्रों में धर्मा देवी इंटर कालेज के अमन कुमार, शिवम यादव, सिद्धार्थ नाथ सिंह, आयुष जायसवाल, अनूप मौर्य, आर्यन पांडे, श्वेता राजपूत, प्रियांशी अग्रहरि, अनामिका देवी, अंजली देवी, रश्मि यादव, वंदना देवी, अमन कुमार, तान्या सिंह सविता, नैंसी यादव, अर्पिता सिंह आदि छात्रों को कड़ा धाम सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। इस दौरान धर्मा देवी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राम किरण त्रिपाठी, वरुण प्रकाश जोशी, शीतला प्रसाद पांडे, पुनीत कुमार अग्रहरी, बलवंत कुमार, मनीष कुमार आदि लोगो ने कार्यक्रम में अंत में छात्रों के साथ गंगा आरती करते हुए आशीर्वाद लिया। इस दौरान समाजसेवी विनय कुमार पांडेय ने मौजूद अतिथियों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में गंगा गोमती समिति के सदस्य अमित कुमार निषाद, कृष सविता, अवधेश कुमार मिश्रा, राजकुमार मिश्रा, संदीप मोदनवाल, मनोज द्विवेदी, संतोष पंडा, अफसर अहमद, राजेश सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी में बच्चों को लू से बचाव हेतु हुआ जन जागरूकता कार्यक्रम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** बीएसए डॉ कमलेंद्र कुमार कुशवाहा के निर्देशानुसार विकासखंड नेवादा में स्थित प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी में बच्चों को लू से बचाव हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें प्रधानाध्यापक डॉ रामनेवाज सिंह ने बताया कि इस समय गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है जिससे बच्चे अत्यधिक लू के प्रभाव से ग्रसित हो रहे हैं इसके लिए हमें चाहिए कि हम ज्यादा से ज्यादा पेय पदार्थ का प्रयोग करें धूप से बचने के लिए गमछा अथवा छाता लेकर चले खाली पेट घर से ना निकले घर से निकलते समय ठंडा पानी या शरबत पीकर निकलें बहुत ज्यादा पसीना आए तो फौरन ठंडा पानी न पिए घड़ा का ठंडा पानी प्रयोग करें बाजार में बिक रहे पहले से कटे हुए फल का सेवन न करें यह पदार्थ मौसमी फल का जूस ककड़ी खीरा तरबूज दही मट्ठा जलजीरा लस्सी आम का पना पिए प्याज का अधिक सेवन करें सर दर्द उल्टी चक्कर आना बुखार व पसीना अधिक आने पर डॉक्टर से संपर्क करें पीएससी नेवादा के डॉ राजेंद्र सिंह के सहयोग से सभी बच्चों को ओ आर एस घोल वितरित करते हुए सेवन करने के उपाय बताए गए यह कार्यक्रम बच्चों की उपस्थित बढ़ाने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में ली परेड की सलामी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी अशोक कुमार वर्मा द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में मंगलवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का टोली बार निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई एवं ड्रल कराई गई। परेड के उपरान्त क्वार्टर गार्ड स्थित गार्द की सलामी ली गई, तत्पश्चात भोजनालय, डीसीआरबी, विभिन्न शाखाओं एवं पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर संबंधित को साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## पुलिस अधीक्षक ने की लोकसभा सामान्य निर्वाचन की बैठक

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा दुर्गा भाभी सभागार पुलिस कार्यालय में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु मीटिंग कर तैयारियों की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी, समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं चुनाव सेल सहित विभिन्न शाखाओं के प्रभारी एवं अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# धर्मेंद्र पांडेय ब्राह्मण महासभा के जिला संरक्षक मनोनीत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नेवादा, कौशाम्बी।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने मंगलवार को नेवादा ब्लॉक के इमलीगाँव में एक बैठक का आयोजन किया। कार्यक्रम में आगामी 10 मई को सराय अकिल के करन चौराहा में प्रस्तावित भगवान परशुरामजी के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए विचार विमर्श करके आयोजन की रूपरेखा तय की गई। बैठक में मौजूद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने कायमपुर के पूर्व प्रधान संजय पांडेय को सर्व सम्मति से संगठन का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। बैरगांव के दीपक त्रिपाठी को संगठन में प्रयागराज मंडल का महासचिव नियुक्त किया गया। बैठक में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं के अपील पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इमलीगांव निवासी नेवादा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि धर्मेंद्र पांडेय को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा में कौशाम्बी जिले के संरक्षक का पदभार सौंपा। बैठक में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर चर्चा के बाद लोकसभा चुनाव में ब्राह्मणों को संगठित होकर समाज के हित में मतदान के लिए भी कहा गया। इस दौरान अनूप मिश्रा, अभिषेक पांडेय, कन्हैया, अमित पांडेय, संजय द्विवेदी, शिवपूजन मिश्रा, रवि जिगना, राहुल मिश्रा, मयंक त्रिपाठी, प्रांकुश, प्रशांत, शुभम, मणिकांत, अमित पांडेय, अम्बुज, जिंतेंद्र, विपुल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## भाजपा के अनुसूचित मोर्चा के महामंत्री ने पार्टी से दिया इस्तीफा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी में अनुसूचित मोर्चा में जिला महामंत्री ने पार्टी से इस्तीफा देते हुए पत्र जिलाध्यक्ष को भेजा है। सिराथू विधानसभा क्षेत्र के रामपुर धमावा के रहने वाले राम प्रसाद पासी भारतीय जनता पार्टी में अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री के पद पर कार्य कर रहे थे। मंगलवार को राम प्रसाद ने पार्टी जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य सहित पत्रकारों से मुखातिब होते हुए बताया की वह भाजपा में पिछले पांच वर्षो से काम कर रहे थे। राम प्रसाद ने पार्टी पर सामाजिक न्याय देने में भेदभाव व संविधान में छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

# वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया गया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस उप निरीक्षक नन्दू यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा उ0प्र0 विध विरुद्ध धर्म सम्परिवर्तन अधिनियम 2021 से संबन्धित वांछित आरोपी राजदीप उर्फ रंगीलाल निवासी शादीपुर दारानगर थाना कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी को ग्राम शादीपुर से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है।



## आत्महत्या के लिये उकसाने वाली वांछित आरोपिका को गिरफ्तार किया गया

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सरायंअकिल पुलिस उप निरीक्षक अभिषेक शुक्ला मय हमराह पुलिस बल द्वारा भादवि से संबन्धित वांछित आरोपिका सविता पाल निवासी ग्राम कोटिया थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपिका को न्यायालय भेजा जा रहा है।

## 32 राशि भैसों को क्रूरता पूर्वक डीसीएम में भरकर ले जाते हुये 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

कौशाम्बी। जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस उप निरीक्षक नीरज उपाध्याय मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त/वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 02 आरोपी मो0 वकील, मो0 अमन, निवासीगण व थाना हथगांव जनपद फतेहपुर को 01 अदद डीसीएम यूपी 70एएम 3832 में 30 राशि भैस व 02 राशि भैसा को ठूस-ठूसकर भरकर ले जाते हुये गिरसा तिराहा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी का चालान न्यायालय किया गया।

## पीड़िता/अपहृता को सकुशल बरामद किया गया

कौशाम्बी। थाना सरायंअकिल पुलिस उप नि0रीक्षक राजकुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा भादवि से सम्बन्धित पीड़िता/अपहृता को इच्छना मोड़ के पास से सकुशल बरामद कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 79 वाहनों का ई-चालान किया गया एवं 01 वाहन को सीज किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही म` 04 अ ि भ यु ुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से 01, थाना पश्चिम शरीरा से 02, थाना कड़ाधाम से 01 कुल 04 आरेपी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## देवर ने घर में सो रही भाभी के साथ किया दुराचार का प्रयास

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की दोपहर घर में सो रही महिला के साथ उसके देवर ने दुराचार का प्रयास किया। विरोध करने पर उसने महिला की जमकर पिटाई कर दी।साथ ही कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पीड़ित महिला ने थाने जाकर आरोपी देवर के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है। चरवा क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि उसका पति मुंबई में रहकर नौकरी करता है। वह अपने चार बच्चों के साथ घर पर रहती है। मंगलवार की दोपहर वह अपने दो बच्चों के साथ घर के अंदर सो रही थी। आरोप है कि इसी दौरान उसका देवर वहां पहुंचा और उसके साथ जबरन दुराचार का प्रयास करने लगा। विरोध करने पर उसने महिला की जमकर पिटाई कर दी और साथ ही कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग निकला। पिटाई से महिला के साथ और शरीर पर चोटें आई।

## सम्पादकीय

# सियासी खुदकुशी होगी

आरक्षण एक बार फिर चुनाव मैदान में है। अंतर केवल इतना है कि अबकी इसे लालू प्रसाद ने नहीं, कांग्रेस ने लाया है। इसके नेता राहुल गांधी अपनी चुनावी सभाओं में भाजपा और उसके नेता नरेन्द्र मोदी को आरक्षण मिटाने वाला गैंग कह रहे हैं।इससे भाजपा आत्मरक्षात्मक मुद्रा में आ गई है। उसे 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में मिली चोट ताजा हो गई है। तब आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने चुनाव-बीच आरक्षण की समीक्षा की बात कर चौंका दिया था। यद्यपि संविधान में इसका जिक्र है कि 15 साल बाद इसकी समीक्षा की जाएगी और उस आधार पर हटाया भी जा सकता है, लेकिन संसद सर्वसम्मत से इसे आगे बढ़ाती रही है।यह मान लिया गया है कि भारतीय समाज इस उन्नत दशा में नहीं पहुंचा है कि आरक्षण की समीक्षा की जाए। इसे ध्यान में रखकर ही भागवत के बयान पर सफाई दी गई और दिलाई भी गई। पर राजद नेता लालू प्रसाद ने बड़ी कुशलता से मतदाताओं का रुख बदल दिया था।भाजपा बिहार में कमांडर होते-होते रह गई थी। इस बार भी कांग्रेस के प्रचार से ऐसे परिणाम के आसार नजर आ रहे हैं। जब 2024 के चुनाव में, नरेन्द्र मोदी की भाजपा ने 'अबकी बार 400 पार' का नारा दिया तो विपक्ष ने, इतनी सीटों को संविधान बदलने, लोकतंत्र नष्ट करने के उसकी 'हवस' से जोड़ दिया।इसमें भाजपा के कुछेक अदूरदर्शी नेताओं के बयान-भाषणों ने भी कांग्रेस का साथ दिया। आरक्षण पर आरएसएस का शुरू से ही एक रिजर्वेशन रहा है। इसलिए जब भी ऐसी चर्चा होती है, संघ के स्थापना काल का नजरिया सामने आ जाता है। भागवत इससे इनकार करते हैं। यह सच है कि मोदी का मौजूदा मंत्रिमंडल आरक्षण के व्यवहारत꞊ निर्वाह का सुंदर प्रमाण है।यह स्वतंत्र भारत का ऐसा पहला मंत्रिमंडल है। खुद मोदी ओबीसी हैं। फिर भारतीय राजनीतिक चेतना के मौजूदा स्तर को देखते हुए संविधान, चुनाव या लोकतंत्र तथा आरक्षण को खारिज करने की किसी दल की हिमाकत, उसकी सियासी खुदकुशी होगी। इसके लिए कौन दल तैयार होगा? आरक्षण, संविधान और लोकतंत्र सब रहेगा।यह बिल्कुल प्रचार के लिए प्रचार की बात है। इसमें वह कांग्रेस अपरहैंड है। भाजपा सफाई तो दे रही है पर इसका प्रतिकारी विमर्श कम बना रही है। कांग्रेस के मैनिफेस्टो, उसके विज्ञापन एवं उसके नेताओं के मुद्दे भाजपा के लिए एक छटपटाहट पैदा करते हैं। एक दशक धुआंधार कार्यक्रम चलाने वाली सत्ताधारी पार्टी के पास विपक्ष को घेरने के मुद्दे में टटकापन नहीं है।




**मेष राशि:** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कोई शुभ समाचार मिलेगा जिसकी खुशी आप अपने दोस्तों के साथ शेयर करेंगे। थोड़ी सी मेहनत करने से आप अपने कामों में सफलता जल्दी हासिल करेंगे। दोस्त लोग आज आपको सरप्राइज पार्टी देंगे जिससे मस्ती का माहौल बनेगा। शुगर की समस्या से आज काफी हद तक आराम मिलेगा।

**वृष राशि:** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी मांगलिक कार्यक्रम में जाने का अवसर मिलेगा। जिसमें शामिल होकर आप बेहतर फील करेंगे। पिता जी आपके बिजनेस में आपकी हेल्प करेंगे, जिससे अधिक लाभ होगा। महिलाएं आज घर के कामों में बिजी रहेंगी, नई डिशेज बनाएंगी जिनका आनन्द आपका पूरा परिवार उठाएगा।

**मिथुन राशि:** आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। आज किसी नए व्यापार को शुरू करने से पहले उसके बारे में गंभीरता से जान लेना जरुरी है, किसी एक्सपर्ट की सलाह ले सकते हैं जिससे अधिक लाभ होगा। आज किसी दोस्त की हेल्प से आपको कोई अच्छी जॉब मिलने के योग बन रहे हैं।

**कर्क राशि:** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका कॉन्फिडेंस लेवल अच्छा रहेगा। आपकी बेटी का सेलेक्शन आज सरकारी जॉब में होगा। जीवन में सफल होने के लिए आपको कठिन मेहनत करनी होगी। अपने बच्चों के साथ घर पर रह कर अच्छा समय गुजारेंगे। आपको घर के बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा इससे आपके मन को शांति मिलेगी। ऑनलाइन कोई व्यापार शुरू करने का मन बनायेंगे। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जिससे रुके हुये कार्य पूरा करने में सफल होंगे।

**सिंह राशि:** आज आप अपने दिन की शुरुआत बहुत ही उत्साह से करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र अपनी पढ़ाई जारी रखेंगे, जल्द ही सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। इस राशि के जो लोग प्लास्टिक का कारोबार कर रहे हैं उन व्यापारियों का काम अच्छा चलेगा, ज्यादा प्रॉफिट होगा। नवविवाहितो को आज कोई खुशखबरी मिलने वाली है। इस खबर को सुनकर घर में सभी का मन खुश हो जायेगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी अच्छी कंपनी से जॉब का ऑफर आएगा।

**कन्या राशि:** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिलेगा, जिसको आप किसी जरूरी काम में लगाएंगे। प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता हैं, आपका सम्मान बढ़ेगा। आज आपके फैसले में आपके भाईयों का सहयोग मिलेगा, जिससे लोगों में आपकी छवि अच्छी बनेगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी टॉपिक को समझने में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**तुला राशि:** आज आपका दिन मंगलकारी रहने वाला है। आज ऑफिस में स्टाफ के साथ अच्छा व्यवहार बना कर रखें जिससे कार्यों में आपको उनका सहयोग मिलेगा। आज घर में नन्हे मेहमान के आने से खुशी का माहौल रहेगा। ऑफिस में जो लोग आपके विरोधी है, वो भी आपकी कार्यशैली से प्रभावित होंगे। अधूरे कामों को पूरा करने में आज आप सक्षम रहेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। व्यापार में लाभ मिलने के योग बने हुए है। छात्रों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

**वृश्चिक राशि:** आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों की पदोन्नति के योग बन रहें है, सैलरी बढ़ेगी। स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानी के लिए आज किसी अच्छे डॉक्टर से मिलेंगे, जिससे कुछ राहत मिलेगी। अपनी सही बात के लिए आपके परिवार वालों का फुल सपोर्ट मिलेगा। जॉब की तलाश खत्म होगी, किसी दोस्त की मदद से जॉब मिल जाएगी। बच्चे आज पार्क में घूमने जाएंगे। आज आपको ऑनलाइन कोई बड़ा ऑर्डर मिलने का योग है। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**धनु राशि:** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। व्यापार में साझेदारी से लाभ होगा, आप चीजों को बेहतर ढंग से करने का प्रयास करेंगे। इंजीनियर्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है, टेक्निकल क्षेत्र में कुछ नया अनुभव मिलेगा। आपको अपने खान पान पर ध्यान देने की जरुरत है, जिससे स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। छात्रों को आज कॉलेज के किसी प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा, जिसमें आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। लेखकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मकर राशि:** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। किसी कंपनी के शेयर खरीदने के लिए आप किसी एक्सपर्ट की सलाह ले सकते है। कोई पुरानी बात आपको पता चल सकती, जिसको लेकर आप सरप्राइस होंगे। आप कोई कीमती सामान खरीदेंगे, आपको अच्छा ऑफर भी मिल सकता है।

**कुंभ राशि:** आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज प्रॉपर्टी डीलर्स से मुलाकात करेंगे, कोई बढ़िया डील फाइनल करेंगे। किसी प्रोजेक्ट में उलझे विद्यार्थी आज अपने डाउट क्लियर करेंगे। आज थोड़ा समय निकाल कर अपने परिवार वालों के साथ बातचीत करें, जिससे आपकी समस्याओं का समाधान मिलेगा। आज आपकी पॉजिटिव सोच आपके कार्यों में सफलता दिलायेगी। लवमेट काफी देर तक बात करेंगे, रिश्ते में मजबूती आएगी।

**मीन राशि:** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका व्यवहार विनम्र बना रहेगा, जिससे लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज कोई भी कारोबार शुरू करने से पहले एक्सपर्ट्स की सलाह ले जिससे आपको उसके बारे में फुल इनफार्मेशन पता हो जाएगी, उसी के एकार्डिंग आप अपनी योजनाओ को बनायेंगे। आज परिवार वालों के साथ मिलकर किसी मांगलिक कार्यक्रम में जाएंगे।

# सिर्फ हिन्दुओं की जातियों की चर्चा करने वाले कौन?



**आर.के. सिन्हा**

हर बार की तरह इस लोकसभा चुनाव में भी अपने को राजनीति का विद्वान बताने वाले ज्ञानियों ने किस संसदीय क्षेत्र में किसके हक में बयार बह रही है , इस विषय पर लिखना-बताना शुरू कर दिया है। वे अपना विश्लेषण रखते हुए बताते हैं कि वहां ( उस संसदीय क्षेत्र में ) इतने फीसद क्षत्रिय, ब्राह्मण, दलित, पिछड़े, अति पिछड़े, यादव वगैरह हैं। यहां तक तो सब ठीक है। पर जातियों का गणित बताने वाले मुसलमानों, सिखों, ईसाइयों की जातियों पर मौन ही रहते हैं। उन्हें जातियों के कोढ़ के बारे में सिर्फ हिन्दुओं की ही चर्चा करनी होती है। उन्हें लगता है कि मानों जातियां सिर्फ हिन्दू धर्म में ही हैं। जैसे कि बाकी धर्मावलंबी किसी जात-पात में यकीन नहीं करते। इससे एक बात बहुत साफ हो जानी चाहिए हमारे यह कथित विद्वान देश की जमीनी हकीकत से कितने नावाकिफ हैं। उन्हें यह मालूम ही नहीं है कि जाति भारत का सच है। कोई इंसान अपना धर्म बदल सकता है, पर जाति उसके साथ हमेशा रहती है। वह जाति से अपने को दूर नहीं कर पाता है। राममनोहर लोहिया यह बात बार-बार कहा करते थे। अगर बात मुसलमानों की करें तो सब जानते हैं कि मुसलमान अशराफ, अजलाफ और अरजाल श्रेणियों में बंटे हैं। शेख, सैयद, मुगल और पठान अशराफ कहे जाते हैं। अशराफ का मतलब है, जो अफगान-अरब मूल के या हिन्दुओं की अगड़ी जातियों से धर्मांतरीत मुसलमान हैं। अजलाफ पेशेवर जातियों से धर्मांतरित मुसलमानों का वर्ग है। एक तीसरा वर्ग उन मुसलमानों का है, जिनके साथ शेष मुसलमान भी संबंध नहीं रखते। इन्हें ही पसमांदा मुसलमान कहते हैं। हालांकि इस्लाम में जाति का विचार तो नहीं है। इस्लाम जाति के कोढ को ललकारता भी है। इसके बावजूद सारा मुसलमान समाज जाति के दलदल में फंसा है। मुसलमानों में अलग-अलग जातियों के अपने कब्रिस्तान तक हैं। राजधानी में पंजाबी मुसलमानों के कब्रिस्तान में गैर-पंजाबी मुसलमानों का प्रवेश निषेध है। शिया और सुन्नियों के तो प्राय꞊ अपने अलग-अलग कब्रिस्तान तो होते ही हैं। शियाओं की अपनी मस्जिदें भी होती हैं। वे अन्य मस्जिदों में नहीं जाते। अपने को मुसलमानों का रहनुमा कहने वाले मुसलमान नेता भी पसमांदा मुसलमानों के मसलों को उठाने की जहमत नहीं दिखाते। मशहूर शायर मोहम्मद इकबाल बरा-बार बताते थे कि उनके पुरखे हिन्दू पंडित थे। खैर, अपने को बाबा साहब अंबेडकर का अनुयायी बताने वाले दलित नेताओं को शायद यह मालूम हो कि बाबा साहेब ने 25 नवंबर, 1949 को संविधान सभा को संबोधित करते हुए बहुत साफ शब्दों में कहा था, ÷जाति तो राष्ट्र विरोधी है। ...पर, भारत में जातियों के असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इनसे समाज बिखरता है। भारत के कई राज्यों में ईसाई बहुमत में हैं और उन राज्यों के मुख्यमंत्री भी ईसाई हैं। पर इसका यह कतई मतलब नहीं है कि वहां जातियां नहीं हैं। ईसाई धर्म अनेक संप्रदायों में बिखरा हुआ है। ईसाई कैथोलिक, सीरियन, ओर्थोडोक्स, प्रोटेस्टेंट्स और अनेक असंगठित समूहों में फैला है। भारत में ईसाइयों का पहला प्रभावकारी स्वरूप कैथोलिक देश पुर्तगाल से 1498 ई. में पुर्तगालियों के आने से हुआ और ब्रिटिश, मूलत꞊ एंग्लीकन या प्रोटेस्टेंट, का प्रभाव ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन 1757 से हुआ। उपर्युक्त सभी समूह स्वतंत्र हैं, परंतु अधिकांश लोगों के द्वारा एक आस्था रखने वाले समूह के रूप में देखे जाते हैं। जब कभी भारतीय ईसाइयों की तरफ देखा जाए तो इन वास्तविकताओं को समझना चाहिए।भारत में कैथोलिक तथा प्रोटेस्टेंट के बीच की दूरियों को कम करने की कोशिशें चलती रहती हैं। दक्षिण भारत इस बाबत आगे रहा। वहां पर कैथोलिक चर्च तथा प्रोटेस्टेंट चर्च ने प्राकृतिक आपदा के समय मिल-जुलकर काम किया। मसलन केरल में कुछ साल पहले आई बाढ़ और सुनामी के समय दोनों चर्च मिलकर पीड़ितों के पुनर्वास के लिये काम कर रहे थे। यह सुखद पहल है। कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के बीच उस तरह की कतई कटुतापूर्ण स्थिति नहीं है जैसी हम मुसलमानों के सुन्नी और शिया संप्रदायों में देखते हैं। वहां पर तो कटुता ना होकर दुश्मनी है। उनमें आपस में हमेशा तलवारें खिंची रहती हैं। इस्लाम के नाम पर बने पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में शियाओं की लगातार हत्याएं हो रही हैं। उन्हें दोयम दर्जे का इंसान माना जाता है। अफगानिस्तान में तालिबानियों ने हजारों शिया मुसलमानों का कत्लेआम किया है। ईरान और सऊदी अरब में कुत्ते-बिल्ली वाला बैर का मुख्य कारण यही है कि ईरान शिया और सऊदी सुन्नी मुसलमानों का मुल्क है।दरअसल कैथोलिक तथा प्रोटेस्टेंट में कुछ बिंदुओं पर मतभेद रहे हैं। कैथोलिक मदर मैरी की पूजा में भी विश्वास करते हैं। प्रोटेस्टेंट उन पर विश्वास नहीं करते हैं और उनके लिए मैरी केवल यीशु की भौतिक माँ है। हां,दोनों संप्रदायों के लिये ईसा मसीह तथा बाइबिल परम आदरणीय हैं। कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के लिए पवित्र दिन क्रिसमस और ईस्टर ही हैं। सिख धर्म में जाति का मुद्दा काफी जटिल है। गुरु गोबिंद सिंह ने 13 अप्रैल, 1699 को खालसा की स्थापना के साथ सभी जातिगत असमानता को समाप्त कर दिया था। आस्थावान सिख जातिगत भेदभाव नहीं करते हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सभी सिख आवश्यक रूप से अपनी आस्था के अनुसार कार्य करते हैं। नतीजतन, जाति सिख धर्म में मौजूद है, हालांकि शेष भारतीय समाज की तुलना में एक कमजोर रूप में। वैसे सिखों की कुछ प्रमुख जातियों में जाट, अरोड़ा, खत्री, रामगढ़िया, सैनी, छिम्बा आदि हैं। अब बड़ा सवाल वही है कि लोकसभा से लेकर ग्राम पंचायत के चुनावों में जातियों के महत्व पर बात करने वालों को सिर्फ हिन्दुओं की ही जाति क्यों दिखाई देती है। क्या उन्हें अन्य धर्मों में जाति के असर की जानकारी नहीं है या वे अपनी निगाहें सिर्फ हिन्दू धर्म से आगे लेकर ही नहीं जाना चाहते? इससे साफ है कि बहुत सारे स्वयंभू विद्वान अपने को प्रगतिशील साबित करने के लिए हिन्दू धर्म में फैली गड़बड़ियों पर लिखते-बोलते हैं। यह सब करके वे अपने को पूरी तरह से एक्सपोज कर लेते हैं। अगर कोई लेखक बेखौफ होकर ईमानदारी से नहीं लिखता है तो समझ लें कि वह सच्चा लेखक नहीं है। खैर, यह सुखद है कि हिन्दू धर्म में जाति के कोढ़ के खिलाफ अरसे से आवाजें उठती रही हैं। हिन्दू धर्म में जात-पात के खिलाफ बहस चलती रहती है। यही हिन्दू धर्म की शक्ति भी है।**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

## पेट में जलन को शांत करने के लिए करें इन 5 खाद्य पदार्थों का सेवन

बढ़ते तापमान के बीच लोगों को पेट में जलन महसूस होने लगती है, जिसके कारण उलटी भी आ सकती हैं। अपच और एलर्जी इस समस्या के मुख्य कारण हो सकते हैं।पेट में लगातार हो रही जलन को ठीक करने के लिए डॉक्टर के पास जाना चाहिए।हालांकि, आप इस परेशानी का घरेलू उपचार करने के लिए खान-पान में इस्तेमाल होने वाली कुछ चीजों का उपयोग भी कर सकते हैं। इसे शांत करने के लिए ये खाद्य-पदार्थ खाएं।

**केला**

जब आपको अचानक पेट में जलन महसूस हो तो केला खाने से आराम मिल सकता है। केले एंटासिड से भरपूर हैं, जो आपके पेट की जलन से लड़ सकते हैं।इन प्राकृतिक एंटासिड प्रभावों के कारण केले को पचाना भी आसान होता है। यह अपच और बदहजमी जैसे लक्षणों को दूर करने में भी मदद कर सकता है।रोजाना अपनी डाइट में एक केला शामिल करने से आपके पेट का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और जलन ठीक होगी।

**बेकिंग सोडा**

रसोई में इस्तेमाल होने वाला बेकिंग सोडा भी पेट की जलन को शांत करने का कारगर उपाय होता है। बेकिंग सोडा को पानी के साथ मिलाने से यह काउंटर एंटासिड की तरह काम कर सकता है।यह खाद्य-पदार्थ पेट की एसिडिटी को कम करके अपच को दूर करने में मदद करता है। बेकिंग सोडा एक एल्कलाइन पदार्थ है, जो पेट के एसिड को बेअसर करके पेट की जलन, सूजन और गैस से राहत प्रदान कर सकता है।

**च्युइंग गम**

जब आपको किसी ऐसी जगह पर पेट में जलन शुरू हो जाए, जहां खाने की चीजें मिलना मुश्किल हो तो आप च्युइंग गम चबा सकते हैं। च्युइंग गम चबाना आपके पेट की परेशानियों को दूर करने का एक असरदार तरीका है।इससे मुंह में लार का उत्पादन बढ़ता है, जिससे खाने की नली में भरा एसिड साफ होता है। हालांकि, पुदीने के स्वाद वाला च्युइंग गम न खाएं।यह आपकी जलन की समस्या में इजाफा ला सकता है।

**दूध**

सभी के घर में रोजाना चाय का सेवन होता ही है, जो गैस और जलन को बढ़ा सकता है। इसके बजाए जलन महसूस होने पर आप एक गिलास ठंडा दूध पीएं।इसमें उच्च मात्रा में कैल्शियम होता है, जो पेट में भरे एसिड को कम करता है। एसिड के कम हो जाने पर लिहाजा आपको अपच और अन्य पाचन संबंधी परेशानियों से छुटकारा मिल सकता है।आप पेट का स्वास्थ्य दुरुस्त करने के लिए फेर्मेंटेड पेय पी सकते हैं।

**सौंफ**

सौंफ एक एंटीस्पास्मोडिक जड़ी बूटी है, जो अपच को दूर करने के लिए जानी जाती है। साथ ही यह आपको पेट में होने वाली जलन से भी आराम दिला सकती है।रोजाना भोजन करने के बाद एक चम्मच सौंफ खाएं, जिससे पेट में जलन की परेशानी खत्म

# लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### वियोग

ये कालिमा कैसी है, जिसमें तारे भी विलीन हो गए हैं,
अँधेरा है ये अंतरिक्ष का या दीये मन के बुझ गए हैं।
इंद्रधनुष है ये कैसा, रंग जिसके मिट गए हैं,
रंगहीनता है ये आकाश की, या रौशनी आँखों से छीन गए हैं।
अम्बर है ये कैसा, विस्तृतता पर जिसके पहरे लग गए हैं,
संक्षिप्तता है ये नीलाम्बर की, या सपने खुद में सिमट गए हैं।
गहराई है ये कैसी, जिसमे सागर उथल गए हैं,
छिछलापन है ये समंदर का या, दर्द पलकों से टपक गए हैं।
ये खामोशी कैसी है, जिसमें शोर सारे हीं थम गए हैं,
शून्यता है ये ब्रह्माण्ड की, या निःशब्दिता से होंठ सील गए हैं।
ये मेले हैं कैसे, जिसमें एकाकी व्यक्तित्व भटक गए हैं,
आभाव है ये भीड़ का या, दलदल में तन्हाई के रूह धंस गए हैं।
ये खेल है कैसा, जिसमें पराजित से हो गए हैं,
बेवफाई है ये मोहरों की, ये भाव विजय के हमसे मुकर गए हैं।
ये भागमभाग है कैसी, जिसमें कदम ठहर गए हैं,
ठहराव है ये सफर का या, विरक्त शख्सियत से हम हो गए हैं।
ये विरह है कैसा, जिसमें चेहरे तक बादलों के हो गए हैं,
इंतज़ार है ये अनंत का या अनन्तता में यादों की हम बिखर गए हैं।

**मनीषा मंजरी**
**दरभंगा , बिहार**



### पावन पर्व अक्षय तृतीया महत्व

वैशाख माघ शुक्ल तृतीया तिथि है अति विशेष,
सूर्य व चंद्रमा करते अपनी उच्च राशियों में प्रवेश,
बनते हैं अनेकानेक शुभ महत्वपूर्ण राज वैभवशाली योग,
सुख, समृद्धि, ऐश्वर्य, धन, धान्य बरसाते अद्भुत संजोग ।
सतयुग व त्रेता युग का हुआ इस पवित्र तिथि प्रारंभ,
महाभारत के युद्ध का समापन व श्री गणेश जी द्वारा लेखन आरंभ ।
पावन तिथि अक्षय तृतीया को कहते हैं चिरंजीवी तिथि,
परशुराम,नर-नारायण, हयग्रीव विष्णु के अवतार प्रगटे इसी तिथि ।
कुबेर को मिला भगवान शिव की तपस्या कर धन का खजाना,
भगवान कृष्ण को मिला सुदर्शन चक्र और युधिष्ठिर को अक्षय पात्र सुहाना,
चीर हरण हुआ द्रोपदी का श्री कृष्ण ने बढ़ाया अक्षय अंबर,
बिहारी जी के श्री विग्रह चरणों के दर्शन होते पूरे दिन तिथि निरंतर ।
हिंदू व जैन धर्म में इस तिथि की है विशेष मान्यता,
देवी-देवताओं का करते हैं चंदन लेपित श्रृंगार प्रधानता,
माता महालक्ष्मी - विष्णु की भक्त जन करते हैं आराधना,
सच्ची श्रद्धा हो तो पूरी होती हैं हर मनोकामना ।
भक्त सुदामा को मिली इसी तिथि मित्र श्री कृष्ण से धन संपत्ति मिटा विपत,
इसी तिथि जैन धर्म के तीर्थंकर ऋषभ नाथ जी ने पूर्ण किया वरषि तप,
इसी तिथि को बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम के खुलते कपाट हैं,
माता पार्वती तिथि की अधिष्ठात्री देवी बरसाती अमृत प्रसाद है ।
अपने धार्मिक ग्रंथो, पुराणों व संस्कृति का रख लो तुम मान,
ऋषि मुनियों की कठिन तपस्या से प्राप्त हुआ ये रहस्यमई ज्ञान,
स्वयं सिद्ध अनबूझा शुभ मुहूर्त निहित यह कृत प्रगादि तिथि है,
गृह प्रवेश, विवाह, व्यवसाय, विद्या आरंभ करने का सुअवसर है ।
इस तिथि पर हमारे शास्त्रों में बारह विशेष दान बताए गए हैं,
ये वस्त्र, धान, गुड़, तिल, स्वर्ण, चांदी, गो, कन्या, धन, नमक, शहद और भूमि है।
गेहूं, जौ, गुड का प्रसाद किया जाता है विशेषत꞊ इस तिथि वितरण,
दान, हवन, स्नान, पूजन कर बढ़ाएं जीवन में ÷आनंद% अक्षय पुण्य रहे स्मरण ।

**मोनिका डागा आनंद , चेन्नई, तमिलनाडु**



### जितना समझो उतना कम...

हर लकीर छोटी पड़ जाती है,
जीवन में कितना कुछ सिखाती है।
सारी समझ को कम बता कर,
हर परिभाषा को झुठलाती है।
जितना समझो उतनी गहरी,
समुद्र की लहरों पर हो प्रहरी।
विषय अमृत किसके हिस्से,
कुछ करनी कुछ भरनी ठहरी।
करती हूं कोशिश रोज समझने की,
कोई बात समझ ना आती।
हर लकीर छोटी पड़ जाती।
कभी जीवन को जगमग करती,
कभी सूरज सा ताप है भरती।
गोधूलि में धुंधली होकर,
अंधकार से हमें डराती।
कोई बात समझ ना आती
हर लकीर छोटी पड़ जाती।

**मधु अरोरा**
**दिल्ली**



### समझ बूझकर मतदान करो

समझ बूझकर,जरुर मतदान करो।
अच्छे व्यक्ति का चुनाव करो।
राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य समझते हुए
गुमराह करने वालों पर जोरदार प्रहार करो।
देखो कि जाति भले छूट जाए।
देखो कि धर्म भले रूठ जाए।
चुनो उसे कि जो पार लगा दे
उसे नहीं कि जिससे पतवार छूट जाए।
कारवां देखो गुबार नहीं।
दूल्हा देखो बारात नहीं।
चुनना है तो कोई निष्पक्ष चुनो
किसी धर्म का ठीकेदार नहीं।
चुनो उसे कि जो काम आए।
उसे नहीं कि जिसका केवल नाम आए।
मंदिर और मस्जिद तो धर्म का मुद्दा है दोस्तों
सांसद उसे चुनो जो काम करे
क्षेत्र का मान बढ़ाए।

**प्रियंवद प्रभंजन**
**प्रयागराज**



### तूफानों से डरना क्यों

मत घबराना कष्टों से,राहें नवल ही गढ़ना
तूफानों से डरना क्यों, आगे सदा ही बढ़ना
कर्म करो साथी प्यारे, ऋषि -मुनि तपस्या करते
माया काया सब झूठी ,सब कर्म फल ही भरते
जीवन है संग्राम सदा,अब युद्ध तो है लड़ना
तूफानों से डरना क्यों, आगे सदा ही बढ़ना
सीधा -साधा सच्चा मन,मिलता कहाँ है सबको
मिले कृपा जब राघव की,पूछे जगत ये हमको
मन को जीतो दिल देकर ,मोती सतत ही जड़ना
तूफानों से डरना क्यों, आगे सदा ही बढ़ना
शांत हमारा अंतस हो, मांगे यही प्रभु तुमसे
राह सत्य की अपनायें,हो भूल कभी न हमसे
एक जगह जो रुक जाता,निश्चित जलज का सड़ना
तूफानों से डरना क्यों, आगे सदा ही बढ़ना

**कल्पना भदौरिया स्वप्निल**
**लखनऊ उत्तर प्रदेश**



### मुक्तक

लड़कियाँ खिड़कियाँ खुलती नहीं हैं सदा ।
ये मछलियाँ तितलियाँ उड़ती नहीं है सदा ।।
फूल चमन में खिलते और वहीं झरते हैं -
फिर प्रेम नजदीकियाँ मिटती नहीं है सदा ।।
ये तल्खियाँ मस्तियाँ रहती नहीं उम्र भर ।
बालपन नादानियाँ रहती नहीं उम्र भर ।।
सदा बदलते रहते हैं मिजाज मौसम भी -
ये हिचकियाँ बिजलियाँ रहती नहीं उम्र भर ।।
ये नरमियाँ गर्मियाँ रहती नहीं उम्र भर ।
ये फब्तियाँ सख्तियाँ रहती नहीं उम्र भर ।।
जो चाहते वही करते हैं सब दुनिया में -
हस्तियाँ मजबूरियाँ रहती नहीं उम्र भर ।।

**ज्ञानन्द चौबे ज्ञान**
**पलामू झारखंड**



### अंत में हम सब कहानी बन जायेंगे

किसी के किरदार की,
किसी के एहसास की
किसी के हालात की,
किसी के जज़्बात की
किसी के दर्द की,
किसी के राहत की
किसी के गम की,
किसी के मुस्कुराहट की
किसी के हँसने की,
किसी के रोने की
किसी के रूठने की,
किसी के मनाने की
किसी के स्मृति की,
किसी के विस्मृति की
किसी के ख्वाब की,
किसी के हक़ीकत की
किसी के पसंद की,
किसी के नापसंद की
किसी के वफ़ाई की,
किसी के बेवफ़ाई की
किसी के आदि की,
किसी के अंत की
अंत में हम सब कहानी बन जायेंगे.....

**मृणालिनी शुक्ला**
**प्रयागराज, यूपी**



### सूरज की तपन

जेठ मास की भरी दोपहरी
नैनों में जलती चिंगारी
सूरज भी अब तपन बढ़ाये
सबको लगती छाया प्यारी
सुख रहे सब ताल तलैया
बिन जल पीछे सबकी नैया
चार महीना ऐसा लागे
जैसे धूप में अपनी नैया
सुख गई हर डाली देखो
कली फूल फुलवारी देखो
सूरज की ज्वाला है भड़की
पृथ्वी भी मुरझाई देखो
चलो एक संकल्प बनायें
सब मिलकर दो पेड़ लगायें
तपन की गरमी मुरझाये सारी
सबको लगती छाया प्यारी ..

**शिव नंदिनी**
**जालौन, उत्तर प्रदेश**



## पैर पर पैर रखकर बैठते हैं तो हो जाएं सावधान, बिगड़ सकती है सेहत, ये आदत कर सकती है परेशान

पैर पर पैर रखकर बैठना बहुत से लोगों की आदत होती है. ऐसा करना उन्हें कंफर्टेबल लगता है लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसा करना हानिकारक हो सकता है. एक पैर के ऊपर दूसरा पैर चढ़ाकर बैठने से पेल्विक एरिया में बोन एलाइनमेंट की समस्या हो सकती है. इससे ब्लड सर्कुलेशन भी प्रभावित हो सकता है. रिसर्च में पाया गया है कि क्रॉस लेग बैठने वालों में कई परेशानियां होती है. ऐसे में आइए जानते हैं क्रॉस लेग पोस्चर सेहत पर कैसे असर डालता है.बीपी चेक करते समय दोनों पैरों को डॉक्टर जमीन पर रखने को कहते हैं. क्या आपने सोचा है कि ऐसा क्यों किया जाता है. दरअसल, जमीन पर दोनों पैर रखने से ब्लड फ्लो बेहतर रहता है. रिसर्च में पाया गया है कि पैर पर पैर रखकर बैठने से ब्लड प्रेशर टेम्परारी स्पाइक होने का जोखिम हो सकता है. ऐसा घुटनों से पैरों को क्रॉस करके बैठने से होता है.जब खून ब्लड वेन्स से गुजरते हुए हार्ट तक नहीं पहुंच पाते या पंपिंग होने के बावजूद ब्लड फ्लो में परेशानी होती है, तब वेन्स में ब्लड बैक फ्लो होने लगता है, इससे वैरिकोज वेन्स की समस्या हो सकती है. इसका असर शरीर के कई अंगों पर पड़ सकता है. ऐसा ब्लड क्लॉट की वजह से होता है. क्रॉस लेग करके बैठने से कई और समस्याएं हो सकती हैं.

# लोकसभा चुनाव को लेकर सामान्य प्रेक्षक ने अधिकारियों के साथ की बैठक

## निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करायें-प्रेक्षक

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कौशाम्बी के सामान्य प्रेक्षक डा0 विशाल आर एवं प्रतापगढ़ के सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार मालापति (आई0ए0एस0) ने कल देर सायंकाल विकास भवन सभागार में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने प्रेक्षकगणों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन की समस्त तैयारियों के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रेक्षकगणों ने उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद का मतदान प्रतिशत कम रहता है इसलिये जनपद के मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूक किया जाये जिससे वे अपने घरों से निकलकर मतदान दिवस दिनांक 20 मई को विधानसभा कुण्डा तथा बाबागंज (संसदीय क्षेत्र



कौशाम्बी) एवं 25 मई संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में अपने सम्बन्धित मतदान केन्द्रों पर जाकर मताधिकार का प्रयोग करें जिससे जनपद में शत प्रतिशत मतदान हो सके। उन्होने कहा कि चुनाव के दौरान जो भी छोटी-छोटी कमियॉ हो उसे समय रहते दुरूस्त करा लिया जाये। उन्होने अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न करायें। उन्होने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद में जो संवेदनशील तथा अति संवेदनशील बूथ है वहां पर कड़ी निगरानी रखें और सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम करें। मतदेय स्थलों पर पोलिंग पार्टियों को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े इस पर विशेष ध्यान दिया जाये।

सोशल मीडिया सेल पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये गये और कहा कि कोई भी आपत्तिजनक खबर प्रसारित होती है तो उसका निस्तारण तत्काल कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना सभी की जिम्मेदारी है इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सतपाल अंतिल ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था के सम्बन्ध में प्रेक्षकगणों को विस्तृत जानकारी दी और कहा कि मतेदय स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये है, अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी की जा रही है, विभिन्न टीमों का गठन कर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, समस्त प्रभारी अधिकारी, पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्रीन वोटिंग अभियान के तहत शत प्रतिशत मतदान की दिलाई गई शपथ

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** पर्यावरण सेना द्वारा ग्रीन वोटिंग अभियान के तहत मतदाता संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को हरित मतदान हेतु किया गया जागरुक।पर्यावरण सेना द्वारा मान्धाता के प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में नगर पंचायत मांधाता के संयोजन में मतदाता संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रीन वोटिंग अभियान के तहत मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान और उसके बाद पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक किया गया।इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रीन वोटिंग अभियान के संयोजक यूथ ब्रांड एम्बेसडर एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार भी है और राष्ट्रीय कर्तव्य भी।हमें मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।



उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शतप्रतिशत मतदान के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए एक एक पेड़ भी लगाएं जिससे धरती का पर्यावरण संतुलित बना रहे।अध्यक्ष नगर पंचायत मांधाता के प्रतिनिधि बादल पटेल ने कहा कि पर्यावरण सेना का ग्रीन वोटिंग अभियान एक अनोखा प्रयास है।इससे एक ओर जहां वोट देने से लोकतंत्र मजबूत होगा वहीं पेड़ लगाने से हमारी पृथ्वी से प्रदूषण समाप्त होगा।उन्होंने सभी मतदाताओं से हरित मतदान करने और लोगों को शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक करने की अपील की।नगर पंचायत मांधाता के कार्यकारी अधिकारी राबिन सिंह ने सभी लोगों से शत प्रतिशत मतदान करने के साथ ही ग्रीन वोटिंग अभियान के तहत एक एक पेड़ लगाने और उसे संरक्षित करने हेतु प्रेरित किया।इस मौके पर पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने सभी को शत प्रतिशत एवं हरित मतदान करने की शपथ दिलाई।इस मौके पर अमित मोदनवाल,कमलेश कुमार,अखिलेश कुमार एवं नमन कुमार तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# शुकदेव जी ना होते तो शायद आज हमें मुक्ति का रास्ता ना मिलता- धर्माचार्य ओमप्रकाश

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** रामानुज आश्रम में श्रीमद्भागवत के प्रस्तोता कृष्णद्वैपायन के पुत्र परम पूज्य शुकदेव जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।प्रातः काल देवप्रयाग से आए हुए गंगाजल से भगवान शालिग्राम तथा आपका एवं श्रीमद्भागवत का अभिषेक हुआ। पूजन अर्चन करने के पश्चात धर्माचार्य ओमप्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास ने कहा कि जीवों के कल्याण के लिए कलयुग के आगमन के पश्चात राजा परीक्षित को गंगा के पावन तट पर शुकताल में अनेक मुनियों ऋषियों संतों की उपस्थिति में आपने राजा परीक्षित को मुक्ति प्रदान करने हेतु श्रीमद्भागवत कथा श्रवण कराया था।जो भगवान श्री कृष्ण का वांग्मय स्वरूप है। आज सनातन धर्म को मानने वाले लोग पितरों की मुक्ति हेतु गया जगन्नाथ पुरी एवं श्री बद्री



विशाल में ब्रह्म कपाल पर पिंडदान करके श्रीमद्भागवत भागवत कथा श्रवण करते हैं।श्रीमद्भागवत भक्ति मुक्ति का रास्ता दिखाता है। देवताओं में अच्युत कृष्ण वैष्णवों में शंकर बहने वाले जल में गंगा क्षेत्रों में काशी पुराणों में श्रीमद्भागवत महापुराण श्रेष्ठ है। श्रीमद्भागवत पुराणों का तिलक है। वैष्णव जन का परम धन है। परमहंसों की संहिता है। भक्ति ज्ञान वैराग्य का की इसमें त्रिवेणी बहती है। ऐसी भागवत रूपी त्रिवेणी का अवगाहन करने से गोविंद की प्राप्ति होती है। जो हमें शुकदेव देव मुनि के द्वारा प्राप्त हुई है। शुकदेव जी ना होते तो शायद आज हमें मुक्ति का रास्ता ना मिलता।

# मृतक युवक के शिनाख्त में जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के पुरानी पेट्रोल पम्प के सामने से गुजरे हाइवे पर बीती रविवार की देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से तीस वर्षीय युवक की मौत को गयी थी। युवक के शव के शिनाख्त को लेकर पुलिस आसपास के थानों व गैरजनपदों तक सूचना देकर जानकारी जुटाने में लगी है। लेकिन अभी तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पायी है। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि शिनाख्त न होने से शव को जिला मुख्यालय स्थित मर्चरी हाउस में सुरक्षित रखा गया है। बहत्तर घण्टे बाद भी शिनाख्त न होने पर शव को लावारिस में पीएम कराकर अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

# पिता का जाना छत का जैसे फट जाना.....

## निष्पक्ष पत्रकारिता के मिशाल थे डा. आर.के. विद्यार्थी



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** पल्टन बाजार स्थित विद्यार्थी कैंपस में पत्रकार, डाक्टर व समाजसेवी डा. आर0के0 विद्यार्थी जी के प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर संस्कार दिवस विचार एवं काव्य गोष्ठी के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थी जी के माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजा अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यार्थी जी सरल व्यक्तिव्य के धनी निष्पक्ष पत्रकारिता के मिशाल थे तथा उनका जीवन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरक स्वरूप प्रदान करता है। समाजसेवी हेमन्त नन्दन ओझा ने उन्हे सहज हृदय के बताते हुए पत्रकार, कुशल होम्योपैथिक डाक्टर के साथ वास्तविक समाजसेवी बताया तो कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार पं. राम सेवक त्रिपाठी ने विद्यार्थी जी के जीवन वृतान्त पर विस्तृत प्रकाश डाला। इसके अलावा भूपेन्द्र शुक्ल, डॉ. पियूषकान्त शर्मा, शैलेन्द्र मिश्रा ''वरिष्ठ पत्रकार'', सन्तोष पाण्डेय आदि ने भी उन्हें आदर्श पत्रकार संघ समाज के वास्तविक प्रेरक व्यक्तित्व बताया। काव्यगोष्ठी की शुरूआत कावित्री अर्चना सिंह ने वाणी वन्दना से किया। कवि सुरेश नारायण व्योम ने अपने गीत आनन्दम्-आनन्दम् पढ़ा तो श्रोता झूम उठे वही कवि चन्द्रकान्त शाश्वत ने मुहब्बत में कहा कब कौन किसकी जान बन जाए, न हो मुमकिन जिसे पाना वहीं अरमान बन जाए जैसे रचनाओं से समाज की सच्ची तस्वीर उकेरी । गीतकार सुनील प्रभाकर ने 'अंधेरे कौन काटेगा, सवेरे कौन बाँटेगा ? जलाकर जिन्दगी अपनी उजाले कौन बाँटेगा ? से एक प्रश्नवाचक चिन्ह लगा दिया। संचालक अनूप अनुपम ने पिता के जाने के बाद वो स्थितियों को दशाते हुए पढ़ा कि ''तुमको भी आभाष हुआ तो होगा ही, पिता का जाना छत का जैसे फ्ट जाना''। तथा अनुरोध किया कि ''उसके दिल को मत दुखलाना वरना तुम पछताओगें, बिना पिता का कैसे जीवन तुमसे समझ न पाओगे।'' पढ़ा तो लोगों की आँखे आशुओं से भर गई। इस अवसर पर राजेश प्रतापगढ़ी, डॉ. अनुज नागेन्द्र, अनीश देहाती, राजनारायण शुक्ल 'राजन' आदि ने भी अपनी रचनाओं से श्रद्धान्जलि अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन अनूप अनुपम व अध्यक्षता पं. राम सेवक त्रिपाठी ने किया। उक्त अवसर पर पत्रकार शैलेन्द्र मिश्र,संतोष मिश्र भगवन, परितोष विद्यार्थी, धर्मेन्द्र सिंह, उमेश सिंह, अश्वनी सिंह, आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में मनीष विद्यार्थी ने आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# आंगनवाडी कार्यकत्री को बहाल करने की मांग



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जनपद की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिका बहनों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर लखनऊ में निदेशक महोदया से मुलाकात की। इस दौरान निदेशक ने जल्द से जल्द कायवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान कार्यकत्रियों ने निदेशक को अवगत कराया कि सरसावा की सहाई का पितनी देवी जिनको 2020 में फर्जी तरीके से सेवा समाप्त कर दी गई थी । उनको बहाल कर माह मई मेंचार साल का एरियर सहित भुगतान करने का आश्वासन दिया गया था। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा समस्त सीडीपीओ एवम प्रभारी सीडीपीओद्वारा अवैध रूप से धन उगाही पर रोक लगाई जाए। औमिनी को बड़ी बनाने के नाम पर 10000 प्रति आंगनवाड़ी से वसूली का आरोप लगाया। साथ ही समस्याओं का निराकरण करने की मांग कीघ। निदेशक ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष माया सिंह समेत सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका मौजूद रहीं।

# संयुक्त अधिवक्ता संघ के संदीप सिंह अध्यक्ष तथा सूर्यकांत निराला महामंत्री हुये निर्वाचित

लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के चुनाव मे मंगलवार की देर शाम आये नतीजे मे संदीप सिंह अध्यक्ष तथा सूर्यकांत शुक्ल निराला महामंत्री निर्वाचित हुये। चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने चुनाव परिणामों की जैसे ही घोषणा की विजयी उम्मीदवारों के समर्थक खुशी से झूम उठे। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विभाकर शुक्ल ने इधर उपाध्यक्ष पद पर बालेन्दु त्रिपाठी तथा कोषाध्यक्ष पद पर अभिषेक शुक्ल निर्वाचित हुए। अध्यक्ष पद पर संदीप सिंह ने छान्नवें मतों से निकटतम प्रतिद्वंदी शैलेन्द्र मिश्र को पराजित किया तथा सूर्यकांत शुक्ल निराला ने एक सौ बारह मतों से महामंत्री पद पर निकटतम प्रत्याशी संजीव कुमार तिवारी भीम को शिकस्त दी है। संदीप सिंह ने अध्यक्ष पद पर दो सौ बीस मत प्राप्त कर शानदार जीत हासिल की है। अध्यक्ष पद पर निकटतम प्रतिद्वंदी



शैलेन्द्र कुमार मिश्र को एक सौ तेईस, प्रवीण यादव अठहत्तर, राजेशचंद्र तिवारी चौरासी, विजय त्रिपाठी को एक, संतोष कुमार पाण्डेय इक्तीस तथा विनोद कुमार मिश्र को सात तथा घनश्याम मिश्र को मात्र एक मत मिले। महामंत्री पद पर जीते सूर्यकांत निराला को दो सौ उन्नीस, निकटतम प्रतिद्वंदी संजीव कुमार तिवारी भीम एक सौ सात, अरविंद पाण्डेय पैंतालिस, महेश कुमार पटेल पन्चान्वें, हरिश्चंद्र पाण्डेय अठहत्तर मत हासिल किये। वहीं उपाध्यक्ष सिविल पद पर निर्वाचित हुए विभाकर नाथ शुक्ल थानेदार को एक सौ निन्यान्वे मत तथा निकटतम प्रतिद्वंदी अबरार अहमद को एक सौ पचासी एवं शैलेन्द्र चतुर्वेदी को एक सौ सत्तावन मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित बालेन्दु कुमार तिवारी को दो सौ चालीस तथा निकटतम प्रतिद्वंदी आशीष तिवारी को एक सौ बान्नवे, विनय जासवाल गबलू को एक सौ तेरह मत हासिल कर सके। कोषाध्यक्ष पद पर सीधे मुकाबले में अभिषेक कुमार शुक्ल ने तीन सौ आठ मत प्राप्त कर जीत हासिल की। नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र तथा महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने चुनाव समिति कार्यालय पर समारोहपूर्वक प्रमाण-पत्र प्रदान किया। समारोह का संचालन पूर्व अध्यक्ष एवं समिति के प्रवक्ता विकास मिश्र ने किया। इस मौके पर चुनाव समिति के वीरेन्द्र सिंह, राव वीरेन्द्र सिंह, शिवाकांत उपाध्याय, रामलगन यादव, राधारमण शुक्ल, कालिका प्रसाद पाण्डेय, अजय शुक्ल गुडडू, बेनीलाल शुक्ल भी मौजूद रहे।

# विजय की हुई घोषणा, खुशी से झूम उठे समर्थक

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के मंगलवार को चुनाव परिणाम आते ही लालगंज तहसील परिसर मे जश्न छा गया। विजयी पदाधिकारियो के समर्थको ने गोले दागे तथा गाजे-बाजे की धुन पर जुलूस निकाला। समर्थकों ने विजयी पदाधिकारियों को फूल व मालाओ से लाद दिया। इसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप सिंह व महामंत्री सूर्यकांत शुक्ल निराला तथा उपाध्यक्ष सिविल विभाकर शुक्ल व उपाध्यक्ष बालेन्दु त्रिपाठी तथा कोषाध्यक्ष अभिषेक शुक्ल समेत विजयी प्रत्याशियों ने साथी वकीलों का आभार जताया। नव निर्वाचित महामंत्री सूर्यकांत शुक्ल निराला तथा उपाध्यक्ष बालेन्दु त्रिपाठी एवं उपाध्यक्ष सिविल विभाकर शुक्ल एवं कोषाध्यक्ष अभिषेक शुक्ल ने समर्थकों के साथ बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचे और मत्था टेका।

# संदिग्ध दशा में फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध दशा में युवक का शव फांसी के फन्दे से लटकता मिला। मामले की जानकारी होते ही वहां लोगों की भीड़ जुट गयी। घटना को लेकर मृतक के परिवार के लोग हत्या का आरोप भी लगा रहे हैं। शव को कब्जे में लेकर पुलिस घटना की जांच कर रही है। लालगंज कोतवाली के पूरे वक्तावर रामपुर बावली निवासी उन्नीस वर्षीय अंकुश सरोज पुत्र रामलखन सरोज जसमेढ़ा में एक आम की बाग खरीदकर उसकी रखवाली करता था। मंगलवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे बाग में ही संदिग्ध दशा में उसका शव फांसी के



फंदे से लटकता मिला। उधर से गुजर रहे कुछ ग्रामीणों ने युवक का शव फांसी के फंदे से लटकते देखा तो भागकर इसकी सूचना गांव के लोगों को दी। सूचना पाते ही वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। इसी बीच मृतक के परिवार के लोग भी आ गये। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को नीचे उतारकर पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। मृतक के दो भाई व तीन बहनें हैं। घटना को लेकर लोगों में प्रेम प्रपंच की चर्चा है। इधर मृतक के बड़े भाई राजेन्द्र सरोज ने हत्या का आरोप लगाया है। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। मृतक का भाई हत्या का आरोप लगा रहा है। मामले में प्रेम प्रपंच की चर्चा भी है। जांच की जा रही है, तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# राहगीरों को पिलाया शरबत




**लालगंज, प्रतापगढ़।** वैशाख माह के तपन भरी गर्मी लोगों को हलाकान किये है। ऐसे में राहगीरों को शरबत पिलाना पुण्य कार्य है। लालगंज अन्तर्गत मोहनपुर भटनी में स्वामी करपात्री मार्ग पर मंगलवार को स्वामी करपात्री सेवा संस्थान की तरफ से राहगीरों को शरबत पिलाकर गर्मी में प्यास से राहत दिलाने का कार्य किया गया। शरबत पीकर राहगीर गर्मी में राहत लेते दिखे। कार्यक्रम का आयोजन विजय तिवारी व संयोजन अनुराग तिवारी ने किया। इस मौके पर सुरेन्द्र कुमार, राकेश त्रिपाठी, श्रीकान्त तिवारी, नागेन्द्र तिवारी, अनूप मिश्र, अर्पित, आदर्श, अनूप तिवारी, आनन्द तिवारी, अभिषेक आदि ने सहभागिता निभायी।

# हमलावरों की तलाश में जारी है दबिश

**देल्हूपुर, प्रतापगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चंघईपुर में कल शाम बाईक छीन कर भाग रहे अज्ञात बदमाशों को रोकने के प्रयास में बदमाशों ने चाचा भतीजे को गोली मारकर घायल कर दिया था। घायलों की हालत में सुधार हो रहा है।आज दूसरे दिन कोई मुकदमा नहीं लिखा गया। थानाध्यक्ष धनंजय राय ने बताया अभी तक कोई तहरीर नही मिली है । बदमाशों की तलाश की जा रही है।सीओ रानीगंज प्रभाकर साहनी और थानाध्यक्ष धनंजय राय द्वारा कई ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस ने तीन संदिग्धों को पूछताछ के लिए उठाया है।

# अनियंत्रित पिकप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दो गंभीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अनियंत्रित पिकप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। इलाज को ले जाने के दौरान एक युवक की रास्ते में ही मौत हो गयी। वहीं दो की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। अन्तू थाना क्षेत्र के किठावर नंदलाल का पुरवा निवासी शिवमूरत वर्मा 30 अपने गांव के रामराज वर्मा 32 व छतरपुर शिवाला गांव निवासी शुभम 24 के साथ एक बाइक से मंगलवार को सांगीपुर के भैंसना गांव में अपने रिश्तेदार के यहां शोक संवेदना जताने जा रहे थे। सांगीपुर के नौबस्ता के समीप दोपहर करीब डेढ़ बजे सामने से आ रही तेज गति से मैजिक पिकप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर भेजवाया। यहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने तीनों युवकों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही गंभीर रूप से घायल शिवमूरत वर्मा की मौत हो गयी। वहीं जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने शुभम की हालत गंभीर देख उसे प्रयागराज मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। उधर घटना के बाद पिकप लेकर चालक फरार हो गया।

# बाइक की टक्कर से सड़क पार कर रही महिला की मौत



लोकमित्र ब्यूरो

**रखहा,प्रतापगढ़।** सड़क पार कर घर जाने के लिये निकली महिला को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दिया, जिससे उसकी अस्पताल में मौत हो गई । टक्कर के बाद बाइक चालक भी गिरकर घायल हो गया, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।दिलीपपुर थाना क्षेत्र के नौहर हुसैनपुर निवासी बाबूलाल गुप्ता ने गनईडीह तिराहे के पास चाय नाश्ते की दुकान खोल रखी है । सोमवार की रात 9,15 बजे दुकान बंद कर घर जा रहा था । उसकी पत्नी 48 वर्षीया सुमन देवी गुप्ता पैदल ही सड़क पार कर रही थी इसी दौरान पट्टी से प्रतापगढ़ की ओर जा रही तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी । जिससे वह उछलकर दूर जा गिरी तथा सिर में अधिक चोट लगने के कारण बुरी तरह घायल हो गई । मौके पर परिजनों सहित अन्य लोगों ने महिला को इलाज के लिए प्राइवेट वाहन से मेडिकल कॉलेज ले गये, जहां इलाज के दौरान उसकी सांसे थम गई ।इधर टक्कर की बाद बाइक सवार भी सड़क पर गिरकर घायल हो गया जिन्हें मौके पर पहुंची दिलीपपुर पुलिस ने बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया । मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया । मौके पर पहुंचे दिलीपपुर थाने के उप निरीक्षक सुरेश यादव ने मृतका की शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया । पोस्टमार्टम के बाद शव जब घर-घर लाया गया तो सभी रोने बिलखने लगे । मृतका सुमन देवी गुप्ता की दो बेटी गायत्री, गोमती तथा एक बेटे रोहित की शादी हो चुकी है, छोटा बेटा राहुल गुप्त की शादी अभी नहीं हुई है । मौत से चारों बच्चे अनाथ हो गये ।

# पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक, सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना हथिगवां के उ0नि0 श श्याम बिहारी सिंह ने मय हमराह उ0नि0 अमित कुमार चौहान, का0 मानवेन्द्र सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 21,2024 धारा 363, 366, 376(2छ) भादवि व 5(स),6 पॉक्सो एक्ट' में वांछित अभियुक्त बादल सरोज पुत्र रामआसरे निवासी डेरवा श्रींगवेरपुर थाना नवाबगंज, जनपद प्रयागराज' को

# फांसी के फन्दे से लटक कर युवक ने दी जान

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर के कमरे में फांसी के फंदे से युवक का शव लटकता देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। लीलापुर थानान्तर्गत मुल्तानीपुर गांव निवासी गंगा प्रसाद ओझा का पुत्र पुनीत 32 का शव मंगलवार की सुबह घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकता मिला। परिजनों के अनुसार मंगलवार सुबह पुनीत के काफी देर तक सोकर न उठने पर घर के लोग आवाज लगाये। जबाब न मिलने पर लोग कमरे के पास पहुंचे तो दरवाजा अंदर के बंद था। खिड़की से झांकने पर अंदर पुनीत को फांसी के फंदे से लटका देख लोग चीखने चिल्लाने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पुनीत को फांसी के फंदे से निकलवाया। लेकिन तब तक उसकी सांस थम चुकी थी। इसके बाद पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। एसओ नरेन्द्र सिंह का कहना है कि मामला आत्महत्या का लग रहा है। मृतक के भाई सुशील ने इत्तेफाकिया तहरीर दी है। पीएम रिपोर्ट आने पर मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# बाल विवाह करने पर होगी विधिक कार्यवाही-जिला प्रोबेशन अधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया है कि अक्षय तृतीया 10 मई 2024 के अवसर पर होने वाले बाल विवाह का प्रकरण यदि किसी आम जनमानस के संज्ञान में आता है या कहीं हो रहा है तो इसकी सूचना तत्काल जिला प्रोबेशन अधिकारी, 1098 चाइल्ड लाइन, बाल कल्याण समिति एवं पुलिस विभाग को दे सकते है क्योकि बाल विवाह समाज के लिये अभिशाप है।

# हाई स्कूल में रतन श्रीवास्तव 92.8 प्रतिशत तो इंटर में शिखर मिश्रा ने 96% अंक हासिल कर बने टॉपर

## टॉप 10 में जीसस एंड मैरी स्कूल के हाई स्कूल इंटर में सात सात एवं स्टार वर्ड्स के तीन तीन छात्र रहे शामिल













**बलरामपुर।** सोमवार को कार्उसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (आईसीएसई) हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित हुआ इस बार हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट में बेटों का दबदबा रहा। हाई स्कूल में जीसस एंड मैरी स्कूल और कॉलेज के शिखर मिश्रा 96त्न एवं हाई स्कूल में रतन श्रीवास्तव 92.8त्न अंक हासिल कर जिला टॉप किया है। जिले की टॉप टेन सूची में हाई स्कूल में जीसस मैरी स्कूल के रतन श्रीवास्तव 92.8 प्रतिशत, जीत श्रीवास्तव 91.4 प्रतिशत अनिकेत सिंह 91.2 प्रतिशत टॉप 3 में रहे हैं टॉप 4 में स्टार वर्ड्स पब्लिक इंटर कॉलेज तुलसीपुर की छात्रा खुशी सिंह 91त्न हासिल किया है वही टॉप फाइव में जीसस एंड मैरी स्कूल के फुरकान अहमद 90त्न टॉप 6 श्रुजिता सिंह 89.2त्न टॉप 7 स्टार वर्ल्ड इंटर कॉलेज तुलसीपुर की हिमांशु 89त्न टॉप 8 ईशान सिंह 89त्न एवं टॉप 9 में जीसस एंड मैरी स्कूल के वैभव विश्वकर्मा 88.4 प्रतिशत एवं टॉप टेन में इसी विद्यालय के यूनुस अबरार अंसारी 88.2 प्रतिशत अंक लाकर जिले के टॉप टेन में शामिल रहे हैं इसी क्रम में इंटरमीडिएट में जीसस मैरी के शिखरमिश्रा 96त्न अंक हासिल कर टॉपर रहे हैं वही मोहम्मद असलम अंसारी 95.5 उमरा वारसी 93.8 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप 3 में रहे हैं टॉप 4 में स्टार वर्ड्स इंटर कॉलेज तुलसीपुर के सुहानी पटेल 92.8 प्रतिशत हासिल किया है टॉप 5 में जीसस एंडमैरी स्कूल के मयंक गुप्ता 91.5त्न टॉप सिक्स अनुजा पांडेय 91.3 प्रतिशत टॉप 7 हेमंत शुक्ला 88.3त्न टॉप 8 में स्टार वर्डस इंटर कॉलेज तुलसीपुर के सजल साहू 88.2त्न टॉप 9 में जीसस एंड मैरी इंटर कॉलेज के रोशन वर्मा 87.8 प्रतिशत अमर सिंह 87.5त्न अंक हासिल कर टॉप टेन सूची में शामिल रहे हैं वही जीसस एंड मैरी इंटर कॉलेज में वाणिज्य शंकर इंटर में अरुणिमा पांडे 90त्न एवं प्रियांशु गुप्ता 80.8 प्रतिशत अंक हासिल किया है।

विद्यालय प्रिंसिपल के बटर फील्ड ने बताया आईसी एस सी नई दिल्ली की कक्षा इंटर बोर्ड परीक्षा में 12 फरवरी से 4 अप्रैल 2024 तक एवं हाई स्कूल की 21 फरवरी से 28 मार्च तक आयोजित की गई थी इस बार जीसस एंड मैरी स्कूल एंड कॉलेज एवं स्टार वर्ड्स इंटर कॉलेज तुलसीपुर परीक्षा केंद्र बनाए गए जिले में दो स्कूल काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन से संचालित है । जीसस मेरी और स्कूल का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा है टॉप 10 में लगभग इसी विद्यालय के बच्चे शामिल रहे हैं।

जीसस एंड मैरी स्कूल में हाई स्कूल में 169 एवं इंटरमीडिएट में 123 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिया है परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा है वही स्टार वर्ड्स इंटर कॉलेज मैं हाई स्कूल में 143 में दो छात्र अनुपस्थित रहे हैं वहीं इंटरमीडिएट में 99 में तीन छात्र अनुपस्थित रहे हैं परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा है।

विद्यालय प्रबंधक लाइव बटरफील्ड एवं फाउंडर कैथलीन वटरफील्ड मैं सभी सफल परीक्षार्थियों एवं उनके अधिकारों को बधाई देते हुए बच्चों को अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया है विद्यालय प्रशासक क्रेग वटर फिल्ड ने बताया कि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना तकनीकी विभाग द्वारा डीस्टलाइजेशन सुविधा प्रदान की जा रही है इस सुविधा से परीक्षा परिणाम मार्कशीट एवं प्रमाण पत्र की डिजिटल हस्ताक्षर साथ कॉफी सुरक्षित रख सकेंगे एवं अपने रिजल्ट भी संबंधित वेबसाइट पर देख सकते हैं

वहीं दूसरी तरफ स्टार वर्ड्स इंटर कॉलेज तुलसीपुर प्रबंधक विनोद सिंह कलहंस एवं प्रिंसिपल प्रभा सिंह ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा है विद्यालय में हाई स्कूल में 143 में दो छात्र अनुपस्थित रहे हैं वहीं इंटरमीडिएट में 99 में तीन छात्र अनुपस्थित रहे हैं सभी उपस्थित छात्र का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा है।

उन्होंने विद्यालय के बच्चों को अपने लक्ष्य को हासिल कर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया है।

### अधिवक्ता के बेटे ने किया इंटर टॉप

पीलीभीत गांव निवासी अधिवक्ता पंकज मिश्रा के बड़े बेटे शिखर मिश्रा ने आईसीएससीई इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में जीसस एंड मैरी एंड कॉलेज में 96त्न अंक हासिल कर टॉप किया है। मध्यमवर्गीय परिवार के शिखर मिश्रा यूपीएससी तैयारी के माध्यम सेकंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग करके तकनीकी क्षेत्र में देश का नाम रोशन करना चाहते हैं प्रतिभाशाली छात्र ने सफलता का श्रेय पिता व्यवस्था पंकज पांडे एवं ग्रहणी माता संजू मिश्रा को दिया है उनके आदर्श मम्मी पापा एवं विद्यालय के प्रिंसिपल शिक्षक हैं इस छात्रा ने अपने जूनियर छात्रों से अपील किया है कि कम से कम मन लगाकर 6 से 8 घंटे पढ़ाई करें साथ ही साथ इंग्लिश विषय पर विशेष ध्यान दें। मेधावी छात्र हाई स्कूल में भी टॉपर रहे हैं।

### अभिकर्ता के बेटे ने हाई स्कूल किया टॉप

भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता सुधीर श्रीवास्तव के बेटे रतन श्रीवास्तव ने जीसस एंड मैरी स्कूल के आईसीएससीई हाई स्कूल में टॉप कर जिले का मान बढ़ाया है उनके सफलता पर विद्यालय प्रिंसिपल कैथलीन बटरफील्ड प्रबंधक क्लाइव बटरफील्ड एवं प्रशासक क्रेगबटरफील्ड ने प्रशांत व्यक्त करते हुए बधाई दी है प्रतिभाशाली रतन श्रीवास्तव ने सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षक प्रिंसिपल एवं माता-पिता के कुशल मार्गदर्शन को दिया है उनका सपना मेडिकल के क्षेत्र में एमबीबीएस चिकित्सक बनकर गरीबों की सेवा करना है उन्होंने छात्रों को सफलता का मूल मंत्र कम से कम 6 घंटे नियमित रूप से पढ़ाई करके लक्ष्य को हासिल करना बताया है

### अनुजा का सपना आईएएस बनकर गरीबों की सहायता करना

धुसाह गांव निवासी कृष्ण कुमार पांडेय की बेटी अनुजा पांडेय जीसस एंड मैरी इंटर कॉलेज के इंटरमीडिएट मैथ ग्रुप ने 91.34 प्रतिशत हासिल कर टॉपर रही है इनका सपना सिविल सर्विसेज की तैयारी करके आईएएस बंद कर गरीबों को न्याय दिलाने के साथ उनकी सहायता करना है।

इन्होंने बताया कि सफलता का मूल मंत्र कम से कम 6 घंटे नियमित रूप से पढ़ाई करनी है साथ ही साथ गणित अंग्रेजी एवं साइंस विषय पर विशेष ध्यान देना है सफलता का श्रेय माता सीमा पांडेय पिता कृष्ण कुमार पांडे एवं विद्यालय के प्रिंसिपल शिक्षक एवं परिवार के सदस्यों के कुशल मार्गदर्शन को दिया है टॉपर छात्र ने अपने जूनियर साथियों से अपील किया है की खूब मेहनत एवं ईमानदारी से तैयारी करके स्कूल के साथ जिले का नाम रोशन करे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से इंटर में टॉप टेन में सफल रही है इस तरह से सिविल सर्विसेज की तैयारी करके एक दिन स्कूल जिला एवं परिवार का नाम रोशन करने का सपना है जिसके लिए अभी से वह तैयारी में जुटी हुई है।

# नामांकन पत्रों की जांच पूर्ण, 09 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र पाये गये वैध

**सुलतानपुर।** 38 लोकसभा सुलतानपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिये दाखिल 36 नामांकन पत्रों की जांच भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक रंजीत कुमार की उपस्थिति में आज रिटर्निंग ऑफिसर कृत्तिका ज्योत्स्ना द्वारा की गयी। दाखिल नामांकन पत्रों में से 09 अभ्यर्थियों के 18 नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा 17 अभ्यर्थियों के 18 नामांकन पत्र विभिन्न कमियों के कारण निरस्त किये गये। इस प्रकार 38-सुलतानपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु 09 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र पूर्ण व सही पाये गये। जिला निर्वाचन अधिकारी/रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि 38-सुलतानपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी मेनका संजय गाँधी, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राम भुआल निषाद, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी उदराज वर्मा, मोस्ट बैकवर्ड क्लासेज ऑफ इण्डियन के प्रत्याशी डॉ0 शिवशंकर इण्डियन, अपना देश पार्टी के प्रत्याशी अब्दुल मावूद, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी के प्रत्याशी जय प्रकाश, आजाद पार्टी के प्रत्याशी गिरीश लाल, निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद आसिफव उदयराज वर्मा के नामांकन जांचोपरान्त वैध पाये गये। इस प्रकार राजनैतिक/गैर राजनैतिक दलों के कुल-09 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र जॉचोपरान्त वैध पाये गये। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर/उप जिलाधिकारी सदर टी.पी. सिंह व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर/उप जिलाधिकारी बल्दीराय विदुषी सिंह सहित 20 अभ्यर्थी भी मौजूद रहे।

# चार जिलों में ग्रेजुएट ऑफिसर्स एसोसिएशन का हुआ गठन

## लोकतांत्रिक तरीके से ब्रांच की कमेटी चुनी गई, मौके पर उच्चाधिकारी रहे मौजूद

**सुल्तानपुर।** आज दिनांक 06 मई को बीएसएनएल में आल इंडिया ग्रेजुएट टेलीकॉम इंजीनयर ऑफिसर्स एसोसिएशन की बिज़नेस एरिया में शाखा का गठन हुआ। इस ब्रांच के अंतर्गत सुल्तानपुर रायबरेली प्रतापगढ़ और जौनपुर हैं। शाखा का गठन परिमंडल सचिव शंकर सरन चौधरी की अध्यक्षता और परिमंडल अध्यक्ष शारदा प्रसाद और सहायक परिमंडल सचिव ज्ञानेंद्र कुमार की उपस्थिति में किया गया। जिसका संचालन रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार मंडल अभियंता ने किया। जिसमे सर्व सम्मति से चन्द्र प्रकाश उप मंडल अभियंता सेल्स एवं मार्केटिंग को जिला सचिव, जिला अध्यक्ष अनुराग सिंह, उप मंडल अभियंता रायबरेली एवं जिला कोषाध्यक्ष सुरभि तिवारी उप मंडल अभियंता प्रतापगढ़ और जिला उप सचिव नवीन कुमार अवर दूर संचार अधिकारी जौनपुर को चुना गया।

इस मौके पर उप मंडल अभियंता जितेंद्र सिंह राठौर, ओ पी वर्मा, राम दीन कुशवाहा, संदीप शुक्ला, रविन्द्र प्रताप सिंह, सुनील कुमार दुबे, कृष्णा नंदन मौर्य अवर दूरसंचार अधिकारी सहित चारो जिले के ग्रेजुएट ऑफिसर्स एसोसिएशन के लगभग सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

# यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर मुस्कान ने बढ़ाया जनपद का सम्मान



**सुलतानपुर।** अपने सरल स्वभाव से जनपद में अपनी पहचान बनाने वाले मुख्य पशु चिकित्साधीक्षक डॉक्टर सुधीर श्रीवास्तव की पुत्री मुस्कान श्रीवास्तव ने यूपीएससी 2023 की परीक्षा में 98वा स्थान प्राप्त कर अपने पिता की तरह जनपद का नाम रोशन किया है। डॉक्टर सुधीर श्रीवास्तव की दो पुत्रियां है, पहली पुत्री इंजीनियर है, तो वही दूसरी पुत्री मुस्कान ने यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार के साथ जनपद का भी मान बढ़ाया है। अपनी बेटी की सफलता पर डॉक्टर सुधीर ने कहा कि जो लोग बेटियो को शिक्षा से वंचित रखते है, उन्हे बेटी और बेटो में फर्क नहीं समझना चाहिए, बेटी हो या बेटा दोनो को समान अधिकार व सम्मान परिवार को देना चाहिए। उन्होंने आगे यह भी कहा कि हमारी दोनो बेटियो ने जिस प्रकार हमारा व हमारे परिवार में अपने परिश्रम के बल पर अपने मुकाम को हासिल किया है, उससे हमारा परिवार बेहद उत्साहित है।

# भगवान परशुराम जयंती पर आयोजित होगा भजन संध्या कार्यक्रम

**बलरामपुर।** आगामी अक्षय तृतीया पर सिरसिया बहादुरपुर गांव में भगवान श्री परशुराम जयंती का भव्य आयोजन किया जाएगा जयंती पर विचार संगोष्ठी सामूहिक भोज एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा इस बात की जानकारी चाणक्य परिषद के जिलाध्यक्ष यदुनंदन मिश्रा ने दी है।

परिषद जिलाध्यक्ष ने बताया कि सिरसिया बहादुरपुर गांव में अक्षय तृतीया पर भजन संध्या के साथ सामूहिक भोज एवं विचार संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया है इसमें भगवान श्री परशुराम के जयंती पर जिनके आदर्श को आत्मसात करने का संकल्प लिया जाएगा बहराइच की भजन गायिका मांडवी तिवारी एवं उनकी टीम भजन संध्या में शामिल होंगी कार्यक्रम में चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षण राम अनुज तिवारी राष्ट्रीय महामंत्री राधेश्याम मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतीश पांडे जिला अध्यक्ष अयोध्या सत्यदेव मिश्रा जिला संरक्षक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी जिला सह संरक्षक एवं प्राचार्य एमएलके पीजी कॉलेज डॉक्टर जेपी पांडे आदि शामिल होंगे।

### हर्षी ने बढाया जिले का मान

**सुल्तानपुर।** आईसीएसई की हाईस्कूल की परीक्षा में जनपद में दूसरा और लड़कियों में पहला स्थान प्राप्त कर हर्षी पाठक ने परिवार और क्षेत्र का मान बढ़ाया। गुरुचरन कौर पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल और गुरुजनों को अपनी इस सफलता का श्रेय दिया। जिन्होंने कोरोना महामारी में भी शिक्षा की गति को कमजोर नही पड़ने दिया था। बताते चले कि हर्षी के पिता श्री कोचेश्वर नाथ जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाचार्य है और बाबा प्रयागदत्त पाठक अवकाश प्राप्त (वाणिज्य) मधुसूदन विद्यालय इंटर कॉलेज का भी इस सफलता में विशेष भूमिका रही। विवकनगर निवासी हर्षी उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश की सेवा करना चाहती है।

# शत् प्रतिशत मतदान का शैक्षिक संगठनो ने लिया संकल्प



**बाराबंकी।** विकासखंड हरख स्थित टीआरसी महाविद्यालय के सभागार में उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ और उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के तत्वावधान में राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता परीक्षा तथा नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयनित कुल 18 छात्रों को सम्मानित करने हेतु प्रतिभा सम्मान समारोह एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडे, खंड शिक्षा अधिकारी हरख अर्चना यादव तथा प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, महिला शिक्षक संघ की अध्यक्ष अलका गौतम, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार एवं जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष श्री अशोक कुमार सिंह की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विकासखंड हरख के सभी ए आर पी एवं चयनित बच्चों के माता-पिता के साथ उनके शिक्षक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने हरख ब्लॉक की गुणवत्ता परक शिक्षा के लिए सबको धन्यवाद ज्ञापित किया तथा आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ भी कराई और सभी शिक्षको को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम में सभी संगठनों के ब्लॉक अध्यक्षगण प्रीति सिंह सेंगर, रमाशंकर मौर्य, रजनीश प्रजापति, शेर सिंह तथा हर्षिता मोदी, विनय शुक्ला, अनामिका वर्मा , श्वेता गुप्ता, सुप्रभात तिवारी, ऋत्युंजय मौर्या, वंदना श्रीवास्तव, श्वेता वर्मा, शशि प्रभा, निरुपमा अवस्थी, रचना सेठ, निशु गंगवार, जया सिंह, रश्मि श्रीवास्तव, राधा वर्मा, उषा देवी,कोमल मिहिर, सर्वेश कुमारी, सरिता गौतम, संध्या सिंह, मोहित श्रीवास्तव,राकेश कुमार सिंह, विमलेश कुमारी, अरुण कुमार वर्मा ,एखलाख, राजेश कुमार श्रीवास्तव, सुप्रभा तिवारी रमेश चंद्र वर्मा ,प्रियावर्मा, आनंद कुमार सिंह, सर्वेश कुमारी, ऋत्युन्जय मौर्य अमरेश कुमार, आयुषी खरे अनामिका श्रीवास्तव, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में सामाजिक गतिविधि का विकास जरूरी-साधना सिंह

## बिना आज के सहयोग से नन्हे मुन्ने ने बनाया मनमोहक व्यंजन



**बलरामपुर।** सिविल लाइन में संचालित सनबीम्स पब्लिक स्कूल मैं कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बिना आज का प्रयोग करते हुए खाद्य पदार्थो को बनाकर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रदर्शित किया है इस प्रतियोगिता में कक्षा चार से लेकर आठवीं के छात्र-छात्राओं में प्रतिभाग किया है।

प्रतियोगिता विद्यालय संरक्षिका साधना सिंह की निगरानी में शुरू हुई जिसमें विद्यालय के छाया रिया तेजस्वी ऋतिक आध्या आयुष देवांश अनमोल वृद्धि रिचा देवांश आदि ने भेलपुरी फरूट चार्ट सैंडविच पानी पुरी चना चार्ट आदि व्यंजन बनाकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया है विद्यालय संरक्षिका साधना सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब उन्हें सामाजिक गतिविधियों को अवगत कराया जाए विद्यालय प्रबंधक विकास सिंह राठौड़ ने विद्यालय के बच्चों के बिना आज के मनमोहक व्यंजन बनाने के कार्यो की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी है उन्होंने इस कार्य में सहयोगी विद्यालय के रामनरेश मानसिक कोमल नीतू अंजलि रितु सन आदि अध्यापक अध्यापको को प्रतियोगिता में विशेष सहयोग देने पर आभार जताया है प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले बच्चे अनुष्का गौरव अन्वी सिद्धि अनन्या आदि है

जिन्हें विद्यालय परिवार की तरफ से सम्मानित किया गया।

# मॉडर्न पब्लिक स्कूल के आठ बच्चों ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में रहे अव्वल

## मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र से किया गया सम्मानित




**बलरामपुर।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2023 24 में जिला एवं तहसील स्तर पर मॉडर्न पब्लिक स्कूल के बच्चे अव्वल रहे हैं इन बच्चों को गायत्री शक्तिपीठ के शांतिकुंज हरिद्वार प्रतिनिधि ने स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है साथ ही साथ विद्यालय प्रबंधक राजकुमार जायसवाल को भी अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है।विद्यालय प्रबंधक राजकुमार जायसवाल ने बताया कि गत वर्षो की बात इस वर्ष भी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2023 24 का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ से किया गया परीक्षा का परिणाम घोषित होने पर विद्यालय के पांच बच्चे जिला स्तर पर अव्वल रहे हैं उन में मुख्य रूप से सोनाक्षी गुप्ता प्रथम स्थान मुस्कान एवं अलीना खातून द्वितीय स्थान दिव्या यादव तृतीय स्थान पर रही हैं

वहीं सीनियर संवर्गमें माही यादव प्रथम रूबी यादव द्वितीय काजल यादव तीसरे स्थान पर रही हैं इन सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में बौद्धिक विकास का ज्ञान जरूरी है इसके तहत भारतीय संस्कृतिज्ञान परीक्षा का आयोजन निश्चित तौर पर छात्रों के बौद्धिक विकास बढ़ाने में कारगर है

# खैराबाद में जश्न ए अबूतालिब का आयोजन

**सुल्तानपुर।** शनिवार को शाम 7 बजे शमीम हैदर उर्फ शम्मू भाई के इमामबाड़ा अजाखानये हैदरी खैराबाद मे एक महफिल शेरो शायरी जश्ने अबूतालिब के नाम से किया गया है। यह कार्यक्रम मोहम्मद साहब के चचा हजरत अबूतालिब अलैहिस्सलाम की याद में किया जा रहा है, जिसमें महफिल की शुरूआत तलावते कुरआने पाक से रेफाकत हुसैन करेंगे। संचालन शफ्कत अब्बास पाशा इलाहाबादी व तकरीर मौलाना मोहम्मद असकरी खान करेंगे। नजर सुलतानपुरी 'अमन, अपना कसीदा पेश करेंगे। इसकी जानकारी हैदर अब्बास खॉ अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिऐशन सुलतानपुर ने दी है।

# चित्रकला प्रतियोगिता में हर्षिता प्रथम सुभी सिंह रही द्वितीय



**बलरामपुर।** एम एल के पी जी कॉलेज में संचालित पंडित बिरजू महाराज कल्चरल क्लब की ओर से सोमवार को पर्यावरण संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हर्षिता पाण्डेय को पहला स्थान प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य व क्लब अध्यक्ष प्रो0 जे पी पाण्डेय व मुख्य नियंता प्रो0 पी के सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश के संस्कृति मंत्रालय व भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ के निर्देशन में अपने महाविद्यालय विश्वप्रसिद्ध पद्मभूषण कथक नृतक के नाम पर पंडित बिरजू महाराज कल्चरल क्लब का गठन किया गया था जिसके लिए प्रो0 रेखा विश्वकर्मा को प्रभारी व लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान को सह प्रभारी नियुक्त किया गया था। उसी क्रम में दोनों प्रभारियों के निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। चित्रकला प्रतियोगिता का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति की गहरी समझ को बढ़ावा देकर छात्रों को सशक्त बनाना है जो भारत में शैक्षिक सुधारों के लिए आधारशिला के रूप में कार्य करती है। पेंटिंग जैसी आकर्षक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को शिक्षा के बारे में अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। प्रभारी / इंचार्ज क्लब प्रो0 रेखा विश्वकर्मा ,समन्वयक डॉ अनामिका सिंह व कोषाध्यक्ष डॉ स्वदेश भट्ट ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की । सहप्रभारी व क्लब के सचिव लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्लब की गतिविधियां छात्र-छात्राओं के रचनात्मक विकास में अपेक्षित सहयोग करेगा। प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ वंदना सिंह,मणिका मिश्रा व सीमा पाण्डेय ने बीएससी 6ह्लद्ध सेमेस्टर की हर्षिता पाण्डेय को प्रथम,बीएड 1ह्यह्ल ईयर की शुभि सिंह को द्वितीय व बीए 4ह्लद्ध सेमेस्टर की हर्षिता श्रीवास्तव को तृतीय स्थान के लिए चुना।इस अवसर पर कई शिक्षक व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# चार शातिर महिला चोर गिरफ्तार

## चोरी की चेन व नगद धन राशि बरामद करने का दावा

लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** थाना कोतवाली शहर पर 6 मई को मौली डेविड पत्नी वी सिंह निवासिनी मिशन कम्पाउन्ड अंतर्गत थाना कोतवाली शहर द्वारा ई-रिक्शा में बैठी 4 महिलाओं द्वारा सोने की चेन चोरी किये जाने के सम्बन्ध में लिखित सूचना दी गई जिसके आधार पर थाना पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई ।

मामले की जांच के दौरान उप निरीक्षक अजय कुमार ओझा ने मुखबिर की सूचना के आधार पर 4 महिला अभियुक्तों अंतिमा पत्नी मुन्ना निवासिनी ग्राम बानगांवा थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर, प्रियंका उर्फ पिंका पत्नी अजय कुमार उर्फ बिल्ला निवासिनी सहेड़ी थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर, दुर्गा कुमारी पत्नी राजा निवासिनी कोटवा थाना नरही जनपद बलिया व गुड़िया देवी पत्नी अनिल कुमार निवासिनी बिशुनपुरा थाना इटाढ़ी जनपद बक्सर बिहार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 2 चेन व 4550 रूपये नकद बरामद किया गया। पुलिस ने अभियुक्तों का चालान कर दिया।




### दुष्कर्म का आरोपी बाल अपचारी हिरासत में

मीरजापुर। कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत निवासिनी एक महिला ने अज्ञात अभियुक्त के विरुद्ध वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगाने के सम्बन्ध में लिखित सूचना जिगना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। थानाध्यक्ष शैलेश कुमार राय ने टीम गठित की। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर जिगना क्षेत्र से सम्बन्धित बाल अपचारी को सुसंगत धाराओं सहित पाक्सो एक्ट में हिरासत में लेते हुए नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए किशोर सुधार गृह भेज दिया।

### अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 3 आरोपियों के कब्जे से 54 लीटर कच्ची शराब बरामद की। कोतवाली कर्वी के उप निरीक्षक राजीव कुमार सिंह तथा उनके हमराही द्वारा अवधेश निषाद निवासी डिलौरा को 14 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार मारकुण्डी थाना के उप निरीक्षक रमजानी खान तथा उनके हमराही द्वारा रामचरन निवासी धोबहरा मजरा माराचन्द्रा को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा मारकुण्डी थाना के उप निरीक्षक यूटी हर्षित मिश्रा तथा उनके हमराही द्वारा परशु निवासी धोबहरा मजरा माराचन्द्रा को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

## रन फार वोट मतदाता जागरूकता रैली डीएम ने किया शुभारम्भ

**चित्रकूट:** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन के क्रम में मंगलवार को नगर पालिका परिषद कर्वी कार्यालय के पास से रन फार वोट मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर नगर पालिका परिषद कर्वी से रवाना किया। रैली नगर पालिका परिषद कर्वी के पास से चलकर पुरानी बाजार, बस स्टाप, धनुष चौराहा होते हुए पटेल तिराहा पर समाप्त की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी ने कहा कि रैली का मुख्य उद्देश्य जनपद में मतदान प्रतिशत को बढाना है। उन्होंने जनपद वासियों से अपील की है कि 20 मई को अपने मतदान केन्द्रों पर जाकर अधिक से अधिक अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, उप जिलाधिकारी आलोक सिंह, क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव, अपर सांख्यिकी अधिकारी बी एल यादव, सफाई निरीक्षक नगर पालिका परिषद कर्वी कमलाकांत शुक्ला आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में आज शहर के किंग्सन इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों ने नगर पालिका के पास मतदान प्रतिशत को बढाने के लिए जागरूकता संदेश दिया। इस मौके पर मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य सत्यप्रकाश द्विवेदी ने बच्चों से कहा कि सभी बच्चे अपने घर के मतदाताओं को आगामी 20 मई को मतदान केंद्र पर जरूर भेजें और स्वतंत्र रूप से बिना किसी दबाव के मतदान करने की अपील करें।



## साइकिल रैली निकालकर किया गया मतदाताओं को जागरूक

**चित्रकूट:** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान 20 मई को जनपद में अधिकाधिक मतदान कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं नोडल अधिकारी स्वीप मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर के निर्देश पर स्वीप योजना के अंतर्गत कराए जाने वाले मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए बनाई गई स्वीप कार्ययोजना के अनुसार मंगलवार को आदर्श इण्टर कॉलिज मानिकपुर के प्रधानाचार्य राकेश प्रताप सिंह चंदेल के नेतृत्व में स्काउट-गाइड द्वारा साइकिल रैली निकालकर तथा राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर के एनएसएस द्वारा रैली निकाल कर मानिकपुर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। यह रैली मानिकपुर के विभिन्न मार्गो से घूमती हुई तहसील प्रांगण में समाप्त हुई। इस रैली में लगभग 50 स्काउट गाइड व एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने अपने हाथ में स्लोगन तख्तियां लेकर पहले मतदान फिर जलपान आदि का नारा लगाते हुए जन सामान्य व युवा मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया। जिससे शहरी क्षेत्र में विगत चुनाव की तुलना में अधिक मतदान हो सके। प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है कि आने वाले 20 मई को जनपद में मतदान के दिन सभी लोग अपने घरों से निकलकर बूथों में जाएं और अपने पसंद के उम्मीदवार को सांसद बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। इस मौके पर तहसीलदार मानिकपुर, महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी सुनील कुमार मिश्र, स्काउट प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद पाल, रविशंकर पांडेय

# खेत की मिट्टी और सिंचाई की उपलब्धता के अनुसार किसानी अधिक लाभप्रद- पारस नाथ कुशवाहा

## किसानों, बीज व्यवसाइयों और कृषि वैज्ञानिकों की मंडलीय कार्यशाला आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** परंपरागत खेती के स्थान पर समय की मांग के अनुसार की गई किसानी ही कृषि क्षेत्र को अधिक सशक्त बनाएगी। ये उद्गार हैं मीरजापुर कृषि रक्षा केंद्र के मुख्य प्रवर्तक पारस नाथ कुशवाहा के जो उन्होंने किसानी से संबंधित मंडलीय कार्यशाला में व्यक्त किए।

उन्होंने दावे के साथ कहा कि यद्यपि मीरजापुर, भदोही और सोनभद्र तीनों जिले एक ही मंडल में आते हैं किंतु ये भी एक तथ्य है कि इन जनपदों में किसानी का तरीका एक ही रखने पर किसानों को वो लाभ नहीं मिलेगा जिसके वो अधिकारी हैं। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि सरकार द्वारा उपलब्ध निःशुल्क मृदा परीक्षण का लाभ उठाएं, तदनुसार खेती करें और अधिक से अधिक उत्पादन करें जिससे उनके जीवनस्तर में गुणवत्तापूर्ण उछाल आए। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों एवं बीज उत्पादकों से अनुरोध किया कि वे पूरे मंडल का सर्वेक्षण करें, उसी अनुसार बीज का उत्पादन कराएं जिससे कृषि क्षेत्र पल्लवित हो सके। बीज व्यापारियों से अनुरोध किया कि यथासंभव एक ही छत के नीचे किसानों हेतु सुविधाएं प्रदान करें तथा उन क्षेत्रों वो बीज कत्तई न बेचें जो उस क्षेत्र के बहुत अनुकूल न हो। उनके अतिरिक्त अन्य विशेषज्ञों ने भी कार्यशाला को संबोधित किया तथा बाजार में आए नए उत्पादों के बारे में जानकारी दी। उक्त अवसर पर उन बीज व्यवसाइयों को पुरस्कृत भी किया गया जिन्होंने किसान हित में अच्छे कार्य किए। दिन भर चले कार्यक्रम का संचालन दीपक कुशवाहा ने किया।



## भीषण गर्मी के चलते एडीएम ने मतदान कार्मिकों को किया धूप से बचाव के लिए जागरूक

**चित्रकूट:** उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान ग्रीष्म ऋतु में भीषण गर्मी, लू, हीट वैव के कारण मतदाताओं को स्वास्थ्य जनित समस्याओं का सामना करना पड संकता है। आवश्यक हैं कि इनसे बचते हुए अधिकाधिक संख्या में मतदेय स्थलों पर पहुँचकर मतदान करने के लिए मतदान दलों एवं मतदाताओं के मध्य सावधानियों के बारे में जागरुकता सुनिश्चित किया जाए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान दिवस 19 अप्रैल से प्रारम्भ होकर 1 जून तक तय किए गए हैं। इन दिवसों पर भीषण गर्मी की संभावना है। पोलिंग पार्टी प्रस्थान एवं मतदान दिवसों पर सभी मतदान कार्मिक हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें एव अपने साथ तेज धूप से बचाव के लिए छाता एवं सर को ढकने के लिए सफेद सूती गमछा या अन्य कोई कपडा रखें, पैरों में आरामदायक जूते या चप्पल पहने। साथ ही पीने योग्य शीतल जल का बोतल रखें, समय-समय पर आवश्यकतानुसार सादा जल, नींबू पानी या ओआरएस का प्रयोग कर अपने आपको तरो ताजा रखें। अत्यधिक चाय, कॉफी या कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक का सेवन न करें, इनसे शरीर में पानी की मात्रा कम होने की संभावना रहती है। बासी भोजन से बचें, हल्के एवं ताजे बने भोजन लें। प्रत्येक मतदान दल को फास्ट एड किट प्रदान की जाएगी। आवश्यकतानुसार उसमें उपलब्ध ओआरएस मतदान दल के कर्मियों अथवा जरूरतमंद मतदाताओं को मानक के अनुसार जल में घोलकर पिला दें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदेय स्थल पर छाया की व्यवस्था करा दें।

## 9 से 14 मई तक सम्पन्न कराई जाएगी पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान प्रक्रिया

**चित्रकूट:** उपायुक्त स्वतः रोजगार प्रभारी अधिकारी डाक मत पत्र ओमप्रकाश मिश्र ने समस्त राजनैतिक दल लोकसभा सामान्य निर्वाचन संसदीय क्षेत्र- 48 बांदा चित्रकूट से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 में मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण स्थल पर ही फैसिलिटेशन सेंटर की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान कार्मिकों एवं अन्य जनपदों में निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात ऐसे मतदान कार्मिक जो जनपद में मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं, को पोस्टल बैलेट, ईडीसी के माध्यम से मतदान की सुविधा 9 मई से 14 मई तक प्रातः 9 बजे से सांय 5 बजे तक चित्रकूट इण्टर कॉलिज कर्वी चित्रकूट में उपलब्ध रहेगी। इस सम्बन्ध में 9 मई से 14 मई के मध्य चित्रकूट इण्टर कॉलिज कर्वी में अपने राजनैतिक दल से सम्बन्धित प्रतिनिधि को भेजें ताकि जिनकी देखरेख में पोस्टल बैलेट, ईडीसी के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जा सके।

# शिक्षक समस्याओं को लेकर शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**चित्रकूट:** प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से रामनगर ब्लाक में शिक्षक समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपे गए। इस दौरान आचार संहिता और धारा 144 का पालन करते हुए सम्बन्धित खण्ड शिक्षाधिकारियों को ज्ञापन सौंपे गए।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने बताया कि शिक्षकों के नियमित वेतन भुगतान के लिए प्रत्येक दशा में प्रत्येक माह की 28 तारीख तक लेखाधिकारी कार्यालय में वैरियेशन प्राप्त करवाएं, समय से वैरियेशन प्राप्त न होने के कारण यदि वेतन विलंब से आता है तो उसकी जिम्मेदारी खण्ड शिक्षाधिकारी की होनी चाहिए। कार्यालय सहायकों की नियुक्ति खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय के लिए की गयी है, इसलिए कार्यालय सहायकों के साथ विद्यालय निरीक्षण करना और कार्यालय सहायकों द्वारा शिक्षकों से सवाल-जवाब करना नियमविरुद्ध है। इसलिए कार्यालय सहायकों को साथ लेकर विद्यालय निरीक्षण न करें, यदि अपरिहार्य कारणों से साथ में रखना भी पडे तो कार्यालय सहायकों को स्पष्ट निर्देश दें कि वह निरीक्षण अवधि में विद्यालय से बाहर रहें तथा निरीक्षण में किसी प्रकार का सहयोग, हस्तक्षेप न करें। साथ ही कार्यालय सहायकों द्वारा सूचनाओं के बहाने शिक्षकों को फोन किया जाता है और उसी फोन वार्ता में लेनदेन की बातें भी होती हैं, जबकि सूचनाओं की जिम्मेदारी संकुल शिक्षकों की है। इसलिए कार्यालय सहायकों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि कार्यालय सहायक सूचनाओं के लिए नोडल संकुल शिक्षक, संकुल शिक्षक से वार्ता करें और नोडल संकुल शिक्षक, संकुल शिक्षक अपने संकुल के शिक्षकों से फोन करके सूचनाओं का आदान-प्रदान करें। शिक्षकों द्वारा अवगत कराया जाता है कि खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय में उनके प्रत्यावेदन शिकायत को रिसीव नहीं किया जाता है, जबकि महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा शिक्षकों की समस्या सम्बन्धित प्रत्यावेदन प्राप्त करके उनको जन सुनवाई पंजिका में दर्ज करने के स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं। कार्यालय सहायकों को शिक्षकों के प्रत्यावेदन रिसीव करने और उनको जन सुनवाई पंजिका मे दर्ज करने के लिए निर्देशित किया जाना चाहिए। इसी प्रकार वित्त नियंत्रक के आदेशानुसार शिक्षकों के अवशेष देयक के लिए किये गये आनलाइन आवेदन को तीन दिन मे फारवर्ड कराया जाना चाहिए। साथ ही अवकाश के लिए किये गये शिक्षकों के आनलाइन आवेदन को आवेदित अवकाश दिवस से पहले ही अप्रूव, रिजेक्ट कर दिया जाए। आनलाइन अवकाश आवेदन को समय से अप्रूव, रिजेक्ट न करने पर यदि शिक्षक अनुपस्थित होते हैं तो उसकी जिम्मेदारी खण्ड शिक्षाधिकारी की होगी। शिक्षकों द्वारा अवगत कराया गया कि उनको शैक्षिक सत्र 2023-24 में सम्पन्न सेवारत शिक्षक प्रशिक्षणों के टीए/डीए का भुगतान नहीं किया गया है, ऐसे में भुगतान सुनिश्चित कराया जाए।

इन मुद्दों को लेकर सोमवार को प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष शिवभूषण त्रिपाठी, ब्लाक मंत्री व्यास नारायण त्रिपाठी, रामशंकर, दिनेश सिंह, मनीष द्विवेदी, राकेश सिंह, विजय मिश्रा, विराग शुक्ला, सुधीर कुमार, शिवशंकर भार्गव ने खण्ड शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण की मांग की।



## अवैध खनन करने वालों पर कार्यवाही की मांग

**चित्रकूट:** सदर तहसील के सेमरिया जगन्नाथ वासी गांव के निवासी अवधेश, धीरेन्द्र व नरेन्द्र आदि ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि उनके गांव में रात 9 बजे से सबेरे 4 बजे तक तीन जेसीबी और 10 डम्फर लगाकर खनन माफिया पिछले 15 दिनों से मिट्टी का अवैध खनन कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश क्षेत्र से अवैध खनन की गई मिट्टी को मध्य प्रदेश में बेंचकर राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। आरोप लगाया कि इस मामले में परिक्रमा मार्ग चौकी व सीतापुर की पुलिस अधिकारियों की मिलीभगत है। इसके चलते शिकायत के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। ओवरलोड गाडियों के रात्रि में आवागमन से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# बूथ लेवल ऑफिसर समय से कराएं मतदान पर्ची का वितरण - डीएम



**चित्रकूट:** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने के सम्बन्ध में निर्वाचन से ईवीएम कमिशनिग की तैयारी, वृद्ध, दिव्यांग, असक्त मतदाताओं द्वारा पोस्टल वोटिंग सेंटर, मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण, पोस्टल वैलेट फैसिलिटेशन सेंटर, बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची वितरण मतदाता रोल वर्किंग व अन्य विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा बैठक हुई।

मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह ने बताया कि समय से प्रशिक्षण कर दिया जाएगा। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण दो बडे कमरों में एक साथ कराएं। उन्होंने बूथ लेवल ऑफीसरों द्वारा मतदाता पर्ची वितरण के सम्बन्ध में कहा कि समय के अनुरूप पर्ची वितरण कराएं। उन्होंने कहा कि समय से ट्रेनिंग भी कराएं एवं वैलेट बॉक्स भी रखना सुनिश्चित कराएं।

उप जिलाधिकारी कर्वी व मऊ को निर्देशित किया कि दोनों विधानसभा में ईडीसी रजिस्टर भी बनाना सुनिश्चित करें। कमिश्निंग की तैयारी के बारे में जानकारी ली। साथ ही अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया कि समय से तैयारी सुनिश्चित कराए। उन्होंने कहा कि कमिश्निंग स्टाफको आई डी कार्ड समय से देना सुनिश्चित कराएं। साथ ही कमिश्निंग की सूचना आरो के स्तर से जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि कमिश्निंग हाल में लाइट, पंखा, पानी भी लगाना सुनिश्चित करें। साथ ही स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरा भी लगवाए। उन्होंने कहा कि वेब कास्टिंग के लिए कलेक्ट्रेट में व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि कंट्रोल रूम में पीठासीन, आरों आदि का नंबर सहित 6-7 लैंडलाइन फोन भी सुनिश्चित कराएं। उन्होंने पिंक बूथ के लिए उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिशासी अधिकारियों से उसे सजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि आदर्श बूथ के लिए ग्राम पंचायत से बात कर इसको सुनिश्चित कराएं।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसीएनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह आदि मौजूद रहे।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ चोर गिरफ्तार



**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में राजापुर पुलिस टीम ने एक चोर को चोरी के 1500 रुपये, अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।राजापुर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि बीती 14 अक्टूबर 2023 को वादी राजरानी पत्नी बृजकिशोर निवासी नादिन कुर्मियांन ने थाना राजापुर में सूचना दी थी कि उनके घर से अज्ञात चोरों ने नगदी व सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिये है। इस सूचना पर थाना राजापुर में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। मुकदमें की विवेचना एवं घटना के अनावरण के लिए उप निरीक्षक कन्हैया बक्स सिंह को निर्देशित किया गया। उप निरीक्षक कन्हैया बक्स सिंह द्वारा एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। उप निरीक्षक कन्हैया बक्स सिंह तथा उनकी टीम द्वारा कल्लू निवासी मीशन का डेरा मजरा चिल्लीराकस को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की जमा तलाशी से उसके कब्जे से 1 तमंचा व कारतूस तथा चोरी के 1500 रुपये बरामद किये गये। अवैध तमंचा कारतूस बरामदगी के सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी के दौरान उप निरीक्षक इमरान खान, आरक्षी प्रकाश मिश्रा, शुभम मिश्रा, साकिर अली आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सेना से रिटायर्ड होने पर मेरे डिस्चार्ज बुक में त्रुटिवश मेरी पत्नी का नाम रूचित्रा सिंह (RUCHITRA SINGH) दर्ज हो गया है, जबकि मेरी पत्नी का शुद्ध व सही नाम रुचिता सिंह (RUCHITA SINGH) है।

हरि प्रकाश सिंह
(आनरेरी सूबेदार मेजर)
पुत्र स्व0 योगानंद सिंह
ग्राम कसेरुआ खुर्द, सहसो,
प्रयागराज

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सर्विस बुक में त्रुटिवश मेरे बेटे का नाम ध्रुवराज सिंह जन्मतिथि 25-04-2015अंकित है, जबकि मेरे बेटे का शुद्ध नाम ध्रुव प्रताप सिंह व जन्मतिथि 25-04-2016 को सही माना जाए।

हरि प्रकाश सिंह ( आनरेरी सूबेदार मेजर)
पुत्र स्व0 योगानंद सिंह
ग्राम कसेरुआ खुर्द, सहसो,
प्रयागराज

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्रपति साहू जी महाराज विश्व विद्यालय, कानपुर द्वारा निर्गत मेरा बी.ए.तृतीय (अंतिम वर्ष) वर्ष 2014 अनुक्रमांक 6028968 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है।

गौरव सिंह
पुत्र लाल रजभान सिंह
नि.- कौंधियारा, करछना,
प्रयागराज

**नाम संशोधन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड नम्बर 729654781929 में उसका नाम सत्यम पटेल लिखा है जो सही नहीं है , जबकि मेरे पुत्र का सही नाम शिवम पटेल है , विद्यालय के अभिलेख में भी मेरे पुत्र का सही नाम शिवम पटेल लिखा गया है । दोनो नाम एक ही व्यक्ति के हैं । उक्त आधार कार्ड में भी मेरे पुत्र का सही नाम शिवम पटेल लिखा जाना आवश्यक है।

राधे श्याम
पुत्र स्व0 शिव कुमार
निवासी ग्राम दोहरी ,पोस्ट कंधई
जिला प्रतापगढ । पिन कोड
230403

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
मूलवाद सं0 1953/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राम सुमेर बनाम सुनीता देवी
बनाम
सुनीता देवी पत्नी अनूप कुमार नि0ग्राम खजोहरी पर0 व तह0 सदर जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 15.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 15.05.2024 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 29 महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 459/99
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन आवाद अली बनाम वकील अहमद आदि
बनाम
1. शकील अहमद 2. मो0 नफीस 3. मो0 नसीर सुतगण वकील अहमद 4. मोना विधवा वकील अहमद 5. जावेद 6. सैफुद्दीन सुतगण कईमउद्दीन 7. तवरेज 8. जुनेद 9. फुरकान नाबालिगान सुतगण कईमउद्दीन संरक्षिका श्रीमती नसीरूल निशा माता स्वयं सुतगण कईमउद्दीन 10. नसीरूल निशा विधवा कईमउद्दीन 11. नसीमउद्दीन 12. असीरउद्दीन 13. वशीर अहमद सुतगण मुनीरउद्दीन समस्त निवासीगण ग्राम तौकलपुर पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 24.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 24.05.2024 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
इजराय वाद सं0 46/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन शौकीलाल बनाम रामगोपाल आदि
बनाम
1. रामगोपाल उर्फ राम अजोर सुत महंगू 2. कटके सरोज सुत स्व0 रमेसर 3. राम आसरे सुत स्व0 जगेसर निवासीगण भागीपुर पर0 तह0 सदर प्रतापगढ़ 4. बद्री सुत राम गरीब साकिन सकरौली पर0तह0 सदर प्रतापगढ़
तारीख पेशी 26.07.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 26.07.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# रायबरेली के जनता ने कमल खिलाने का लिया है संकल्प:दिनेश प्रताप सिंह



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार व लोक सभा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को विकास खंड महराजगंज ग्रामसभा में जनई ,दौतरा, टीसाखानपुर, ज्योना, कुसमौरा, कुसमौरा, मोन, मुरैना, ताजुद्दीनपुर, मऊ, सिकन्दरपुर, जमोलिया, कोटवा मोहम्मदाबाद, बारी गोहन्ना, सिरसा, मांझगांव, जमुरावा सहित दर्जनों गांवों का भ्रमण कर के मोदी सरकार की उपलब्धियों को और देश और समाज के लिए किये हुए कार्यो को विस्तार से बताते हुए इस चुनाव में लोगो से आर्शीवाद मांगा।इस दौरान नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि रायबरेली के जनमानस की कसौटी पर मैं खरा उतरने का हमेशा प्रयास करता रहा हूँ और करता रहूँगा।

सबके दुख-सुख में हमेशा शामिल होकर लोगों की समस्याओं का निदान करता रहा हूँ और आपका बेटा और भाई हमेशा से आपके लिए और रायबरेली की जनता के लिए हमेशा सर्वसुलभ रहेगा।रायबरेली के विकास के लिए आज आवस्यकता है कि इस बार आप लोग मोदी जी की सरकार को पुनः देश में ला कर रायबरेली में भी कमल का फूल खिला कर मोदी सरकार के हाथों को और मजबूत करने का कार्य करें। इस दौरान राज्यमंत्री ने केन्द्र की जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया।

इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मतदाता राजनैतिक दल चुनाव सम्बंधित शिकायत के लिए सामान्य प्रेक्षक प्रियातु मण्डल से करें संपर्क

**रायबरेली।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक, सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 36-रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक प्रियातु मण्डल को नियुक्त किया गया है।उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने बताया कि किसी भी राजनैतिक दल या मतदाता द्वारा चुनाव से संबंधित शिकायत या शंका के समाधान के लिए सामान्य प्रेक्षक के मोबाइल नंबर 8887178780 पर संपर्क किया जा सकता है। शिकायतकर्ता उनसे समय लेकर ऊंचाहार स्थित एनटीपीसी गेस्ट हाउस में मुलाकात कर सकते हैं।

# सारे काम छोड़ दे सबसे पहले वोट दे नारे के साथ बच्चों ने लोगों को किया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**जगतपुर, रायबरेली।** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाता प्रतिशतता बढ़ाने के लिए छात्र-छात्राओं ने क्षेत्र भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया। यह जागरूकता रैली इंटर कॉलेज शंकरपुर के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट सत्येंद्र कुमार सहित छात्र-छात्राओं और कालेज के शिक्षक/शिक्षिकाओं ने आधा दर्जन से अधिक गांवो में घूम कर मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस क्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मेहंदी, पोस्टर रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जो की आकर्षण का केंद्र रहा। इस मौके पर अबकी लोकसभा चुनाव में पहली बार वोट देने वाले छात्र-छात्राओं क्षेत्र के ग्रामीणो युवा वृद्ध पुरुष एवं महिलाओ के साथ ही कॉलेज स्टाफमौजूद रहे।

# मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 दस्तावेज मान्य

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु 36-रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के समस्त मतदाताओं से कहा है कि जनपद में 20 मई को लोकसभा चुनाव होना हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव में मतदाता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसे लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के रूप में 12 वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची जारी की गई है। उन्होंने कहा कि यदि मतदाता के पास मतदाता पहचान पत्र



नहीं है लेकिन मतदाता सूची में उसका नाम है तो वह अपनी पहचान दिखाने के लिए 12 वैकल्पिक पहचान दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र एवं भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी में से किसी एक दस्तावेज को दिखाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है।

# मेरुई गांव में बैठक कर विधानसभा संयोजक ने कार्यकर्ताओं में भरा उत्साह

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** सरेनी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की बैठकों का दौर जारी है। लोकसभा प्रत्याशी के नामांकन के साथ ही भारतीय जनता पार्टी की गतिविधियां अचानक तेजी से बढ़ गई हैं। जहां लोकसभा प्रत्याशी राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह गांव गांव सभा कर भाजपा को जिताने की अपील कर रहे हैं। वही भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला और मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी , मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे ने भी गांवो में कई बैठके कर कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा और कहा कि जनता में भारतीय जनता पार्टी को लेकर जबरदस्त विश्वास जगा है। इस



बार रायबरेली में भी कमल खिलाने को तैयार है। केवल हम सब कार्यकर्ता मतदाताओं का मतदान करा ले। निश्चित रूप से रायबरेली में भी भाजपा फतेह करेगी। विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि आज प्रत्येक परिवार तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चालू की गई गरीब कल्याण योजनाएं पहुंची हैं। बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक समुदाय को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जनता फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए आतुर है। रायबरेली संसदीय क्षेत्र में भी लोगों का रुझान भाजपा की ओर बढ़ा है। भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह इस बार निश्चित रूप से चुनाव जीतेंगे।इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक केके सिंह, ओम प्रकाश सिंह महेंद्र सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वच्छ स्वच्छ भारत मिशन के तहत दीपेंद्र बने ब्रांड एंबेसडर



**लालगंज रायबरेली।** कस्बे को स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 मे उच्च रैंकिंग प्राप्त कराने के लिए नगर पंचायत लालगंज द्वारा स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक करने के लिए ब्रांड अम्बेसडर के रूप मे दीपेंद्र कुमार गुप्ता को नामित किया गया है।इस बाबत नगर पंचायत लालगंज मे अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला द्वारा नमित ब्रांड अम्बेसडर दीपेंद्र कुमार गुप्ता को वरिष्ठ लिपिक वीरेंद्र यादव व मनोज कुमार द्वारा मनोनयन पत्र प्रदान कर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। दीपेंद्र कुमार गुप्ता को ब्रांड अम्बेसडर नामित किये जाने पर अध्यक्षा श्रीमती सरिता गुप्ता, जीतू सिंह, कुलदीप अग्रहरि, अमितेश गुप्ता, मो इसरार, द्वारा श्री गुप्ता को बधाई एवं शुभकामनायें दीं ।इसके उपरांत दीपेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा मेरा आँगन मेरी हरियाली कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यालय परिसर मे वृक्षारोपण किया गया । अवसर पर उन्होंने कहा कि जो भी दायित्व मुझे सौंपा गया है। उसका निर्वहन मै पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से करूँगा ।लालगंज को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए मै लोगो को अपने आस पास साफ सफाई रखने व गीले व सूखे कूड़े के उचित निस्तारण के लिए जागरूक करूँगा ।नगर के विकास मे हर संभव योगदान प्रदान करूँगा।

# 163वें जन्मदिन पर याद किए गए गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर




**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल त्रिपुला, रायबरेली में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाई गई।सर्वप्रथम प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए तदोपरान्त विद्यालय की छात्राओं ने गुरुदेव के गीत 'एकला चलो रे' पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय की संयोजिका संचिता त्रिवेदी ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर का संक्षिप्त जीवन परिचय देते हुए बताया कि गुरू जी विश्वविख्यात कवि,साहित्यकार,और दार्शनिक थे ,उन्होंने अपनी पहली कविता आठ वर्ष की आयु में लिखी और मात्र सोलह वर्ष की आयु में उनकी प्रथम लघुकथा प्रकाशित हुई थी। वह पहले भारतीय हैं जिन्हे 1913 ई0 में महाकाव्य गीतांजलि की रचना के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया। बंगलादेश का राष्ट्रगान 'आमार सोनार बांग्ला ' व भारत देश का राष्ट्रगान 'जन गण मन' गुरुदेव की ही देन है।गुरुदेव द्वारा स्थापित किया गया विश्व भारती विश्वविद्यालय उनके प्रकृति प्रेम का अनूठा उदाहरण है। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गुरुदेव रवीन्द्रनाथ एक ऐसे व्यक्तित्व हैं, जिनसे प्रेरणा लेकर लोग सफलता के उच्चतम शिखर पर पहुँच सकते हैं। गुरुदेव ने लोगों को सदैव गलतियों से प्रेरणा लेते हुए, उन्हें दोहराये बिना सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।हम सभी को गुरुदेव के व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा लेते हुए सतत ऊर्जावान बने रहने का संकल्प लेना चाहिए।

इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, शिवकरन पाल, शाहीन खान, धर्मेंद्र शुक्ला,अभिषेक श्रीवास्तव, आरजू यादव, रामदेव, अभिषेक भारद्वाज, पिंकी जायसवाल, एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं,विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बार एसोसिएशन ने की चुनाव प्रक्रिया स्थगित कराये जाने की मांग



**महराजगंज रायबरेली।** महराजगंज बार एसोसिएशन के चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी पूर्ण न कराए जाने की बात कहते हुए अधिवक्ता शैलेन्द्र सिंह, इम्तियाज अली, राधेश्याम, प्रेम सिंह द्वारा एल्डर कमेटी को प्रार्थना पत्र देकर तेरह मई को होने वाले चुनाव को स्थगित किए जाने की मांग की है।प्रार्थना पत्र पर विचार किए जाने की तिथि तेरह मई नियत करते हुए चुनाव समिति द्वारा चुनाव को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है।मामले में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला ने बताया की बीते सोमवार को 14 अधिवक्ताओं द्वारा अपना नामांकन वापस ले लिया गया था वहीं कुछ अधिवक्ताओं द्वारा मतदाता सूची में गड़बड़ी होने की बात कहते हुए प्रार्थना पत्र दिया गया है, जिस 13 तारीख को विचार किया जाएगा एवं चुनाव प्रक्रिया को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है।

# इंटरलॉकिंग पर बैठी भैंस को लेकर हुए विवाद में दो पक्ष भिड़े,मुकदमा दर्ज



**लोकमित्र ब्यूरो**
**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के ओनई जंगल गांव में इंटरलॉकिंग पर बैठी भैंस खिसक जाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए तथा एक पक्ष उग्र होकर दूसरे पक्ष के लोगों के साथ गाली गलौज करने लगा। जब दूसरे पक्ष ने विरोध जताया तो एक पक्ष की दो महिलांओं समेत चार लोगों ने लाठी डंडों तथा कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया, जिससे भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने एक पक्ष की ओर से मिली तहरीर के आधार पर दूसरे पक्ष के आरोपियों पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घायलों को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा गया है। वहीं युवती को गंभीर चोटे होने की वजह से चिकित्सकों ने रायबरेली जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।आपको बता दें कि, घटना सोमवार शाम 6 बजे की है। गांव निवासी पंकज कुमार पुत्र राम बहादुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि, उसके घर के सामने इंटरलॉकिंग सड़क बनी हुई है। जिस पर प्रतिपक्षीगणों श्रीराम पुत्र रामसेवक, मोनू पुत्र श्रीराम, केशावती पत्नी श्रीराम और सुरजकली पत्नी मोंनू अपनी भैंस बांधते हैं। जब उसने इंटरलॉकिंग रोड पर भैंस बांधने से मना किया तो सभी प्रतिपक्षीय गण उल्टा उसके साथ ही गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध जताया तो श्रीराम अपनी पत्नी, बेटे और बहू के साथ उसके घर में घुस गए और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों तथा कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। घटना में वादी पंकज कुमार और उसकी बहन पूनम गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ी। चीख पुकार सुनकर जब गांव वाले दौड़े तो सभी हमलावर रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकले। पुलिस ने एक पक्ष की ओर से मिली तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बालेंदु गौतम ने बताया कि, मिली तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# गरीब युवा,महिलाएं और किसान सबसे बड़ी जातियां ~ सांसद मेनका

**सुलतानपुर।**सांसद मेनका संजय गांधी ने चुनावी कैंपेन के 33 वें दिन मंगलवार को लंभुआ विधानसभा में डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया।सांसद श्रीमती गांधी कुड़वार वि.ख.के पिकौरा पूरेवादी गांव में भगवान दास पाल के गया जगन्नाथ धाम से लौटने के बाद आयोजित पाल समाज के विशाल ब्रह्मभोज कार्यक्रम में भी शामिल हुई।सांसद श्रीमती गांधी ने नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा पीएम मोदी की गारंटी हर जाति-धर्म के लिए हैं।गरीब, युवा, महिलाएं और किसान ÷सबसे बड़ी जातियां÷ हैं और उनका उत्थान हो रहा है। उन्होंने कहा मैंने बिना जाति कौम पूछे 80 हजार लोगों की मदद की है।उन्होंने कहा अगर आप ताकतवर सांसद और विकास करने वाली पार्टी चाहते हैं तो कमल पर वोट दे।श्रीमती गांधी ने नुक्कड़ सभा में कहा जहां आम सांसद सौ करोड़ रुपए संसदीय क्षेत्र में लाते हैं वही मैंने 38 सौ करोड़ रुपए का विकास काम कराया है।उन्होंने बताया एक नाई समाज का व्यक्ति आया बताया।उसने तीन साल बिजली चोरी की उसके बाद कनेक्शन ले लिया।1 साल से उसका बिल 220 रुपये महीना आ रहा है। बिजली विभाग ने उसके ऊपर पेनाल्टी लगाकर 70 हजार रुपए बिल भेज दिया। मैंने बिजली विभाग के जिम्मेदारों से बात कर उसका बिल 10 हजार रूपए करा दिया।इसी तरह आज जब मैं गाड़ी में बैठी एक आदमी आया बताया मेरी दोस्तपुर में इंडेन की गैस एजेंसी है। इंडेन वालों ने मेरे सिलेंडर का दाम 25 रुपए ज्यादा कर दिया है।जिससे मेरा सिलेंडर नहीं बिकता है मैंने इंडियन कंपनी में फोन किया उनकी टीम आज शाम को आएगी और उसका सब ठीक हो जाएगा। मैं इस तरह के बीसों काम करती हूं।और किसी का नाम जाति और कौम नहीं पूछती। बस पूछती हूं आपकी मुसीबत क्या है।और काम हो जाता है।उन्होंने कहा आप मुझे ताकत दें मैं 100 गुना सूद समेत वापस करूंगी।मैं अन्याय और भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करती हूं।उन्होंने कहा 5 सालों में मैं सभी गांव का दौरा एक दो बार कर चुकी हूं।उन्होंने बताया 33 दिनों में मैं 550 गांवों का दौरा कर चुकी हूं। नुक्कड़ सभाओं को लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा के पुत्र रि. कर्नल पंकज वर्मा ने भी संबोधित किया। उन्होंने सांसद मेनका की तमाम उपलब्धियां गिनाते हुए 25 मई को भारी बहुमत से जिताने की अपील की।सांसद श्रीमती गांधी ने लंभुआ तहसील परिसर में लंभुआ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सिंह के संयोजन में आयोजित अधिवक्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए 25 मई को कमल पर वोट व समर्थन की अपील की।भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि श्रीमती गांधी मंगलवार को लंभुआ विधानसभा के सैतपुर सराय, रायपुर, पांडेपुर, सेमरी राजापुर,नरेंदापुर, करनपुर,महादेवा,बेदूपारा,दमकढ़ा,तातो मुरैनी, मलाक दोष पट्टी एवं शहर के विवेकनगर चौराहे समेत डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभा में शामिल हुई।इस मौके पर वि.स. संयोजक अयोध्या प्रसाद वर्मा, सह संयोजक शिवाकांत मिश्रा,एलके दुबे, दिनेश सिंह, संजय सिंह बबलू मौजूद रहे।

# न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में साहित्यकार, दार्शनिक गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की मनाई गई जयंती




**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में उच्च कोटि के साहित्यकार, दार्शनिक गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर जी की जयंती मनाई गई।इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने टैगोर जी के चित्र पर पुश्पाजंलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। आज के प्रोग्राम में विद्यालय के शिक्षक प्रमान्शु श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार शर्मा और छात्रा ईशानी त्रिपाठी द्वारा टैगोर जी के जीवन से सम्बन्धित अनेक जानकारियों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया।कार्यक्रम में बच्चों के प्रति अपने सम्बोधन में प्रधानाचार्य ने कहा कि रवीन्द्रनाथ जी ने मनुश्य को कर्म के लिए प्रेरित करने के लिए कहा था कि 'सिर्फ नदी के किनारे खडे होकर पानी देखने से आप नदी पार नहीं कर सकते, हम महानता के सबसे करीब तब होते हैं, जब हम विन्रमता में महान होते हैं।' गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर जी के द्वारा ही भारत के राश्ट्रगान 'जन गण मन' की रचना की गयी थी। साहित्य में बेहतर काम करने और कविता संग्रह 'गीतांजलि' के लिए उनको नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। अतः हम सभी भारत माता के ऐसे सच्चे सपूत को उनकी जयंती पर शत् शत् नमन करते हैं। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# समाजवादी युवजन सभा ने इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी राहुल गांधी को जिताने हेतु कसी कमर

**रायबरेली।** समाजवादी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्र पटेल ने लोकसभा चुनाव में युवजन सभा के बेहतर प्रदर्शन तथा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राहुल गांधी को रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करने की मंशा से रायबरेली की सभी विधान सभाओं में प्रभारी नियुक्त किया गया है। नियुक्त किए गए विधानसभा प्रभारी क्रमशः ऊंचाहार विधानसभा में कमलेश कुमार पटेल, बछरावां में शिवम यादव, सलोन में जितेंद्र यादव, सरेनी में योगेश यादव विधानसभा सदर में कुलदीप यादव (के. डी.), हरचंदपुर में आदर्श यादव तथा नगर पालिका क्षेत्र में जफर इकबाल को प्रभारी बनाया गया है। प्रभारी नियुक्त करते हुए जिला अध्यक्ष सुरेश चंद पटेल ने कहा कि रायबरेली से राहुल गांधी को प्रत्याशी बनाया जाना इंडिया गठबंधन का मास्टर स्ट्रोक है, जिसकी वजह से भाजपा पूरी तरह से बौखलाई हुई है और अनाप-शनाप बयान बाजी कर रही है। जिला महासचिव घनश्याम यादव ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी लोग टोलियां बनाकर इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी राहुल गांधी के पक्ष में मतदान करने के लिए आम जनमानस के पास जाए और समाजवादी पार्टी एवं कांग्रेस की सरकार में किये गये कार्यो से लोगों को अवगत करायें।

# 'मां के पैर छूए बिना नामांकन भरने गया'

## हीराबेन मोदी को याद कर भावुक हुए प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के बीच एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी मां हीराबेन मोदी को याद करके भावुक हो गए। पिछले साल ही हीराबेन मोदी का निधन हो गया था। साक्षात्कार में पीएम मोदी ने बताया कि यह पहला लोकसभा चुनाव है, जिसमें वह अपनी मां के पैर छूए बिना नामांकन दाखिल करने गए। पीएम मोदी ने कहा, 'मेरे लिए यह पहला लोकसभा चुनाव है, जहां मैं अपनी मां के पैर छूए बिना नामांकन भरने पहुंचा। लेकिन मेरे दिमाग में एक बात आई। आज 140 करोड़ लोग और देश की करोड़ों माताएं हैं, जिन्होंने मुझे प्यार दिया है, आशीर्वाद दिया। उन्हें याद करके और वाराणसी में मां गंगा भी हैं।'



2002 के बाद से यह पहला चुनाव है, जहां पीएम मोदी अपनी मां की अनुपस्थिति में चुनाव लड़ रहे हैं। पीएम मोदी हमेशा से ही कहते आए हैं कि वह अपनी मां के त्याग और बलिदान से प्रेरित हैं। उन्होंने बताया कि उनकी मां के इसी बलिदान ने उन्हें महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं लाने में प्रेरित किया। पीएम मोदी ने कहा, 'सवाल केवल मेरी मां का नहीं है। मेरी मां ने मुझे जन्म दिया, मुझे बड़ा किया, लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि मैंने अपनी मां के लिए कुछ नहीं किया। क्योंकि मेरी मां ने जो भी सपना देखा, मैंने वैसा कुछ भी नहीं किया।'

बता दें कि हीराबेन मोदी पीएम मोदी के छोटे भाई पंकज मोदी के साथ रायसन गांव में रहती थीं। प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर पीएम मोदी के अलावा उनके परिवार का कोई भी सदस्य नहीं रहता है। हीराबेन मोदी कभी-कभी उनसे मिलने आया करती थी। लोकसभा चुनाव के लिए पीएम मोदी ने जम्मू कश्मीर से दक्षिण में तिरुवनंतपूरम तक प्रचार किया। देश भर में आम चुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं।

## मां को याद कर भावुक हुए प्रधानमंत्री के बड़े भाई, बोले- नरेंद्र मोदी तीसरी बार पीएम बनें

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बड़े भाई सोमाभाई मोदी तीसरे चरण के मतदान के दिन अपनी मां को याद करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि उनकी मां हीराबेन मोदी स्वर्ग से पीएम मोदी को अपना आशीर्वाद दे रही होंगी। सोमाभाई मोदी ने बताया कि अन्य लोगों की तरह वह भी अपने भाई को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते हुए देखना चाहते हैं।

पीएम मोदी हमेशा मतदान करने से पहले अपनी मां से गुजरात के गांधीनगर स्थित उनके आवास में मिलने जाते थे। बता दें कि हीराबेन मोदी का दिसंबर 2022 में निधन हो



गया था। मतदान केंद्र के बाहर आंखों में आंसू लेकर सोमाभाई ने कहा, ₹मेरी मां अब इस दुनिया में नहीं है। लेकिन वह अब भी स्वर्ग से नरेंद्रभाई को अपना आशीर्वाद दे रही होंगी।'

सोमाभाई ने मतदान केंद्र के बाहर अपने भाई पीएम मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनो भाइयों ने एक-दूसरे का हालचाल पूछा। पीएम मोदी के भाई ने कहा, ₹यहां के लोगों की तरह मैं भी चाहता हूं कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने।' उन्होंने लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने और सही पार्टी को मतदान कर सही नेता चुनने की अपील की है।

बता दें कि इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी एक साक्षात्कार में अपनी मां को याद करते हुए भावुक हो गए थे। उन्होंने बताया कि यह पहला ऐसा चुनाव है जहां उन्होंने अपनी मां की अनुपस्थिति में नामांकन भरा।

## बृज भूषण सिंह को राहत : महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में आदेश टला : चार्ज फ्रेम का बढ़ा इंतजार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को बृज भूषण सिंह और एक अन्य के खिलाफ छह महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न मामले में आरोप तय करने पर आदेश टाल दिया है। अब इस मामले में 10 मई को आदेश आ सकता है।

इससे पहले 26 अप्रैल को अदालत ने महिला पहलवान यौन शोषण मामले में आरोपी भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह की उस अर्जी को खारिज कर दिया था। जिसमें उन्होंने महिला पहलवानों द्वारा उनके खिलाफ दायर यौन उत्पीड़न मामले में आगे की जांच की मांग की थी। राउज एवेन्यू कोर्ट की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने 7 मई को मामले में आरोप तय करने का आदेश दिया था।

जानकारी के लिए बता दें कि भाजपा सांसद द्वारा आवेदन दायर करने के बाद 18 अप्रैल को अदालत ने सिंह के खिलाफ आरोप तय करने पर आदेश टाल दिया था। अपने आवेदन में सिंह ने आरोप तय करने पर आगे की दलीलें पेश करने की अनुमति मांगी। उन्होंने दिल्ली पुलिस को घटना की कथित तारीख सात सितंबर 2022 को डब्ल्यूएफआई कार्यालय में उनकी उपस्थिति के संबंध में जांच करने का निर्देश देने की मांग की।

उन्होंने दावा किया था कि वह संबंधित तारीख पर भारत में नहीं थे। ताजा आवेदन में दिल्ली पुलिस को सीडीआर रिकॉर्ड में रखने का निर्देश देने की भी मांग की गई। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश एपीपी अतुल श्रीवास्तव ने आवेदन का विरोध किया था और कहा था कि इसे देरी से दायर किया गया है। उन्होंने कहा था कुछ रुकावट होनी चाहिए।

# केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने नहीं दिया कोई फैसला, बिना आदेश दिए उठी बेंच

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले में जेल में बंद दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई, लेकिन सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की बेंच बिना कोई आदेश दिए उठ गई। अब सुप्रीम कोर्ट बेंच गुरुवार या फिर अगले हफ्ते केजरीवाल की याचिका पर आदेश पारित कर सकती है। केजरीवाल ने कोर्ट में अंतरिम जमानत देने की मांग की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए 3 मई को जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा था कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर विचार किया जा सकता है ताकि वे चुनाव प्रचार में शामिल हो सकें।



ईडी ने किया केजरीवाल की जमानत का विरोध

मामले की सुनवाई के दौरान ईडी ने कोर्ट को बताया कि अरविंद केजरीवाल साल 2022 में गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान 7 स्टार ग्रैंड हयात होटल में ठहरे थे और होटल के बिल का भुगतान चनप्रीत सिंह द्वारा किया गया था। चनप्रीत सिंह पर आरोप है कि गोवा चुनाव में आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार के लिए उन्हें ही कथित तौर पर फंड मिला था। ईडी के वकील एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत का विरोध करते हुए कहा कि 'यह राजनीति से प्रेरित मामला नहीं है। हम इस मामले में हो रही राजनीति को लेकर चिंतित नहीं हैं, लेकिन हमारी चिंता सबूतों को लेकर है। शुरुआत में अरविंद केजरीवाल पर हमारा फोकस नहीं था और न ही ईडी केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई का विचार कर रही थी, लेकिन जैसे जैसे जांच आगे बढ़ी तो केजरीवाल की भूमिका साफ हो गई।'

सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल के वकील सिंघवी से कहा कि अगर हम अंतरिम जमानत देते हैं तो केजरीवाल बतौर सीएम आधिकारिक काम नहीं कर पाएंगे क्योंकि इससे समस्या हो सकती है और हम सरकार के कामकाज में दखल नहीं देना चाहते।

### सिंघवी बोले- केजरीवाल के खिलाफ सबूत नहीं

केजरीवाल की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की तरफ से एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलीलें रखीं। केजरीवाल के वकील सिंघवी का कहना है कि मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई सबूत नहीं हैं और उनकी गिरफ्तारी गैरकानूनी है। जांच एजेंसी के सामने पेश न होना गिरफ्तारी का आधार नहीं हो सकता। वहीं एसवी राजू का कहना है कि गिरफ्तारी का फैसला सिर्फ जांच अधिकारियों का ही नहीं था, बल्कि एक स्पेशल जज द्वारा भी इसका फैसला लिया गया था।

## 'मुस्लिमों को आरक्षण' पर लालू यादव के बदले सुर, कहा- धर्म के आधार पर रिजर्वेशन नहीं

**नई दिल्ली।** 'मुस्लिमों को आरक्षण' की वकालत करने वाले आरजेडी मुखिया लालू यादव के सुर कुछ ही देर में बदल गए हैं। बीजेपी के हमलों के बीच अब उन्होंने कहा है कि आरक्षण सामाजिक आधार पर होता है, धर्म के आधार पर नहीं। मंडल कमीशन मैंने लागू किया था। अटल बिहारी वाजपेयी ने संविधान समीक्षा आयोग बनाया था। बीजेपी दलित-पिछड़ा विरोधी है।

दरअसल, लालू यादव ने मंगलवार सुबह पटना में मुस्लिमों के लिए आरक्षण की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि मुस्लिमों को आरक्षण मिलना चाहिए। इस बयान के कुछ देर बाद अब लालू का कहना है कि आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं होता है। तीसरे चरण का रुख हमारे पक्ष में है। बीजेपी 400 पार की बात केवल मनोवैज्ञानिक दबाव के लिए बोल रही है। ये लोग 200 भी नहीं पार कर रहे हैं।

## 'वह पाकिस्तान की बोली बोल रहें', वडेट्टीवार के बयान पर फडणवीस का पलटवार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार के एक बयान से सियासी विवाद खड़ा हो गया है। वडेट्टीवार ने एटीएस के पूर्व प्रमुख हेमंत करकरे को लेकर एक बयान जारी किया था। उन्होंने कहा था कि हेमंत करकरे की मौत आतंकवादी अजमल कसाब की गोली से नहीं, बल्कि आरएसएस के वफादार पुलिस अधिकारी की गोली से हुई थी। उनके इस बयान पर महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री (डिप्टी सीएम) देवेंद्र फडणवीस ने पलटवार किया है। फडणवीस ने वडेट्टीवार पर पाकिस्तान की बोली बोलने का आरोप लगाया है। वडेट्टीवार ने इस मामले की पैरवी करने वाले अधिवक्ता और उत्तर-मध्य मुंबई से भाजपा प्रत्याशी उज्जवल निकम को देशद्रोही करार दिया।

डिप्टी सीएम ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को भी घेरा। उन्होंने वडेट्टीवार के बयान पर उद्धव



ठाकरे की चुप्पी पर सवाल उठाया। फडणवीस ने कहा, '₹हेमंत करकरे को अजमल कसाब ने नहीं मारा था, ये बोलकर वडेट्टीवार पाकिस्तान की बोली बोल रहे हैं। पूरा देश उज्ज्वल निकम के साथ है, लेकिन कांग्रेस सिर्फ आतंकवाद के साथ है।'

कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि देश तानाशाही की तरफ बढ़ रहा है। इस पर फडणवीस ने कहा कि देश ने 1975 में तानाशाही देखी, जब पूरे विपक्ष को दो वर्षों के लिए जेल में डाल दिया गया था। जिन लोगों के खून में तानाशाही है, वे ही हमारे ऊपर इसे लेकर आरोप लगा रहे हैं।

### उद्धव ठाकरे को भी घेरा

फडणवीस ने बताया कि मोदी सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से सबसे ज्यादा लाभ अल्पसंख्यकों और मुसलमानों को हुआ है। उन्होंने आगे कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों को लाभ देने में विश्वास रखते हैं। कांग्रेस विभाजनकारी राजनीति कर रही है। इसके कारण देश को पहले भी विभाजन का सामना करना पड़ा था।' फडणवीस ने दावा किया कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास अघाड़ी सरकार ने उन्हें गिरफ्तार करने की योजना बनाई थी।

अजित पवार बारामती में अपनी मां आशा पवार को मतदान केंद्र पर लेकर गए थे। वहां अजित ने कहा था कि उन्हें उनकी मां का आशीर्वाद प्राप्त है। इसे लेकर सवाल किए जाने पर फडणवीस ने कहा कि जब ऐसी छवि बनाई गई कि अजित पवार को परिवार के बाकी लोगों ने दरकिनार कर दिया, तो ऐसे में मां से बड़ा कोई आशीर्वाद नहीं है।

# हरियाणा में लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा को झटका



### » तीन निर्दलीय विधायकों ने वापस लिया समर्थन

**रोहतक (हरियाणा)।** हरियाणा में भाजपा को झटका लगा है। तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा से समर्थन वापस ले लिया है। हरियाणा में उन्होंने कांग्रेस में को बाहर से समर्थन देने का एलान कर दिया है। साथ ही आने वाले विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस के साथ रहने की बात कही है। तीन विधायक रोहतक पहुंचे हैं। यहां उन्होंने नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। वहीं एक और निर्दलीय विधायक के बारे में समर्थन वापस लेने की चर्चा है। उनका अभी इंतजार है। नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान भी प्रेस वार्ता में मौजूद हैं। विधायकों ने नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार से अपना समर्थन वापस लेते हुए महंगाई बढ़ने और बेरोजगारी का मुद्दा उठाया है। विधायकों ने समर्थन वापस लेकर नायब सिंह सैनी सरकार को संकट में डाल दिया है। कुछ दिन पहले ही भाजपा सरकार ने बहुतम साबित किया था।

नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने तीनों विधायकों का स्वागत किया और कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि मौजूदा सरकार से लोगों का मोह भंग हो गया है और जनभावना को देखते हुए ही इन्होंने फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि यह ठीक समय पर ठीक फैसला लिया गया है। कांग्रेस के पक्ष में लहर चल रही है, इसमें इनका भी योगदान होगा कि ये बाहर से कांग्रेस का समर्थन करेंगे। इन्होंने जनभावनाओं की कदर करते हुए ये फैसला लिया है।

हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों की ओर से सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। उन्होंने सरकार पर निशाना साधा और कहा कि जनभावना के हिसाब से तीनों विधायकों ने फैसला लिया है। कांग्रेस की लहर चल रही है और इस लहर में इनका भी योगदान होगा।

तीन निर्दलीय विधायकों द्वारा हरियाणा सरकार से समर्थन वापस लेने और कांग्रेस को समर्थन देने की खबरों के बारे में पूछे जाने पर, हरियाणा के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता नायब सिंह सैनी ने कहा कि मुझे यह जानकारी मिली है। विधायकों की कुछ इच्छाएं होती है। कांग्रेस कुछ लोगों की इच्छाओं को पूरा करने में लगी हुई है। अब कांग्रेस को जनता की इच्छाओं से कोई लेना-देना नहीं है।

## भारी बारिश के कारण बंगाल में नौ लोगों की मौत, बर्धमान, मिदनापुर और पुरुलिया सबसे ज्यादा प्रभावित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सोमवार को आंधी-तूफान के कारण नौ लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पांच पूर्वी बर्धमान और दो-दो पश्चिम मिदनापुर और पुरुलिया के निवासी शामिल हैं। इसके अलावा नादिया में दीवार ढहने से दो लोगों की और दक्षिण 24 परगना में पेड़ गिरने से एक की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने कहा, 'जिला प्रशासन 24 घंटे आपदा प्रबंधन मोड पर काम कर रहे हैं। दिशानिर्देशों के अनुसार सहायता राशि प्रदान करने की प्रक्रिया पर भी काम किया जा रहा है। इस तूफान में जान गंवाने वालों के परिजनों के साथ मेरी संवेदनाएं।'

# 'सभी पार्टियों को मुस्लिम वोट चाहिए, लेकिन ...'



**मुंबई।** एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बताया कि महाराष्ट्र में सभी पार्टियां लोकसभा चुनाव में मुस्लिम वोट चाहती है। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी पार्टी ने कोई मुस्लिम उम्मीदवार नहीं उतारा है। सोमवार को आमखास मैदान में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि उनके औरंगाबाद के सांसद इम्तियाज जलील को हराने के लिए विभिन्न पार्टियां एक साथ आई हैं।

ओवैसी ने कहा, 'राजनीतिक पार्टियां मुस्लिमों से वोट मांग रही हैं, लेकिन उन्हें महाराष्ट्र की 48 सीटों में से एक भी सीट के लिए इस समुदाय से उम्मीदवार नहीं मिल पाया। उन्हें परिणाम की चिंता नहीं है, लेकिन दोनों शिवसेना, दोनों राकांपा और कांग्रेस यहां इम्तियाज जलील को हराने आए हैं।'

### शिवसेना (यूबीटी) नेता की आलोचना की

शिवसेना (यूबीटी) उम्मीदवार चंद्रकांत खैरे की आलोचना करते हुए ओवैसी ने कहा, 'वह खुद को हिंदू नेता कहते हैं, लेकिन मुस्लिम मतदाताओं के के महत्व को महसूस करने के बाद वह ईदगाह पहुंचे। जिनकी राजनीति पहले खान या बान (मुस्लिम-हिंदू) पर आधारित थी, वह आज नमाज के महत्व को बता रहे हैं।'

ओवैसी ने शिव सेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे को नया धर्मनिरपेक्ष बतया है। उन्होंने कहा, 'पूर्व मुख्यमंत्री बाबरी मस्जिद विध्वंस पर अपना रुख स्पष्ट करें। उन्हें यह बताना चाहिए कि यह पाप था या नहीं।'

## तीसरे चरण के मतदान में भी हिंसा, बंगाल में भाजपा उम्मीदवार से भिड़ा टीएमसी का बूथ कार्यकर्ता



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के बीच भी कई क्षेत्रों में हिंसा की घटनाएं सामने आई हैं। पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के जंगीपुर में वोटिंग के दौरान ही मतदान केंद्र में भाजपा उम्मीदवार धनंजय घोष के साथ तृणमूल कांग्रेस के बूथ प्रेसीडेंट की झड़प हो गई। भाजपा उम्मीदवार ने टीएमसी पर धमकी देने का आरोप लगाया है।

भाजपा उम्मीदवार धनंजय घोष ने कहा, 'मैं भाजपा उम्मीदवार हूं और मुझे तृणमूल के बूथ एजेंट द्वारा धमकाया गया है। एक उम्मीदवार के साथ अगर ऐसा व्यवहार हो सकता है तो आम लोगों के साथ क्या-क्या हो सकता है। हम चुनाव आयोग से इस बारे में शिकायत करेंगे।'

# 'पुलिस ने प्रसारित किए प्रज्ज्वल के अश्लील वीडियो'

### » कुमारस्वामी ने डीके शिवकुमार पर लगाए गंभीर आरोप

**बंगलूरू।** जेडीएस नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना के अश्लील वीडियो मामले में कर्नाटक के पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी ने राज्य के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार पर गंभीर आरोप लगाए। कुमारस्वामी ने कहा कि इस मामले में गंदी राजनीति की जा रही है। कुमारस्वामी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 'जो घटना घटी, वो नहीं होनी चाहिए थी। 21 अप्रैल को पूरे राज्य में एक पैन ड्राइव प्रसारित की गई। पुलिस अधिकारियों ने भी इस पैन ड्राइव को प्रसारित किया। इसे बंगलूरू ग्रामीण, मांड्या और हासन सीटों पर जानबूझकर प्रसारित किया गया।'

कुमारस्वामी ने बताया '21 अप्रैल की रात नवीन गौड़ा नाम के एक शख्स ने प्रज्ज्वल रेवन्ना के वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड



किए। जिसके खिलाफ हासन सीट पर प्रज्ज्वल रेवन्ना के चुनाव एजेंट पूर्णचंद्र ने हासन पुलिस में 22 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई, जिसमें नवीन गौड़ा, कार्तिक गौड़ा, चेतन और पुर्ताराजू के खिलाफ आरोप लगाए गए, लेकिन इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई और 26 अप्रैल को रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि उस शिकायत को बंद कर दिया गया है।' जेडीएस नेता ने कहा कि 'मैं किसी का बचाव नहीं कर रहा और दोषी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। फिर चाहे वो कोई भी हो।'

### सीएम और डिप्टी सीएम पर लगाए आरोप

जेडीएस ने कहा कि 'जब चुनाव हो रहे थे, तो कौन उन वीडियो और पैन ड्राइव को प्रसारित कर रहा था। सीएम 100 बार बोल चुके हैं कि एचडी कुमारस्वामी और जेडीएस उम्मीदवार हारेंगे। कुमारस्वामी ने कहा कि सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी बनाई, मुझे लगा कि एसआईटी मामले की निष्पक्ष जांच करेगी, लेकिन अब मुझे लगता है कि यह एसआईटी सिद्धारमैया, शिवकुमार इन्वेस्टिगेशन टीम है।'

सोमवार को भाजपा नेता देवराजे गौड़ा ने आरोप लगाया कि प्रज्ज्वल रेवन्ना मामले में कांग्रेस ने साजिश रची है और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार का घटना में हाथ होने का दावा किया। हालांकि शिवकुमार ने आरोपों को खारिज कर दिया। बंगलूरू में आज जेडीएस कार्यकर्ताओं ने राज्य के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। एचडी कुमारस्वामी ने बताया कि 'उन्होंने कोर्ट से स्टे ऑर्डर ले लिया है, जिसके तहत मीडिया या कोई भी अश्लील वीडियो मामले में उनका या पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा का नाम नहीं ले सकेगा।' कुमारस्वामी ने कहा 'सरकार मामले की निष्पक्ष जांच नहीं करना चाहती और वे सिर्फ एचडी रेवन्ना का चरित्र हनन करना चाहते हैं। हम राज्यपाल से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग करेंगे।'

## आप विधायक अमानतुल्लाह खान के बेटे की सरेआम गुंडागर्दी, नोएडा के पेट्रोल पंप पर की मारपीट

**नई दिल्ली।** दिल्ली की ओखला विधानसभा से आप विधायक अमानतुल्लाह खान पिछले कई दिनों से सुर्खियों में बने हुए हैं। अमानतुल्लाह के ऊपर मनी लॉन्ड्रिंग, धमकी देने जैसे करीब 18 मामले दर्ज हैं, अब उनके बेटे का भी सत्ता का रसूख दिखाने का मामला सामने आया है।

दरअसल मामला नोएडा सेक्टर-95 का है, जहां विधायक के बेटे ने अपनी दादागीरी दिखाते हुए एक फिलिंग स्टेशन की लाइन तोड़ने के बाद जमकर हंगामा काटा। लाइन तोड़ कर घुसने पर जब फिलिंग स्टेशन कर्मचारी ने उन्हें पेट्रोल देने से इनकार कर दिया तो अमानतुल्लाह खान के बेटे ने कर्मचारी के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। पुलिस ने बेटे के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# स्टिंग ऑपरेशन से गरमाई बंगाल की राजनीति

### » शाहजहां शेख को क्लीन चिट देने के लिए यह वीडियो जारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने आरोप लगाया है कि संदेशखाली पर जो कथित स्टिंग ऑपरेशन किया गया है, वह संदेशखाली की सच्चाई को दबाने का प्रयास है। मजूमदार ने वीडियो जारी करने के समय पर भी सवाल उठाए और आरोप लगाया कि संदेशखाली मामले में मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को क्लीन चिट देने के लिए यह वीडियो जारी किया गया है।

मजूमदार ने कहा कि 'यह वीडियो संदेशखाली की सच्चाई दबाने के लिए टीएमसी नेताओं द्वारा ही जारी किया गया है। इस वक्त स्टिंग ऑपरेशन क्यों किया गया, जब चुनाव चल रहे हैं? लेकिन लोगों को बेवकूफ बनाना आसान नहीं है, लोग राजनीतिक रूप से परिपक्व हैं और वे सब समझते हैं कि इस वक्त वीडियो



क्यों जारी किया गया है।' उल्लेखनयी है कि शनिवार को टीएमसी ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें दावा किया जा रहा है कि वीडियो में भाजपा के मंडल अध्यक्ष हैं, जिन्होंने वीडियो में बताया कि पूरी साजिश के पीछे विपक्षी नेता सुवेंदु अधिकारी का हाथ है। टीएमसी इस वीडियो को जारी कर दावा कर रही है कि संदेशखाली विवाद के पीछे भाजपा की साजिश है। हालांकि मजूमदार ने वीडियो को फर्जी बताया और कहा कि हो सकता है कि एआई तकनीक का इस्तेमाल करके यह वीडियो बनाया गया है।

### मजूमदार ने अभिषेक बनर्जी के बयान पर साधा निशाना

मजूमदार ने कहा कि 'हमारे नेता गंगाधर कयाल ने कहा है कि वीडियो में जो शख्स है, वो वह नहीं हैं। जैसे ही वीडियो सामने आई, वैसे ही टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पार्टी को शाहजहां शेख को बर्खास्त करने से पहले दो बार सोचना चाहिए था। अब इस वीडियो को शाहजहां शेख को क्लीन चिट देने में इस्तेमाल किया जाएगा।' बंगाल की बालुरघाट सीट से सांसद मजूमदार ने कहा कि 600-700 लोगों ने संदेशखाली मामले में शिकायत दर्ज कराई थी। ऐसे में एक आदमी के बयान को स्वीकार किया जा रहा है और बाकी लोगों के दावों को नकार दिया गया है।

मजूमदार ने कहा कि सीएम ममता बनर्जी के संदेशखाली न जाने पर भी सवाल उठाए और पूछा कि 'सीएम अब तक संदेशखाली क्यों नहीं गईं? मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि वे वहां जाएं तो हम उन्हें दिखाएंगे कि किस तरह से शाहजहां शेख के नेतृत्व में भूखंडों को मछली पालन के तालाबों में बदल दिया गया। केंद्रीय एजेंसियों ने संदेशखाली के एक घर से हथियार भी बरामद किए हैं।'

# शाम से रात तक तेंदुआ को पकड़ने में जुटा रहा वन विभाग

**» देर रात चकमा देकर टैंक में लगी सीढी पर चढ़ भागा तेंदुआ**



**लोकमित्र संवाददाता**

**धौरहरा-खीरी।** उत्तर खीरी वन रेंज धौरहरा के अंतर्गत विकास खण्ड ईसानगर क्षेत्र के गांव बालू पुरवा में सोमवार को खूंखार आदमखोर तेंदुआ के टैंक में गिरने के बाद जाल लगाकर रेस्क्यू करने पहुचीं वन विभाग की टीम देर रात उसका रेस्क्यू न कर उसे टैंक में सीढ़ी डालकर पकड़ने की कोशिश में लगी रही और देर रात मौका देख भगाने में ही अपनी होशियारी समझी ग्रामीणों के अनुसार जिसके बाद से बालू पुरवा समेत आस पड़ोस के करीब आधा दर्जन गांवों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

क्षेत्र के डरे सहमे ग्रामीणों की माने तो वन विभाग तेंदुए को टैंक में आसानी से रेस्क्यू कर जंगल मे छोड़ सकता था पर उसने ऐसा नहीं किया यह क्षेत्रीय ग्राम वासियों की समझ से परे है।

उत्तर खीरी वन रेंज धौरहरा क्षेत्र के ग्राम बालूपुरवा में सोमवार को एक तेंदुआ नलकूप के टैंक में गिर गया था जिसकी सूचना ग्रामीणों से मिलते ही मौके पर पहुचीं वन विभाग की टीम ने उसे रेस्क्यू करने के लिए टैंक के चारो ओर जाल लगाया तो ग्रामीणों ने राहत की सांस ली पर देर रात जब वन विभाग ने तेंदुए का रेस्क्यू न कर उसे टैंक से सीढ़ी लगाकर भगा दिया तो बालू पुरवा समेत आस पड़ोस के करीब आधा दर्जन गांवों में पूर्व की भांति पुनः दहशत व्याप्त हो गई है। इस बाबत ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग टैंक में मौजूद तेंदुए को आसानी से रेस्क्यू कर उसे जंगल मे छोड़ सकता था पर मौके पर मौजूद वन अधिकारियो व कर्मियों ने ऐसा न कर टैंक में सीढ़ी लगाकर उसे खेतो में भगा कर अपना पल्ला झाड़ लिया है।जिसके चलते आमजन में दहशत व्याप्त है।

**तेंदुए के भागने तक लाव लश्कर के साथ मौजूद रही वन विभाग की टीम**

ग्रामीण यह भी बताते है कि वन विभाग की टीम क्षेत्रवासियों को दिखावटी के लिए दोपहर से लेकर देर रात तक बगैर तामझाम के ही गाड़ियां दौड़ाकर जल्द ही तेंदुए को रेस्क्यू करने का दंभ भरती रही पर जैसे ही रात अधिक हुई तो लाठी डंडे पटककर पहले ग्रामीणों को मौके से अनहोनी घटना का भय बताते भगा दिया गया फिर देर रात टैंक में सीढ़ी लगाकर तेंदुए को खेतों में निकालते हुए भगा कर अपना पल्ला झाड़ लिया। जिसकी वजह से आज लोग खेतो में पड़ी व खड़ी फसलों की रखवाली करने की बजाए घरों पर ही रहना ज्यादा उचित समझ रहे हैं।वही इस बाबत जब विभाग से संपर्क किया गया तो वह कुछ भी कहने से कतराते दिखाई दिया और मौका पाकर तेंदुए के भाग निकलने की बात कही जा रही है।

# बसढिया में आयोजित जनसभा को डिप्टी सीएम ने किया सम्बोधित, विपक्ष पर साधा निशाना



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर धौरहरा सीट से प्रत्याशी रेखा वर्मा के समर्थन में बसढिया चौराहे पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित करने पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। और भाजपा सरकार की उपलब्धियों का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस के सत्तर साल के शासन में देश को दलदल में धकेलने का काम किया उनके शाशन काल मे देश अर्थ व्यवस्था के दृष्टिगत विश्व में 11 वें स्थान पर था जिसे मोदी जी द्वारा कड़ी मेहनत से 5 वें स्थान पर ला दिया है। उपस्थित जनता से अपील करते हुए राष्ट्र हित मे पुनः मोदी सरकार बनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान केशव प्रसाद मौर्य के साथ भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा,धौरहरा विधायक ,आयोजक अनिल कुमार गुप्ता, जगदीश गुप्ता इंद्रेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, गणेश गुप्ता ,ज्ञानेंद्र वर्मा के साथ बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल मुस्तैद रहा।

# फारेस्टर की शह पर प्रतिबंधित प्रजाति का सफाया जारी

**» साहब के हुक्म से चलती है क्षेत्रीय आरामशीने, उच्चाधिकारी भी फारेस्टर के हुक्म के हुए गुलाम**



**लोकमित्र संवाददाता**

**धौरहरा-खीरी।** दुधवा नेशनल पार्क के अधीन आने वाली वन रेंज धौरहरा में प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों का कटान व चिरान विभाग के जिम्मेदार की देखरेख में खुलेआम फल-फूल रहा है और तो और इस फारेस्टर के रहमो-करम पर क्षेत्र में मौजूद आरामशीनो पर लकडी चिरान कराने का भी हलफनामा हवा में तैर रहा है।

नेशनल पार्क व बन्य जीव अभयारण्य दुधवा रिजर्व टाइगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वन रेंज धौरहरा में उच्च अधिकारियों की शह पर फारेस्टर के द्वारा क्षेत्रीय लकडकट्टो के माध्यम से हरियाली मिटाने को लेकर प्रतिबंधित प्रजाति की लकडी का कटान कराने व क्षेत्र में मौजूद आरा मशीनों पर लकडी चिरान कराने का खुला खेल खेला जा रहा है। फारेस्टर की शह पर क्षेत्रीय लकडकट्टो द्वारा रात के अंधेरे में आम जामुन नीम शीशम सागौन सहित अन्य प्रजाति की लकडी कटान होने के बाद आरामशीनो पर चिरान कराने को भेजा जाता है। धौरहरा कस्बे के उत्तर व दक्षिण लगी आरामशीनो पर फारेस्टर साहब के हुक्म से प्रतिबंधित लकड़ी का कटान/चिरान खुलेआम जारी है।इस मामले में विभागीय उच्चाधिकारी भी फारेस्टर के सुर में सुर मिलाते नज़र आते हैं। ज्ञात हो वर्तमान समय में आरामशीनो के फड पर प्रतिबंधित प्रजाति की लकडी का स्टाक देखा जा सकता है।

## बकरियों की चोरी करने वाला गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**अयोध्या।** कुमारगंज पुलिस ने बकरी चोर को चोरी की बकरी के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के इटौंजा गांव निवासी महताब पुत्र दराब की दो बकरियां घर के दरवाजे पर बंधी थी। रात में करीब दो बजे बकरियों के चिल्लाने पर जब घर के लोग नींद से जगे तो देखा कि एक बकरी गायब हैघ। घर वालों ने रात में ही खोजबीन शुरू कर दी। लेकिन बकरी का कोई पता नहीं लगा। सुबह महताब पड़ोसी जनपद अमेठी के रानीगंज बाजार में लगने वाली बकरी मंडी पहुंच गए व बकरी खोजने लगा तो देखा कि गांव के ही पवन कुमार पुत्र रामकृपाल ;20द्ध चोरी की बकरी बेचने के लिए पहुंचे हैं। जब महताब ने पवन से पूछा कि बकरी तो मेरी हैए आपको कहां से मिली तो वह कुछ नहीं बोला और भागने की कोशिश किया। लेकिन महताब ने उसे पकड़ लिया और कुमारगंज थाने लाकर चोरी की बकरी सहित पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

# बसपा सुप्रीमो मायावती ने भरी हुंकार

**कहा हिंदुत्व की आड़ में चरम पर है जुल्म अजय मिश्र टेनी पर भी साधा निशाना**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में मंगलवार को आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस और भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व की आड़ में जुल्म–ज्यादती चरम पर है। मुसलमान और अन्य अल्पसंख्यक परेशान हैं। बसपा सुप्रीमो ने जिले के किसानों और सिख समाज का जिक्र कर चुनावी समीकरण साधा।

बसपा सुप्रीमो ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि अब इनकी नाटकबाजी, जुमलेबाजी या गारंटी काम में आने वाली नहीं है। क्योंकि अब देश की जनता काफी हद तक इस बात को समझ चुकी है कि इनकी गारंटी और वादे जमीनी हकीकत में एक चौथाई तक पूरे नहीं हुए।

**खीरी सांसद ने किया किसानों का उत्पीड़न**

बसपा सुप्रीमो ने खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी पर भी हमला बोला। जिले के किसानों और सिख समाज का जिक्र करते हुए कहा कि यहां के सांसद ने किसानों का उत्पीड़न किया। कहा कि मुझे मालूम है यहां सिख समाज के काफी संख्या में हैं। जब भी किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन किया है तब भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने ज्यादती की। किसानों को जुल्म ज्यादती का शिकार होना पड़ा है।

**कांग्रेस की तरह बीजेपी भी कर रही एजेंसियों का इस्तेमाल-मायावती**

बसपा ने टिकट बंटवारे में सर्व समाज की उचित भागीदारी दी है। कांग्रेस, बीजेपी व इनके संयोगी दल के बारे में कहना चाहूंगी आज़ादी के बाद ज़्यादा बार सत्ता कांग्रेस के पास रही है। उन्होंने कहा कि पूंजीपतियों को धनवान बनाने, हर स्तर पर छूट देने, मजबूत बनाने में समय निकल रहा है उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की तरह बीजेपी भी एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि देश की सीमाएं भी सुरक्षित नही है। उन्होंने भीड़ से कहा कि देश के चुनाव में कांग्रेस, बीजेपी को आने से रोकना है किसी को हवा हवाई चुनावी घोषणा पत्रों में कतई नही आना है क्योंकि यह पार्टियां चुनाव बाद घोषणा पत्र अमल में नहीं लाती हैं।

किसानों को जो थोड़ी खाद्य सामग्री दी जा रही वो भाजपा अपनी जेब से नही बल्कि आप के टैक्स से दी जा रही है। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि धर्म की आड़ में खासकर मुस्लिम समाज का शोषण और उत्पीडन किया जा रहा है उसे रोका जाएगा। सिख समाज का भी शोषण हुआ है। उस समय सिख समाज को तबाह और बर्बाद किया गया था।

## भाजपा सरकार ने दिया भयमुक्त विकासयुक्त शासन: सर्वजीत सिंह

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी सांसद लल्लू सिंह के पक्ष में मतदान करने को लेकर विधानसभा रुदौली के वरिष्ठ नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख रुदौली सर्वजीत सिंह लगातार दौरे पर दौरा कर रहे हैं आज उन्होंने सुजागंजए दफियापुरए खंडपिपराए परसऊए शाहपुरए कोपेपुरए कोटराए हसनामऊए ऐथरए विचालाए हयातनगरए हलीमनगरए रहीमगंजए रहीमगंज धौरहराए शहवाजपुर सहित तमाम गांवों में पहुंचकर चौपाल लगाकर सरकार की उपलब्धियां गिनाई। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी वर्गों को साधते हुए सबसे सांसद लल्लू सिंह को भारी मतों से जिताकर भाजपा को मजबूत करने का आवाहन किया। कार्यक्रम में उनके साथ मौजूद भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने अल्पसंख्यक समाज के लोगों को संबोधित करते हुए बताया भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ऊंच नीच भेदभाव दंगा फसाद यह सब कम हुआ है।

# प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन ( रजि . ) की मासिक बैठक हुई संपन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** मोहम्मदी शंकरपुर चौराहा स्थित हरि पैलेस वाटर पार्क में शिवम राठौर की अध्यक्षता में प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन मोहम्मदी की मासिक बैठक संपन्न हुई। अध्यक्ष शिवम राठौर ने अपने संबोधन में आम जन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने व आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को संगठन स्तर से जागरूकता अभियान चला कर जागरूक करने की अपील की। श्री राठौर ने बताया कि प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन को विस्तार देते हुए संगठन में नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा साथ ही निष्क्रिय सदस्यों की सदस्यता निरस्त की जाएगी। इस अवसर पर महामंत्री तनवीर सिद्दीकी, संगठन मंत्री मोहम्मद इलियास, अश्वनी सिंह राजपूत, अर्जुन राठौर, तौहीद मंसूरी, एडवोकेट सुभेद्र प्रताप सिंह, मो. असलम रज़ा, सारिव अली मंसूरी, सहवाज सिद्दीकी, शादाब खां, शमशाद खां, इमरान मंसूरी, रियासत अली (छोटे), गोपाल मिश्रा, इमरान मंसूरी अनुज कुमार सिंह, वाहिद अली आदि उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में नहर के किनारे मिला अधेड़ का शव

**अयोध्या।** खण्डासा थाना क्षेत्र के नरसड़ा गांव के पास शारदा नहर के किनारे मंगलवार सुबह थाना क्षेत्र के ही मिश्रौली गांव निवासी अधेड़ किसान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। मृतक के बेटे की सूचना पर पहुंची खण्डासा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। मिश्रौली गांव निवासी किसान रामकरन यादव उम्र 55 वर्ष सोमवार की रात भोजन के उपरांत घर से खेत के लिए निकला था। वापस न होने पर परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। सुबह.सुबह जानकारी हुई की नरसड़ा गांव के पास शारदा सहायक नहर कि उत्तरी पटरी के किनारे उनका शव पड़ा है। उनके बेटे रंगीलाल ने घटना की सूचना खण्डासा पुलिस को दी। सूचना पर दलबल के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। मृतक के शरीर पर चोट के कोई जाहिरा निशान नहीं देखे गए।

# फ्री एण्ड फेयर ढंग से निर्वाचन को सम्पन्न करायें सम्बन्धित अधिकारीगण : प्रेक्षक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**श्रावस्ती।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक सामान्य किशोर कुमार (आई0ए0एस0 2014 बैच) का सोमवार को सायंकाल जनपद में आगमन हुआ। कलेक्ट्रेट पहुंचने पर जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा, पुलिस अधीक्षक घनश्याम चैरसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी अधिकारी कार्मिक अनुभव सिंह ने उनकी अगुवानी कर स्वागत किया। तत्पश्चात प्रेक्षक(सामान्य) की अध्यक्षता में एवं जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशासन/पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचन को फ्री एण्ड फेयर ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। प्रेक्षक ने उपस्थित सभी प्रशासन/पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि भारत निर्वाचन आयोग एवं प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशानुसार सभी कार्यवाही पूरी की जाएं। यदि कोई व्यक्ति नियमों का पालन न करें तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। उन्होने निर्देश दिया कि आबकारी दुकानों से थोक में बिक्री ना होने पाये, गांव में अवैध मदिरा की बिक्री किसी भी सूरत में न होने पाए, दुकानों से अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाए। उन्होने जिला संम्बन्धित अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए कि प्रत्याशियों द्वारा चुनाव में शराब का प्रलोभन देने हेतु शराब ना बांटी जाए इसके लिए सतत निगरानी रखी जाए। उन्होने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाए। उन्होने निर्देश दिया कि बिना अनुमति के होर्डिंग, बैनर आदि नही लगाये जायेंगे। उन्होने पोस्टल बैलेट फर्नीचर और बैरिकेडिंग की व्यवस्था के बारे में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु किए गए अब तक के कार्यों तथा की जा रही तैयारियों के बारे में प्रेक्षक को विस्तारपूर्वक अवगत कराया। उन्होने बताया कि जिले में शत-प्रतिशत मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए मतदाताओं को घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसके अलावा मतदाता जागरूकता रैली, रंगोली कार्यक्रम, मतदाता जागरूकता रथ एंव सरकारी एंव अर्द्धसरकारी कार्यालयों एंव शिक्षण संस्थाओं में मतदाताओ को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने के साथ ही शत-प्रतिशत मतदान हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि जिले में 18 फ्लांइग स्क्वायड, 18 स्टैटिक सर्विलांस एवं 06 वीडियो निगरानी टीमों द्वारा पूरी चैकसी कर निगरानी की जा रही है।

# उपजिलाधिकारी व बीईओ के निर्देशन मे चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान




**लोकमित्र ब्यूरो**

**मोहम्मदी-खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी मे आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान को लेकर उपजिलाधिकारी डॉ0 अवनीश कुमार व बीईओ शशांक सिंह के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

मतदाता जागरूकता अभियान में ग्राम वसविरवा में मतदाताओं से मिलकर उनको वोट का महत्व समझाया गया और ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

अनुदेशक शचीन्द्र नारायण दीक्षित ने बसविरवा बूथ पर पहुंचकर मतदाताओं को लोकतंत्र को मज़बूत करने के लिए शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक किया।सभी ने 13 मई को सारे काम छोड़कर सबसे पहले वोट डालने की शपथ ली।इस मौके पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार,कंचन,संगीता,कमला,रीमा,राजीव,संजीव,प्रमोद कुमार,अविरल आदि मौजूद रहे।

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के जीत की बनाई रणनीति




**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय लोहिया भवन पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को जीत दिलाने के लिए पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन की मोजुदगी में कांग्रेस एवं आप पार्टी नेताओं के साथ गठबंधन नेताओं की संयुक्त बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल आप महानगर अध्यक्ष कुलभूषण साहू व गठबंधन दल के पदाधिकारी सहित सपा महानगर के पदाधिकारी व पार्षदगण मौजूद रहे एबैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा की चुनाव में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं भाजपा घबरा गई है इसलिए मोदी को अयोध्या आना पड़ाए लेकीन उनके रोड शो में स्थानीय भीड़ नदारत थी ये इस बात का प्रमाण है की की फैजाबाद लोकसभा से गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद भारी मतों से जीत रहे हैं। जनता ने मन बना लिया हैए महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा इस चुनाव में संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को जीताने के लिए पूरे महानगर क्षेत्र में घर घर जाकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा किए गए कार्यों को बताना है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवालए मनीश सिसोदियाए संजय सिंह को जेल में डाल दिया ये तानाशाही ही हैए संजय सिंह को जमानत मिल गई है वो लगातर सभाएं भी कर रहे हैंए अबकी इण्डिया गठबंधन की सरकार बनाने का जनता ने मन बना लिया है महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया।

# व्यय प्रेक्षक ने लोकसभा प्रत्याशियों के साथ की बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** व्यय प्रेक्षक विश्वास सोप्नाराव मुंडे ने निर्वाचन व्यय सम्बंधी विधिक उपबंधों को भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी निर्देशों को स्पष्ट किये जाने हेतु सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 के सभी अभ्यर्थियोंध्एजेंट के साथ एक आवश्यक बैठक की। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी अभ्यर्थियों को अपने नामांकन की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख ;जिसमें दोनों की तिथियां सम्मिलित हैंद्ध के मध्य किये गये सभी व्ययों का ;आयोग द्वारा निर्धारित सीमा के अन्तर्गत अर्थात अधिकतम 95 लाख रुपयेद्ध पृथक एवं सही लेखा रखना अनिवार्य है। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि इस हेतु आयोग द्वारा निर्धारित किये गये प्रारूप पर एक रजिस्टर आप सभी को उपलब्ध कराया गया हैए इसमें अपने दिन प्रतिदिन के व्यय का अंकन निर्धारित रीति से किया जाय तथा इसका निरीक्षण भी समय.समय पर किया जायेगा।उन्होंने व्यय रजिस्टर के अंकन की सावधानियों के बारे में भी विस्तार से बताया। इस दौरान मुख्य कोषाधिकारीध्प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण ममता सिंह ने बताया कि व्यय प्रेक्षक की सहमति से अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय रजिस्टर के प्रथम निरीक्षण हेतु 09 मई 2024 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तकए द्वितीय निरीक्षण हेतु 13 मई को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक तथा तृतीय निरीक्षण हेतु 17 मई को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक जिला पंचायत भवनए सिविल लाइन अयोध्या के प्रथम तल पर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में निश्चित की गयी है।

# पुण्यतिथि पर याद किए गये चौधरी अजित सिंह



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** राष्ट्रीय लोकदल अवध जोन के अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल के आवास लीलापुर में राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एनडीए लोकसभा प्रत्याशी सांसद लल्लू सिंह व बीकापुर के विधायक डाक्टर अमित सिंह चौहान मौजूद रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकैलाश वर्मा ने किया जिसका संचालन जिला महासचिव संगठन प्रवक्ता रामशंकर वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंहए विधायक डाक्टर अमित सिंह चौहानए रालोद अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेलए जिला अध्यक्ष बलराम यादव सहित कार्यकर्ताओं व किसानों ने चौधरी अजित सिंह व चौधरी चरण सिंह के चित्र पर फूलमाला चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर सांसद लल्लू सिंह ने चौधरी साहब के चरणों में अपना श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन के संघर्षों को याद किया उन्होंने कहा कि चौधरी साहब जीवन पर्यन्त किसानों के लिए काम किया किसानों के जीवन अस्तर को उठाना ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी और कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने किसानों को किसान सम्मान निधिए उत्तर प्रदेश सरकार किसानों को सिंचाई हेतु मुफ्त बिजली दे रही है। विधायक डाक्टर अमित सिंह चौहान ने चौधरी अजित सिंह को नमन करते हुए कहा कि चौधरी अजित सिंह ने हमारे पिता मुन्ना सिंह चौहान को एमएलसी बनाया व सिंचाई विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया ऐसे किसान मसीहा के जीवन से हमें सीख लेनी चाहिए।

## स्कॉलर्स होम विद्यालय के विद्यार्थियों ने परचम लहराया

# गोमती नगर स्थित स्कॉलर्स होम विद्यालय के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन









**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** के विद्यार्थियों ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आई.सी.एस.ई. तथा आई.एस.सी. 2024 के बोर्ड परीक्षा - परिणाम की मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराकर एक बार फिर अपना परचम लहरा दिया और विद्यालय को गौरवान्वित किया।

स्कॉलर्स होम विद्यालय में कक्षा 10 व 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं की परीक्षा में 98.40% अंक प्राप्त करने वाली नियति सक्सेना कहती हैं कि शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं नियमित अभ्यास से ही उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। 96.20% अंक प्राप्त करने वाले आर्यमन राय ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं अध्यापकों की कुशल शिक्षण तकनीक को दिया है। इसी क्रम में यश्या श्रीवास्तव 95.20%, शाश्वत शुक्ला 95.20%, रुद्राक्ष यादव 94.40%, शिवानी प्रजापति 93.20% और तस्मिया आफरीन ने 92.40% अंक प्राप्त कर विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं के प्रेरणा स्रोत बने। कक्षा 12वीं की परीक्षा के नतीजे भी शानदार रहे। अर्जुन सिंह बैस ने 93% प्रतिशत अंक प्राप्त किया। अखंड प्रताप सिंह ने 90.25% प्रतिशत और अनुष्का ने 91% अंक प्राप्त करके स्कॉलर्स होम विद्यालय एवं अपने माता-पिता का मान बढ़ाया। विद्यालय की डायरेक्टर सरिता जायसवाल और प्रिंसिपल अनुपम सिंह ने सभी विद्यार्थियों को अच्छे अंक प्राप्त करने पर उन्हें फूल-माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया एवं उनके अच्छे परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी।

# 'राम पर आस्था रखने वाले विकास कर सकते हैं आतंकियों के मुकदमें वापस लेने वाले नहीं'

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सीतापुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीतापुर के नैमिषराण्य में अपने भाषण की शुरुआत रामचरितमानस की पंक्तियों के साथ की है। उन्होंने कहा कि तीर्थवर नैमिष विख्याता.... मैं नैमिष की इस पवित्र धरा को प्रणाम करता हूं। वह मंगलवार को चुनाव प्रचार के सिलसिले में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। जहां उन्होंने कांग्रेस और सपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज मुझे एक बार फिर भारत के वैदिक ज्ञान की परंपरा को प्रदान करने वाली पावन धरा... मां ललिता की इस दैवीय शक्ति वाली धरा में आने का सौभाग्य मिला। यह नैमिष का ही महत्व है कि आज दुनिया जनपद सीतापुर और उत्तर प्रदेश की ओर देख रही है।

जब भी कोई रामद्रोही राम के अस्तित्व को नकारने का काम करता है तो नैमिषारण्य की धरती प्रमाण के साथ खड़ी होती है। एक फैशन सा बन गया है कि भगवान राम के अस्तित्व, कृष्ण के अस्तित्व को चुनौती देना। इसके बारे में यही कहूंगा विनाशकाले विपरीत बुद्धि। जब किसी की बुद्धि भ्रष्ट होती है तो वह आपके सनातन धर्म को अपशब्द कहता है। यह धरा शांति काल है तो शास्त्र का अध्ययन करता रहा है। युद्धकाल है तो शस्त्र का संधान करना भी जानती है। यहां प्रभु श्रीराम की सत्ता को चुनौती देने वाले कहां ठहर पाएंगे। बीते 10 साल में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। जैसे एक नई अयोध्या तैयार हो गई है, ऐसे ही एक नया नैमिषारण्य बनकर तैयार हो रहा है।



आज तीसरे चरण में फिर से मतदान हो रहा है। यह 400 पार करने का लक्ष्य नजदीक आ गया है। अबकी बार मोदी सरकार फिर आएगी। 400 का लक्ष्य भी पूरा होगा। आज की पीढ़ी सौभाग्यशाली है, जिसने बदलते भारत को देखा है। आज की पीढ़ी कह सकती है कि हमने वो काल देखा है जब प्रभु श्रीराम अयोध्या में विराजमान हुए। आतंकवाद को नेस्तनाबूत करके हमेशा के लिए राम नाम सत्य कर दिया। हमने वो भारत देखा है जब हाइवे, एक्सप्रेस वे, ट्रिपल आईटी से लेकर हर घर जल की योजना लागू हो रही है। 80 करोड़ लोग राशन की सुविधा का फ्री में लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

अब तक 12 करोड़ लोगों को शौचालय दिए जा चुके हैं। 12 करोड़ लोगों को किसान सम्मान निधि प्राप्त हो रही है। सीतापुर जिले को सर्वाधिक गैस सिलेंडर व शौचालय दिए गए। जिनके घर मे सिलेंडर नहीं हैं। चुनाव के बाद उन्हें मिलेगा। जिसको घर नहीं मिल पाया है चुनाव बाद घर मिलेगा।

> "आज मुझे एक बार फिर भारत के वैदिक ज्ञान की परंपरा को प्रदान करने वाली पावन धरा... मां ललिता की इस दैवीय शक्ति वाली धरा में आने का सौभाग्य मिला। यह नैमिष का ही महत्व है कि आज दुनिया जनपद सीतापुर और उत्तर प्रदेश की ओर देख रही है।

**मां ललिता के धाम के पुनरुद्धार के लिए सरकार कार्य कर रहे हैं**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिस दिन नया नैमिषारण्य पूरी तरह उभर कर आएगा, रोजगार भी सृजित होगा। यह काम वही कर सकता है जो राम पर आस्था रखता हो। जो राम भक्त है। यह काम भाजपा ही कर सकती है। यह वो नहीं कर सकते जो आतंकवादियो के मुकदमे वापस लेते हैं।

### कांग्रेस-सपा की सरकारों में अयोध्या-काशी में हमला होता था

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब आपका वोट कांग्रेस या सपा को जाता था तो अयोध्या में और काशी में हमला होता था। आज मंगलवार का दिन है सपा ने संकटमोचक मन्दिर में हमला करवाया था। जब अखिलेश यादव आये तो उन्होंने आतंकवादियों के मुकदमो को वापस लेने का कुत्सित प्रयास किया था। अभी एक माफिया की मौत हुई तो फातिहा पढ़ने के लिए सपा के लोग उसके घर गए थे। कल्याण सिंह की मौत पर एक भी संवेदना का शब्द नहीं बोला था। चुनाव महापर्व में ऐसे वोट करिए की ये सब गायब हो जाएं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इन सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना होगा। कांग्रेस- सपा के गठबंधन प्रत्याशियों की जमानत जब्त कर दीजिए। घर-घर मे मोदी जी का संदेश पहुचाना होगा।

## सुबह छोड़ा सभी काम...सबसे पहले मतदान

# पहली बार वोट के लिए युवाओं में दिखा जोश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिलारी/ चंदौसी/ संभल।** संभल लोकसभा सीट पर मतदान शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में बनाए गए मतदान केंद्रों में वोटिंग के लिए लंबी कतारें लगी हुई हैं। पहली बार मतदान करने के लिए युवाओं में जोश दिखा। कोई अपने माता-पिता के साथ वोट डालने के लिए पहुंचा तो किसी ने खुद ही बूथ पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

युवाओं का बस यही मुद्दा था कि जो सरकार बने उसे शिक्षा और रोजगार की चिंता करनी चाहिए। हमने अपनी जिम्मेदारी पूरी की है, अब सरकार का दायित्व है कि वह भी युवाओं की मांगों को पूरा करे।

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को संभल, चंदौसी, असमोली, कुंदरकी और बिलारी विधानसभा क्षेत्र के 18.97 लाख मतदाता संभल का सांसद चुनेंने के लिए मतदान कर रहे हैं। संभल लोकसभा सीट पर इस बार भाजपा, सपा और बसपा समेत कुल 12 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा।

संभल लोकसभा सीट पर 1995 पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों में तैनात की गई हैं। इसके लिए सोमवार को बहजोई नवीन पुलिस लाइन से 1212 पोलिंग पार्टियां संभल, चंदौसी और असमोली विधानसभा क्षेत्र में मतदान कराने के लिए रवाना की गई थी। कुंदरकी और बिलारी विधानसभा क्षेत्र में मतदान संपन्न कराने के लिए मुरादाबाद से 783 पोलिंग पार्टियों को भेजा गया था।



बदायूं लोकसभा सीट पर गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में मतदान कराने के लिए बहजोई नवीन पुलिस लाइन से ही 436 पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत, सीडीओ भरत कुमार मिश्र व उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार वर्मा व्यवस्था संभाले रहे।

संभल जिले में 896 मतदान केंद्रों पर 1648 बूथ बनाए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि व चुनाव शांतिपूर्वक कराने के लिए जिले को 14 जोन व 142 सेक्टरों में बांटा गया है। इसके लिए जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त हैं। 783 बूथ कुंदरकी और बिलारी विधानसभा क्षेत्र में बने हुए हैं। इन बूथ के लिए मुरादाबाद जिले से जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती है। संभल लोकसभा क्षेत्र के लिए कुल 1995 बूथ पर 1897882 मतदाता मतदान करेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदान दिवस के दिन सभी व्यवसायिक, औद्योगिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। सभी औद्योगिक संगठनों, प्रतिष्ठान संचालकों को आदेश जारी कर दिए गए हैं। ऐसी फैक्टरी या कारखाने जिसमें लगातार काम चलता है, वहां के कर्मचारियों को भी अवकाश देना है और उस अवकाश के बदले किसी अन्य दिन कार्य नहीं लिया जाएगा।

### बिलारी-कुंदरकी विस क्षेत्र के 783 बूथ

संभल लोकसभा क्षेत्र में मुरादाबाद जिले की बिलारी व कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र आते हैं। निर्वाचन संपन्न कराने के लिए कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में 436 तथा बिलारी क्षेत्र में 347 बूथ (कुल 783 बूथ) बनाए गए हैं। सभी बूथों पर मतदान के लिए 783 पोलिंग पार्टियों को तैनात किया गया है।

# राजधानी लखनऊ में पत्रकार निकालेंगे वृहद मतदाता जागरूकता रैली

**एनयूजे की अगुवाई में निकलेगा मार्च, केडी सिंह बाबू स्टेडियम गेट पर डीएम-सीडीओ हरी झड़ी दिखाकर करेंगे शुभारंभ**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** देश में लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा चुनाव-2024 गतिमान है। इस महापर्व की यज्ञ में हर कोई अपने हिस्से की समिधा समर्पित करना चाहता है। लोकतंत्र का चौथा स्तंभ और समाज का जागरूक वर्ग पत्रकार भी इस मुहिम में पीछे कैसे रह सकता है। इसी कड़ी में राजधानी लखनऊ में एनयूजे की ओर से बुधवार को एक वृहद मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन हो रहा है। इसका शुभारंभ केडी सिंह बाबू स्टेडियम से और समापन जीपीओ स्थित गांधी प्रतिमा पर होगा। इस संबंध में मंगलवार को विधायक आवास-5 स्थित एनयूजे कार्यालय पर बैठक हुई। बैठक में संगठन के संरक्षक प्रमोद गोस्वामी, के बक्श सिंह, सुरेंद्र कुमार दुबे एवं अजय कुमार की गरिमामयी उपस्थिति, लखनऊ जिलाध्यक्ष आशीष मौर्य ने अध्यक्षता एवं महामंत्री पद्माकर पांडेय ने संचालन किया।

एनयूजे (इंडिया) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रमोद गोस्वामी ने बताया कि देश में पहली बार वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन बुधवार को किया पत्रकारों की ओर से जा रहा है। यह जागरूकता रैली सायं 4 बजे केडी सिंह बाबू स्टेडियम के गेट से जीपीओ स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के लिए निकलेगी। इसका शुभारंभ लखनऊ के जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार एवं मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन हरी झंडी दिखाकर करेंगे। एनयूजे के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सक्सेना ने बताया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में पत्रकार समाज भी पीछे न रहें, इसलिए महनीय अनुष्ठान का आयोजन हो रहा है। लखनऊ और उसके आसपास के जनपदों में कार्यरत मीडियाकर्मियों से इस जागरूकता रैली में सहभागिता करने का अनुरोध किया गया है। आशा है कि लखनऊ के पत्रकार देश में पहली बार मतदाता जागरूकता जैसे अभियान का हिस्सा बनकर इतिहास दर्ज कराने का काम करेंगे। एनयूजे, उत्तर प्रदेश के कोषाध्यक्ष अनुपम चौहान ने बताया कि मतदाता जागरूकता मुहिम का हिस्सा बनकर पत्रकार समाज भी अपना नागरिक कर्तव्य निभाएं। इस रैली में बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों से जुड़े पत्रकार साथी भी सहभागिता कर रहे हैं। एनयूजे, उत्तर प्रदेश ने राजधानी लखनऊ में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता रैली करने का निश्चय किया है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता डॉ.अतुल मोहन सिंह ने बताया कि पत्रकारों की ओर से मतदान जागरूकता के लिए किया जाने वाला यह प्रथम प्रयास है। यह रैली केडी सिंह बाबू स्टेडियम, सुभाष चौक (परिवर्तन चौक) से प्रारंभ होकर हजरतगंज में जीपीओ स्थित गांधी प्रतिमा पर समाप्त होगी। अतः हमारा आपसे आग्रह है कि 8 मई बुधवार को सायं 4 बजे इस अभियान का हिस्सा बनकर देश की तरक्की में अपना योगदान दें। इस संबंध में मंगलवार को विधायक आवास-5 स्थित एनयूजे कार्यालय पर बैठक हुई। बैठक में राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रमोद गोस्वामी, प्रदेश इकाई के संरक्षक के बक्श सिंह, सुरेंद्र कुमार दुबे एवं अजय कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। लखनऊ जिलाध्यक्ष आशीष मौर्य ने अध्यक्षता एवं महामंत्री पद्माकर पांडेय ने संचालन किया। इस दौरान कोषाध्यक्ष अनुपम पांडेय, उपाध्यक्ष अभिनव श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष मीनाक्षी वर्मा, उपाध्यक्ष संगीता सिंह, अरुण शर्मा टीटू, मंत्री नागेंद्र सिंह, संगठन मंत्री अश्विनी जायसवाल, मंत्री गरिमा सिंह, धीरेन्द्र मिश्र, सदस्य रूपेंद्र उपाध्याय, डॉ.राजेश वर्मा, किरन सिंह आदि मौजूद रहे।

# जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा विधायक का जनता ने किया विरोध



**लोकमित्र ब्यूरो**

**वाराणसी।** वाराणसी के आसि-नगवा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के तहत मोहल्ले में पहुंचे भाजपा विधायक सौरभ श्रीवास्तव का लोगों ने विरोध किया। इस दौरान करीब 300 घरों के लोगों ने विधायक के समक्ष नाराजगी जाहिर किया। लोगों की नाराजगी को देखते हुए विधायक ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। जानकारी के मुताबिक मकानों को आसि- नगवा क्षेत्र के लगभग 300 मकानों को एसडीएम सदर द्वारा फर्जी तरीके से नाम काटकर उसे सार्वजनिक जमीन घोषित कर दिया गया है। कुछ दिनों पूर्व कमिश्नर कौशल राज शर्मा, एसडीएम सदर सार्थक अग्रवाल क्षेत्र में पहुंचकर सर्वे भी किया था। लोगों का कहना है कि जगन्नाथ कॉरिडोर के नाम पर हम लोगों को उजाड़ने का काम किया जा रहा है, हम लोग 70- 80 साल से अपनी मेहनत की कमाई से जमीन खरीद कर मकान बनाकर रह रहे हैं।

क्षेत्र के लोगों के विरोध को देखते हुए विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने सादे पेपर पर लिखित आश्वासन दिया है कि आप लोगों का मकान नहीं टूटेगा और जो भी योजना बन रही है उसे निरस्त कराया जाएगा। उन्होंने फोन पर कमिश्नर और एडीएम सिटी से बात भी की।

### मैनपुरी में मतदान के दौरान बवाल: भाजपा और सपा कार्यकर्ता भिड़े, जमकर हुए पथराव में दो लोग घायल; मची भगदड़



**मैनपुरी।** मैनपुरी के किशनी विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 176 तेजगंज पर बवाल हो गया। बताया गया है कि यहां पर भाजपा प्रत्याशी ठाकुर जयवीर सिंहब के पुत्र सुमित प्रताप सिंह पहुंचे थे। इस दौरान हंगामा शुरू हो गया।

देखते ही देखते पथराव होने लगा। इस दौरान मौके पर भगदड़ मच गई। कई गाड़ियां पथराव में क्षतिग्रस्त हो गईं। पथराव के दौरान भाजपा के एजेंट सुदेश कुमार और प्रधान प्रतिनिधि करण बहादुर सिंह घायल हो गए। इस दौरान मौके पर उपदेश खलीफा के पुत्र पवन सिंह चौहान भी साथ में थे।

# होटल के कमरे में बेड के नीचे छिपा था युवक, फिल्म कलाकार पहुंची तो कर दी शर्मनाक हरकत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली के स्टेशन रोड स्थित नामी होटल में ठहरी फिल्म कलाकार से प्रेमनगर निवासी युवक ने सोमवार रात छेड़खानी कर दी। वह उसके कमरे से सामान चोरी करके भागने लगा। टीम ने उसके पकड़कर पुलिस को सौंप दिया तो उसे छुड़ाने के लिए देर रात भीड़ ने कोतवाली का घेराव कर लिया। जमकर हंगामा हुआ।

इन दिनों शहर में एक फिल्म की शूटिंग चल रही है। फिल्म में अभिनेता परेश रावल, अपार शक्ति खुराना व वाणी कपूर जैसे सितारे अभिनय करने के लिहाज से होटलों में ठहरे हैं।

फिल्म की प्रोडक्शन टीम स्टेशन रोड के होटल में रुकी है। टीम के सदस्य मुंबई निवासी सुफरत खान ने बताया कि सोमवार रात जब टीम की लड़कियां शूटिंग से लौटकर होटल के कमरे में पहुंचीं तो वहां बेड के नीचे एक युवक पहले से छिपा था। उसने लड़कियों से छेड़खानी की कोशिश की।

उन्होंने शोर मचाया तो एक लड़की के हाथ से रुपये भरा बैग लेकर भागने लगा। आरोपी प्रेमनगर थाना क्षेत्र निवासी ताजीम निकला। रात 12 बजे ताजीम के परिजन काफी भीड़ लेकर कोतवाली पहुंच गए। वहां हंगामा किया और ताजीम को निर्दोष बताया। कोतवाल डीके शर्मा ने बताया कि ताजीम को हिरासत में लिया गया है।

# वाहन चालकों की परेशानी बना नेताओं का दौरा

## - अखिलेश यादव के बाद आज सीएम के लिए भी यातायात परिवर्तन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कानपुर।** लोकसभा के जारी चुनाव के चलते यहां जिले में विभिन्न राजनीतिक दलों भाजपा सपा बसपा और कांग्रेस नेताओं का दौरा जारी है ,जिसमें उनके लिए आयोजित की जाने वाली जनसभाएं वाहन चालक राहगीरों के लिए परेशानी का भी कारण बन रही है। आज मंगलवार को वाहन चालकों के लिए ऐसी ही परेशानी का कारण अकबरपुर से गठबंधन के प्रत्याशी राजा रामपाल के समर्थन में रमईपुर में आयोजित की गई सपा प्रमुख और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की रमईपुर में आयोजित की गई जनसभा बनी। अखिलेश यादव की जनसभा के चलते प्रशासन द्वारा यातायात में जो परिवर्तन किया गया ,उसके फलस्वरूप न केवल आम राहगीरों को बल्कि बड़े वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। इनमें से बड़े वाहन चालकों को कई किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर अपने गंतव्य पर पहुंचने के लिए मजबूर होना पड़ा। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के समर्थन में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की रैलियों और जनसभाओं के इसी क्रम में आज बुधवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानपुर में घाटमपुर के पतारा कस्बे में अकबरपुर लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के पक्ष में जनसभा करेंगे। सीएम योगी के इस कार्यक्रम के चलते कानपुर नौबस्ता से हमीरपुर हाईवे घाटमपुर पर ट्रैफिक डायवर्जन भी किया गया है।

अवगत कराते चलें कि जिस रमईपुर में सपा प्रमुख अखिलेश यादव की यह जनसभा आज मंगलवार को आयोजित की गई, वह क्षेत्र बिठूर विधानसभा क्षेत्र में आता है। इस जनसभा रैली के चलते ही हमीरपुर रोड पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया। यह बदलाव आज मंगलवार सुबह छह बजे से दोपहर तीन बजे तक प्रभावी रहा। इस दौरान घाटमपुर की ओर से कोई भी भारी वाहन नौबस्ता की तरफ नहीं आ सका। ऐसे वाहन चौडगरा, मूसानगर होते हुए अपने गंतव्य को जा सके। इसी तरह नौबस्ता से घाटमपुर की तरफ जाने वाले भारी वाहन घाटमपुर की तरफ नहीं जाने दिए गये। ऐसे वाहन रामादेवी से सीधे सचेंडी, भोगनीपुर, मूसानगर होते हुए घाटमपुर की तरफ भेजे गए इस यातायात परिवर्तन के दूसरे बिंदु के मुताबिक वाहनों को रामादेवी से चौडगरा होते हुए घाटमपुर की ओर भेजा गया। और आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के समर्थन में घाटमपुर के पतारा में होने वाली जनसभा के लिए भी यातायात में जो परिवर्तन किया गया है उसके मुताबिक नौबस्ता से हमीरपुर हाईवे घाटमपुर पर ट्रैफिक डायवर्जन भी किया गया है। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी को लेकर पुलिस और प्रशासन की अधिकारी भी पसीना बहाते नजर आए।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण के 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान सकुशल सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण के 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों 08-सम्भल, 16-हाथरस (अ0जा0), 18-आगरा (अ0जा0), 19-फतेहपुर सीकरी, 20-फिरोजाबाद, 21-मैनपुरी, 22-एटा, 23-बदायूं, 24-आंवला तथा 25-बरेली में 07 मई को मतदान शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुआ। उक्त निर्वाचन क्षेत्र 12 जनपदों- मुरादाबाद, सम्भल, हाथरस, अलीगढ, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं तथा बरेली जनपद में अवस्थित हैं।

उन्होंने बताया कि सायं 6:00 बजे तक जनपदों से प्राप्त सूचना के आधार पर प्रदेश के 10 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में औसत 57.34 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिसमें 8-सम्भल में 62.81 प्रतिशत, 16-हाथरस(अ0जा0) में 55.36 प्रतिशत, 18-आगरा (अ0जा0) में 53.99 प्रतिशत, 19-फतेहपुर सीकरी में 57.09 प्रतिशत, 20-फिरोजाबाद में 58.22 प्रतिशत, 21-मैनपुरी में 58.59 प्रतिशत, 22-एटा में 59.17 प्रतिशत, 23-बदायूं में 54.05 प्रतिशत, 24-ऑवला में 57.08 प्रतिशत, 25-बरेली में 57.88 प्रतिशत मतदान हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान की प्रक्रिया को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष बनाये रखे जाने के उद्देश्य से प्रभावी पर्यवेक्षण हेतु कुल 10,208 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तर पर किया गया। इसके अतिरिक्त 3503 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई।

इसी प्रकार तृतीय चरण के पोस्टल बैलेट मतदान हेतु अर्ह श्रेणियां (यथा-85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता, दिव्यांग, अनिवार्य सेवायें से सम्बन्धित मतदाता तथा निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कार्मिक) में 17,278 मतदाताओं द्वारा पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया गया। 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं में जिनके द्वारा पोस्टल बैलेट का विकल्प चुना गया था, उनके घर पर जाकर मतदान दल द्वारा मतदान कराया गया। प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाये जाने हेतु मतदान दल के साथ एक माइक्रो आब्जर्वर तथा वीडियोग्राफर की तैनाती की गई एवं प्रत्याशियों को सम्पूर्ण प्रक्रिया को देखने हेतु स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता को भेजने के लिए मतदान दल का शिड्यूल उपलब्ध कराया गया एवं इस श्रेणी के अर्ह मतदाताओं की सूची भी प्रत्याशियों को उपलब्ध कराई गई। इस मतदान प्रक्रिया की पूरी वीडियोग्राफी कराई गई है।

## संक्षेप

### आबादियों में तोड़फोड़ की कार्रवाई के विरोध में ग्रेनो प्राधिकरण सीईओ से मिला किसान सभा का प्रतिनिधिमंडल



नोएडा। ग्रेटर नोएडा, गांव मायचा में प्राधिकरण द्वारा आबादियों को तोड़ने का कल किए गए प्रयास के विरोध में आज अखिल भारतीय किसान सभा गौतम बुध नगर के कार्यकर्ताओं ने ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ से मुलाकात कर प्राधिकरण की कार्रवाई पर सख्त विरोध व्यक्त किया। उक्त पर हुई बातचीत में प्राधिकरण के सीईओ द्वारा किसानों को आश्वासन दिया गया कि आगे से इस तरह की कार्रवाई नहीं की जाएगी। किसानों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किसान सभा के नेता जय करण बाबूजी, जगबीर नंबरदार, अजी पाल भाटी, गवरी मुखिया, अजब सिंह नेताजी, येतेन्द मैनेजर, मास्टर रणवीर सिंह, विनोद सरपंच, सतीश यादव नेताजी आदि ने किया।

### पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री संघप्रिय गौतम की कोठी में चोरी, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच में जुटी पुलिस

साहिबाबाद। वैशाली सेक्टर–एक में पूर्व केंद्रीय कृषि और ग्रामीण उद्योग राज्यमंत्री की बंद कोठी से चोर ने लोहे की ग्रिल व अन्य सामान चुरा लिया। अधिवक्ता ने कोठी की जांच के बाद कौशांबी पुलिस को चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आसपास की सीसीटीवी फुटेज से चोर की पहचान करने में जुटी है।अधिवक्ता रामपाल सिंह ने पूर्व केंद्रीय मंत्री संघप्रिय गौतम की तरफ से शिकायत दी है। उनका कहना है कि राज्यमंत्री ने वैशाली सेक्टर–एक की कोठी को फरवरी तक जल आयोग को किराये पर दी हुई थी। अनुबंध खत्म होने के बाद आयोग के पदाधिकारियों ने कोठी खाली कर दी थी। वह समय–समय पर कोठी में जाकर देख रेख करते थे। दो मई को जब कोठी पर पहुंचे तो देखा कि चोर ने ताला तोड़कर पानी की टोंटी, दरवाजों की कुंडी, बिजली के पैनल व ग्रिल समेत अन्य सामान चुरा लिया। सूचना पर कौशांबी पुलिस और अन्य अधिकारी पहुंचे। पुलिस ने निरीक्षण करके शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### अलीगंज में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे योगी, तैयारियां पूर्ण

अलीगंज/एटा। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के प्रचार के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अलीगंज पहुंचेंगे। दोपहर करीब 01 बजे से वह चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। जिसकी वाटरप्रूफ लेवल पर मैदान पर तैयारी कर ली है। वहीं सांसद मुकेश राजपूत और विधायक अलीगंज सत्यपाल सिंह राठौड़ एसडीएम अलीगंज प्रतीक त्रिपाठी ने मौका स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। भाजपा जिला महामंत्री आशीष राजपूत नें बताया कि मुख्यमंत्री फर्रुखाबाद लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी मुकेश राजपूत के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री डीएवी मैदान में 12 बजे पर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा चुनाव के महापर्व पर जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन

हैदरगढ़ बाराबंकी । चुनाव के महापर्व पर भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन भारतीय स्टेट बैंक शाखा हैदरगढ़ टाउन द्वारा ग्राम्यांचल महाविद्यालय में किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि इंद्रेश कुमार (ब्रांच मैनेजर) उपस्थित रहे । प्रस्तुत नाटक कार्यक्रम के निर्देशक महर्षि कपूर के द्वारा चुनाव के महापर्व पर अत्यंत रोचक व प्रोत्साहित नुक्कड़ कार्यक्रम का आयोजन ग्राम्यांचल महाविद्यालय, हैदरगढ़ –बाराबंकी में संपन्न हुआ । कार्यक्रम का शीर्षक हमको अपने देश से प्यार है ,वोट हमारा अधिकार है , जिसके अंतर्गत उपस्थित जनसभा को चुनाव के महापर्व के अंतर्गत लोगों को अपना बहुमूल्य मत देने पर जोर दिया गया, जिससे उत्तम सरकार का निर्माण हो एवं देश प्रगति की ओर अग्रसर हो सके ।

### नकाबपोश ने प्रधान पत्नी को पीटा,रिपोर्ट दर्ज*




जगदीशपुर/अमेठी। मजार पर माथा टेकने जा रही पूर्व प्रधान की पत्नी को अज्ञात नकाबपोश ने डंडे से जमकर पिटाई करने के उपरांत मौके से फरार हो गया भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन मे जुटी। थानाक्षेत्र के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत इटरौर निवासी पूर्व प्रधान मुजीब अहमद की पत्नी संजीदा बानों पर उस वक्त नकाबपोश द्वारा हमला किया गया जब वह मंजूर शाह बाबा की दरगाह पर सुबह मत्था टेकने जा रही थी जहां मजार के करीब पहुंची ही थी कि बाइक पर सवार अज्ञात नकाबपोश ने फिल्मी अंदाज मे बाइक से उतरकर गाली गलौज करते हुए डंडे से पिटाई शुरू कर दी चीख पुकार सुनकर दरगाह पर मौजूद लोगों के दौड़ने पर उक्त नकाबपोश मौके से फरार हो गया ।घटना की तहरीर भुक्तभोगी द्वारा थाने मे देने पर पुलिस ने मामला दर्ज छानबीन मे जुटी ।इस सम्बन्ध मे पुलिस ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर हमलावर की तलाश जारी है जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## भूपेंद्र चौधरी ने राहुल और प्रियंका पर-बोला हमला

# ‘राहुल रायबरेली भाग गए और प्रियंका प्रचार में आ गई’

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी**। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने मंगलवार को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को सीजनल नेता बताते हुए कहा कि इनके चरित्र को उत्तर प्रदेश की जनता जान चुकी है यह चुनावी लोग है।

आयोजित कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि राहुल और प्रियंका चुनाव में ही नजर आते हैं चुनाव आया है तो राहुल अमेठी छोड़ कर रायबरेली चले गए और प्रियंका उनकी बड़ी नेता चुनाव प्रचार में लग गई यूपी की जनता ऐसे लोगों को जान चुकी है इनके चरित्र को पहचान चुकी है इनके किसी जाल में फंसने वाली नहीं है ये सीजनल लोग हैं ।



भूपेन चौधरी ने कहा कि आज प्रदेश में तीसरे चरण का मतदान हो रहा है सभी 10 सीटों से मिल रहे रुझानों से साफ है कि भारतीय जनता पार्टी सभी 10 सीटों पर भारी विजय हासिल कर रही है उन्होंने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जनता के सुख-दुख में हमेशा भागीदार रहा है काम किया है आज उसी के बल पर भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भारी बहुमत से चुनाव जीत रही है। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की चुनाव को लेकर चर्चा की गई अमेठी रायबरेली में पार्टी प्रत्याशी भारी बहुमत से चुनाव जीत रहे हैं और अमेठी रायबरेली सहित प्रदेश की सभी 80 सीटो पर भारतीय जनता पार्टी विजय हासिल करेगी ।

भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर भारतीय जनता पार्टी आज भारत की ही नहीं अपितु विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को रीड की हड्डी बताते हुए कहा कार्यकर्ताओं के बल पर इस बार भारतीय जनता पार्टी मोदी सरकार के 400 पार नारे को साकार करेगी। इस दौरान ,राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ,जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, प्रदेश मंत्री एवं अमेठी प्रभारी शंकर गिरी,,जिला अध्यक्ष राम

प्रसाद मिश्रा, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी,जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी, भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह पिंटू सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन ज़िला महामंत्री सुधाँशु शुक्ला ने किया।

### नामित सामान्य, पुलिस तथा व्यय प्रेक्षकों से मिलने का समय तय

**अमेठी**। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, निर्विघ्न व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए 37 अमेठी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमशः 178 तिलोई, 181 सलोन, 184 जगदीशपुर, 185 गौरीगंज एवं 186 अमेठी में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित सामान्य प्रेक्षक डॉ एन0 युवराज आई0ए0एस0 बैच 2005 मो0नं0-8858022856, पुलिस प्रेक्षक ,दीपक गहलावत आईपीएस बैच 2012 मो0नं0- 7080322856 तथा व्यय प्रेक्षक संजय कुमार भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा 2002 बैच मो0नं0-7080822856 का जनपद में आगमन हो गया है। सभी प्रेक्षकों के प्रवास की व्यवस्था एच0ए0एल0 कोरवा मुंशीगंज के गेस्ट हाउस में की गई है।

## प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों के साथ प्रेक्षक गणों ने की बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी**। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधियों के साथ मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित सामान्य प्रेक्षक डॉ एन0 युवराज, पुलिस प्रेक्षक , दीपक गहलावत, व्यय प्रेक्षक संजय कुमार, जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बैठक कर प्रत्याशियों को आदर्श आचार संहिता का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित करने, निर्वाचन के दौरान होने वाले व्यय विवरण तथा भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों की जानकारी दी और चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सहयोग की अपेक्षा किया। बैठक में सामान्य प्रेक्षक ने चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशियों को बधाई दी तथा कहा कि अमेठी में मतदान प्रतिशत विगत चुनाव में काफी कम रहा है इस बार चुनाव में सभी लोग अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें आप लोग सभी लोगों को वोट करने के लिए जरूर कहें, मतदाताओं को पैसा, शराब तथा अन्य किसी प्रकार का प्रलोभन देने का प्रयास न करें, आदर्श आचार संहिता उल्लंघन संबंधी शिकायतों के लिए सी विजिल ऐप विकसित किया गया है जिस पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन संबंधी शिकायत की जा सकती है जिसका निस्तारण 100 मिनट के अंदर उड़न दस्ता टीम भेज कर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप लोग भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का गहनता से अध्ययन कर लें तथा उसी के अनुसार अपना चुनाव प्रचार करें कहीं कोई ऐसा कृत्य ना करें जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता हो। बैठक में मा0 पुलिस प्रेक्षक ने कहा कि मतदान के दिन मतदान अभिकर्ता को बूथ के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा, बूथ के अंदर सिर्फ माकपोल के समय ही प्रवेश दिया जाएगा। बैठक में व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले खर्च के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी को स्वयं अथवा अपने एजेंट के साथ संयुक्त खाता खुलवाना होगा चुनाव में होने वाले सभी खर्चो का भुगतान उसी खाते के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकतम व्यय सीमा 95 लाख निर्धारित की गई है व्यय की गई धनराशि के बिल, वाउचर सुरक्षित रखेंगे तथा व्यय रजिस्टर में उसका अंकन करेंगे मतदान से पूर्व व्यय लेखा रजिस्टर का तीन तिथियां क्रमशः 10, 14 व 17 मई को मिलान किया जाएगा। चुनाव अवधि में केवल एक बार 10 हजार तक नगद भुगतान किया जा सकता है।

### दुकान का शटर उखाड़कर चोरों ने 32 बैटरियां की चोरी

**लोनी**। इंदिरा एंक्लेव में मेट्रो पिलर नंबर-36 के सामने चोरों ने दुकान का शटर उखाड़कर 32 बैटरी चोरी कर ली। दुकानदार को सुबह पड़ोसियों ने चोरी की घटना की जानकारी दी। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर चोरों को पकड़ने की गुहार लगाई है। कबीरनगर दिल्ली निवासी सरफराज चौहान की लोनी के इंदिरा एंक्लेव पिलर नंबर 36 के सामने एक बैटरी की दुकान है। उन्होंने बताया कि वह अन्य कर्मियों के साथ दुकान पर ताला लगाकर घर चले गए थे। सुबह पड़ोसियों ने फोन से सूचना दी कि दुकान के ताला तोड़कर चोरी हो गई है। वह कुछ देर में दुकान पर पहुंचकर देखा कि शटर उखड़ा हुआ था। अंदर दुकान में सारा सामान बिखरा था। उन्होंने बताया कि चोरों ने विभिन्न कंपनियों की 32 बैटरियां चोरी कर लीं। इसके बाद उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## चाक चैबंद व्यवस्थाओं के बीच सकुशल मतदान सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा**। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी राजेश कुमार सिंह द्वारा की गई चाक चैबंद व्यवस्थाओं के बीच जिले की 03 विधानसभा क्षेत्र में आयोग की मंशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ। पोलिंग स्टेशनों पर पैरामिलिट्री फोर्स, पीएसी, पुलिस के जवानों ने सुरक्षा व्यवस्था का मोर्चा संभालते हुए कड़ी निगरानी की गई। दिव्यांग, बुजुर्ग, महिला मतदाताओं के लिए पोलिंग स्टेशनों पर व्हीलचेयर उपलब्ध कराकर उत्साह वर्धन किया गया। डीएम प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से एटा सदर विधानसभा, मारहरा विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग बूथों पर भ्रमण कर जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान पोलिंग बूथ पर अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा हेतु जवानों को निर्देश दिए कि बूथ पर कड़ी नजर रखी जाए। मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं ने भारी संख्या में पहुंचकर लोकतंत्र के इस महापर्व के अवसर पर मतदान किया। एडीजी आगरा श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ, मण्डलायुक्त श्रीमती चैत्रा वी., डीआईजी शलभ माथुर, प्रेक्षक पुलिस योगेश दाधीच, एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चैधरी, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह आदि द्वारा भी पोलिंग स्टेशन पर भ्रमण कर चल रहे मतदान का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान मौजूद अधिकारियों, पैरामिलिट्री फोर्स, पुलिसबल, पोलिंग पार्टी को मा0 आयोग की मंशानुसार मतदान सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। डीईओ ने बताया कि जनपद की एटा सदर विधानसभा में 58.01 प्रतिशत, मारहरा विधानसभा में 63.75 प्रतिशत, जलेसर विधानसभा में 63.34 प्रतिशत सहित कुल 61.59 प्रतिशत मतदान हुआ। डीएम ने जिले में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न कराने हेतु लगे समस्त जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, पोलिंग पार्टी के मतदान कार्मिक सहित निर्वाचन से जुड़े समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई दी।

## स्पीडी स्ट्राइड किडस इंटर स्कूल एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन किया



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद**। जिला एथलेटिक संघ गाजियाबाद द्वारा महामाया स्टेडियम में 24 वीं स्पीडी स्ट्राइड किडस इंटर स्कूल एथलेटिक चैंपियनशिप में विभिन्न स्कूलों के एथलीटस ने भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संस्था के महासचिव लिखिराम चौधरी ने बताया कि कक्षा एक बालक वर्ग में 40 मीटर रेस, 40 मीटर हर्डल रेस, 80 मीटर रेस व कॉसको बॉल थ्रो में सेंट मेरी के अर्थव ने बाजी मारी। बालिका वर्ग में 40 मीटर रेस, 40 मीटर हर्डल रेस, 80 मीटर रेस में नारायणा ई टेक्नो की अविका सहलोत पहले स्थान पर रही। कॉस्को बॉल थ्रो में सेंट जोसेफ की पीहू पहले स्थान पर रही। बालक वर्ग में अर्थव व बालिका वर्ग में अविका व्यक्तिगत चैंपियन बनी वहीं टीम चैंपियनशिप सेंट मेरी ने जीती। नारायणा ई टेक्नो को दूसरा व सेंट जोसेफ को तीसरा स्थान मिला। कक्षा 2 बालक वर्ग में 40 मीटर रेस व 40 मीटर हर्डल रेस में विसडम इंटरनेशनल स्कूल के युवांश ने पहला स्थान प्राप्त किया। 80 मीटर रेस में नारायण ई टेक्नो के रूशांक, कॉस्को बॉल थ्रो में आईपीएस इंदिरापुरम के भन्वय व स्टेडिंग बोर्ड जम्प में आईपीएस प्रताप विहार के रूचिर ने पहला स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में 40 मीटर, 40 मीटर हर्डल रेस, 80 मीटर रेस में आईपीएस इंदिरापुरम की अदित्रि ने पहला स्थान प्राप्त किया। कॉस्को बॉल थ्रो में आईपीएस प्रताप विहर की ध्वति व स्टेंडिंग बोर्ड जम्प में आईपीएस प्रताप विहार की समृद्धि ने पहला स्थान प्राप्त किया। अदित्रि व युवांश ने व्यक्तिगत चैंपियनशिप जीती। टीम चैंपियनशिप आईपीएस प्रताप विहार ने जीती। आईपीएस इंदिरापुरम को दूसरा व नारायणा ई टेक्नो को तीसरा स्थान मिला।

### कचहरी परिसर में सास–बहू में गुत्थम गुत्था

**गाजियाबाद**। परिवार न्यायालय में तलाक के मुकदमे की पैरवी के लिए सास-बहु में जबरदस्त मारपीट हो गई। परिसर में मौजूद लोगों ने किसी तरह से बीच बचाव किया। मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस को देख दोनों पक्ष कचहरी परिसर से खिसक लिए। बाद में पति ने अपने वकील के साथ पुलिस चौकी पहुंचकर पत्नी के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिला के मोबाइल फोन पर संपर्क किया लेकिन महिला ने फोन रिसीव नहीं किया। अंकुर विहार निवासी महिला का ससुराल पक्ष के लोगों से विवाद चल रहा है। सोमवार को कचहरी परिसर में वह तारीख पर आई थी। महिला का पति भी अपनी मां के साथ मुकदमे की पैरवी के लिए आया था। इसी दौरान महिला और उसकी सास के बीच कहा सुनी होने के साथ ही दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। इससे वहां भीड़ जमा हो गई। लोगों ने किसी तरह से दोनों पक्षों में बीच-बचाव कराया। किसी ने मामले की सूचना कचहरी परिसर स्थित पुलिस चौकी पर दे दी।

## सेवा समर्पण सम्मान और विकास ही मेरा लक्ष्य : के एल शर्मा

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी**। जनपद के मुसाफिखाना ब्लॉक कार्यकर्ता बैठक में हजारों की भीड़ नें प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा का स्वागत किया

श्री शर्मा नें अपने सम्बोधन का शुभारम्भ गाँधी परिवार के प्रति आभार और उपस्थित जनता जनार्दन से सदैव की भांति अमेठी के गौरव व सम्मान की रक्षा के लिए सतत अग्रणी अमेठी परिवार के साथ मेरा 43वर्षों से अधिक अटूट नाता रहा

पुराने प्रसंग की बात होते ही लोग भाउक हो उठे भारी भीड़ में सिर्फ एक ही दर्द की झलक दिखी साथ ही लोगों में अपनेपन,पारिवारिक व पारम्परिक रिश्ते को अब कमजोर न होने देने की अहसास दिलाई कार्यक्रम स्थल अवध मैरिज लान कांग्रेस प्रत्याशी नें कहा कि इंहौना से लेकर अलीगंज तक ही नही समूचे संसदीय क्षेत्र में कोई विकास नही हुआ, क्या कही एक ईंट रखी गयी है शिक्षा,



चिकित्सा,उद्योग से संबंधित व कही भी कोई राष्ट्रीय संस्थान की नीव रखी हो तो बताएं जनता के साथ अमेठी को भी हर तरह से कमजोर किया है कार्यक्रम में कांग्रेस के नेता वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित क्षेत्र के सभी गणमान्य लोग एवं इंडिया गठबंधन पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे और जीत का भरोसा दिलाया।

ब्लॉक बल्दीराय के हालियापुर में राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी नें कार्यकर्ताओं से कहाँ डबल इंजन की सरकार लगातार झूठ के सहारे लगातार देश की जनता को गुमराह कर रही है किसान,नौजवान, मजदूर,महिलाओं पर इनकी गलत और जनविरोधी नीतियों के कारण तंग हाली का शिकार है

बल्दीराय संगठन बैठक से निकलकर ब्लॉक जगदीशपुर के रानीगंज में बूथ से लेकर ग्राम सभा न्याय पंचायत व ब्लॉक के पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद बाजार शुक्ल के पूरे शुक्लन मवईया रहमत गढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा एवं राज्य सभा सांसद को पाकर कार्यकर्ता भावविभोर हो उठे लोग गुंजायमान नारों से विकास पुरुष प्रमोद तिवारी - अमेठी का लाल किशोरी लाल जिंदाबाद से स्वागत किया।

### टेंपो चालक ने हार्डवेयर व्यवसाई पर किया फायर

**अलीगंज/एटा**। लोकसभा चुनाव को लेकर के पूरे देश भर में चुनाव का पर्व है चुनाव पर्व को लेकर के आचार संहिता लगी हुई है आचार संहिता को देखते हुए भी दबंग दबंगई से बाज नहीं आ रहे हैं ऐसा ही मामला अलीगंज मैनपुरी रोड तिराहा का है जहां पर भारत हार्डवेयर एण्ड सेनेटरी स्टोर की दुकान है जहां पर हार्डवेयर व्यवसाई अलीअहमद पुत्र बाबू खान निवासी मोहल्ला मेवातीयान अपनी दुकान खोलने के लिए आया तब वहां पर टेंपो चालक अपना टेंपो खड़े किए हुए था जब दुकानदार स्वामी ने कहा की टेंपो को आगे हटालो हमारी दुकान पर ग्राहकों के आने के लिए रास्ता नहीं है इतने पर ही टेंपो चालक अभद्रता पर अमादा हो गया और धमकी देकर अपने टेंपो को आगे जाकर के खड़ा किया और वापस आकर के उसने हार्डवेयर स्वामी के ऊपर दो राउंड हर्ष फायर किया और जान से मारने की धमकी देकर के वहां से टेंपो लेकर भाग गया।

## श्रीराम कथा में श्रीराम जानकी विवाह प्रसंग का किया वर्णन

लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा**। मंगलवार को सेक्टर 82 स्थित ईडब्ल्यूएस पॉकेट 7 में आयोजित श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद महाराज ने भगवान राम की बाल लीलाओं , विश्वामित्र यज्ञ रक्षा, अहिल्या उद्धार एवं श्रीराम विवाह आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। विश्वामित्र जी वन में यज्ञ करते हैं लेकिन राक्षस उनके यज्ञ में बाधा डालकर उसको पूर्ण नहीं होने देते हैं।

विश्वामित्र जी ध्यानस्थ होकर देखते है तो उन्हें पता चलता है कि दशरथ पुत्र राम स्वयं विष्णु अवतार हैं और उनके बिना राक्षसों का संघार नहीं हो सकता है। दशरथ जी से राम ,लक्ष्मण को यज्ञ की रक्षा के लिए मांगते है। भगवान राम रास्ते में तड़का जैसी भयंकर राक्षसी का वध कर देते हैं साथ ही अन्य राक्षसों का वध कर यज्ञ को पूर्ण करवाते हैं। मुनि विश्वामित्र के साथ जाते समय रास्ते में गौतम ऋषि के श्रापवश पाषाण शिला बनी अहिल्या का अपनी चरण रज से उद्धार करते हैं। जनकपुरी पहुंचने पर मुनि समेत दोनों भाइयों का जनक जी द्वारा सत्कार किया जाता है। जनक जी अपनी प्रतिज्ञा से सभी को अवगत कराते हैं कि जो भी शिव धनुष को तोड़ेगा उसी के साथ जानकी का विवाह होगा। देश देशांतर के राजा धनुष नहीं तोड़ पाए । भगवान राम के छूते ही धनुष टूट गया और जानकी जी ने राम जी के गले में वरमाला डाल देती हैं।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे ने बताया कि 8 मई को राम राज्याभिषेक की तैयारी, राम वनवास, केवट संवाद आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन कथा व्यास द्वारा किया जाएगा।

इस अवसर पर देवमणि शुक्ल , रवि राघव, गोरे लाल, संजय पांडेय, हरि सिंह, ब्रिजेन्द्र सिंह, संजय शुक्ला, रमेश चंद शर्मा, विश्वनाथ त्रिपाठी, विष्णु शर्मा, रमेश वर्मा, नीरज शर्मा, गौरव, पप्पू सिंह, जितेंद्र सतपति, संजय शुक्ला,उमाकांत त्रिपाठी, हंसमणि शुक्ला, विकास शर्मा, रविंद्र कुमार , देवेंद्र गुप्ता, बहादुर चौहान, उदयराम , रमेश दास, अंगद सिंह तोमर, राजेश गुप्ता , सुशील पाल , सर्वेश तिवारी, सी एल तिवारी, राजवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह,अनूप सिंह, दीपक तिवारी, शिव चौधरी, संगम प्रसाद मिश्र, उत्तम चंद्रा, विकास कुमार, अंजनी कुमार सिंह, राकेश कुमार, विनय त्रिवेदी सहित तमाम सेक्टरवासी भक्त मौजूद रहे।

### इलाज करने के लिए आयुष्मान कार्ड धारक से मांगा दो हजार रुपये, नहीं देने पर टरका दिया

**गाजियाबाद**। आयुष्मान कार्ड धारक महिला मरीज से अस्पताल में भर्ती करने के नाम पर दो हजार रुपये मांगने का मामला सामने आया है। कार्ड धारक महिला ने रुपये देने से इन्कार किया तो बिना इलाज किए ही वापस भेज दिया। पीड़िता ने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है। शिकायत की प्रति सीएमओ कार्यालय पहुंचने पर जांच शुरू हुई है। भोजपुर निवासी कविता को चार महीने से पेट की समस्या थी। स्थानीय स्तर पर डॉक्टर से इलाज कराया लेकिन कोई आराम नहीं मिला। इसके बाद महिला ने पिलखुवा के एक मेडिकल कॉलेज में आयुष्मान कार्ड लेकर गईं, वहां डॉक्टर ने उनका चेकअप करने के बाद भर्ती होने के लिए कहा। कविता का आरोप है कि भर्ती करने की कार्रवाई शुरू हुई थी, उसी समय कर्मचारी ने फाइल चार्ज के नाम पर दो हजार रुपये की मांग की।

## लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत चेक पोस्ट पर हो रही है निगरानी, उड़नदस्ता टीमें भी कर रही हैं छापेमारी

लोकमित्र ब्यूरो

**बाराबंकी**। जिला मजिस्ट्रेट/ ज़लिा निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया के अन्तर्गत बाराबंकी जनपद में कुल 21 चेक पोस्ट स्थापित किये गये हैं। प्रत्येक चेक पोस्ट पर 8-8 घंटे हेतु 01-01 स्थाई निगरानी टीम प्रभारी तैनात किये गये हैं। इस प्रकार प्रत्येक चेक पोस्ट पर 03 प्रभारी तैनात है अर्थात कुल 63 स्थाई निगरानी टीम प्रभारी जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा चेक पोस्ट पर तैनात किये गये हैं।

प्रभारी उड़न दस्ता/ स्थायी निगरानी टीम, जिला वन अधिकारी ने बताया कि इसी प्रकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 09 उड़नदस्ता टीमें गठित हैं। इस प्रकार 06 विधानसभा क्षेत्र में कुल 54 उड़नदस्ता टीम गठित हैं। प्रत्येक विधानसभा में एक समय पर तीन उड़नदस्ता टीमें जाँच कार्य करती हैं। उड़नदस्ता टीम का समय प्रातः 6.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक, दोपहर 2.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक एवं रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 6.00 बजे तक है।

उन्होंने बताया कि आज सात मई को 21 चेक पोस्ट पर कुल 3727 वाहनों की जांच स्थाई निगरानी टीम प्रभारियों द्वारा की गयी। जांच के समय किसी प्रकार की नकदी व सामग्री नहीं पायी गयी। उनके अनुसार 26 अप्रैल से 07 मई तक कुल 28442 वाहनों की जांच चेक पोस्ट पर की गयी है। उन्होंने बताया कि आज उड़नदस्ता टीम द्वारा वाहनों के जांच के दौरान वाहनों में किसी प्रकार की नकदी व सामग्री नहीं पायी गयी।

### ताला बंद ! चर्चा में, क्या उपयोगिता हो रही?

**बाराबंकी**। ओर सरकार करोड़ो रुपए पानी की तरह बहा करके स्वच्छ भारत मिशन का सपना साकार करने के लिए काफी प्रयासरत दिखाई दे रही है वही जिम्मेदार ही शासन की मंशा पर पानी फेरते हुए नजर आ रहे हैं। स्वच्छता जरूरी है और बेहतर साफ-सफाई से ही भारत के गांवों को आदर्श बनाया जा सकता है। बस ! इसी सम्बंध बड़ा प्रश्न , प्राप्त जानकारी से जनपद के ब्लांक रामनगर के रामपुर खरगी का बड़ी लागत से बना सार्वजनिक शौचालय देखकर सोच में पड़ सकते, इसकी सार्थकता क्या हैं ? एक बड़ी विवधा आबादी के विपरीत राष्ट्रीय राज्य मार्ग के क्रास करके बना सार्वजनिक शौचालय लोगों के लिए हमेशा हाशिये पर रहा ।

न जाने किस उद्देश्य की पूर्ति कर रहा । दिनांक 4 मई 24 को शाम 06: 06 पर ताला लगा हुआ हैं । जिम्मेदार विभाग से बड़ा सवाल , क्या उपयोगिता हो रही ? कब सुधार होगा ? समय के गर्भ में है।

# गरीब युवा,महिलाएं और किसान "सबसे बड़ी जातियां" - सांसद मेनका

**सुलतानपुर।** सांसद मेनका संजय गांधी ने चुनावी कैंपेन के 33 वें दिन मंगलवार को लंभुआ विधानसभा में डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया।सांसद श्रीमती गांधी कुड़वार वि.ख.के पिकौरा पूरेवादी गांव में भगवान दास पाल के गया जगन्नाथ धाम से लौटने के बाद आयोजित पाल समाज के विशाल ब्रह्मभोज कार्यक्रम में भी शामिल हुई।सांसद श्रीमती गांधी ने नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा पीएम मोदी की गारंटी हर जाति-धर्म के लिए हैं।गरीब, युवा, महिलाएं और किसान ÷सबसे बड़ी जातियां÷ हैं और उनका उत्थान हो रहा है। उन्होंने कहा मैंने बिना जाति कौम पूछे 80 हजार लोगों की मदद की है।उन्होंने कहा अगर आप ताकतवर सांसद और विकास करने वाली पार्टी चाहते हैं तो कमल पर वोट दे।श्रीमती गांधी ने नुक्कड़ सभा में कहा जहां आम सांसद सौ करोड़ रुपए संसदीय क्षेत्र में लाते हैं वही मैंने 38 सौ करोड़ रुपए का विकास काम कराया है।उन्होंने बताया एक नाई समाज का व्यक्ति आया बताया।उसने तीन साल बिजली



चोरी की उसके बाद कनेक्शन ले लिया।1 साल से उसका बिल 220 रुपये महीना आ रहा है। बिजली विभाग ने उसके ऊपर पेनाल्टी लगाकर 70 हजार रुपए बिल भेज दिया। मैंने बिजली विभाग के जिम्मेदारों से बात कर उसका बिल 10 हजार रूपए करा दियामैं अन्याय और भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करती हूं।उन्होंने कहा 5 सालों में मैं सभी गांव का दौरा एक दो बार कर चुकी हूं।उन्होंने बताया 33 दिनों में मैं 550 गांवों का दौरा कर चुकी हूं। नुक्कड़ सभाओं को लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा के पुत्र रि. कर्नल पंकज वर्मा ने भी संबोधित किया। उन्होंने सांसद मेनका की तमाम उपलब्धियां गिनाते हुए 25 मई को भारी बहुमत से जिताने की अपील की।सांसद श्रीमती गांधी ने लंभुआ तहसील परिसर में लंभुआ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सिंह के संयोजन में आयोजित अधिवक्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए 25 मई को कमल पर वोट व समर्थन की अपील की।भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि श्रीमती गांधी मंगलवार को लंभुआ विधानसभा के सैतपुर सराय, रायपुर,पांडेपुर,सेमरी राजापुर,नरेनदापुर,करनपुर,महादेवा,बेदू पारा,दमकढ़ा,तातो मुरैनी, मलाक दोष पट्टी एवं शहर के विवेकनगर चौराहे समेत डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभा में शामिल हुई।इस मौके पर वि.स. संयोजक अयोध्या प्रसाद वर्मा, सह संयोजक शिवाकांत मिश्रा,एलके दुबे,ब्लाक प्रमुख कुंवर बहादुर सिंह,पाल समाज के जिलाध्यक्ष तेरस पाल,भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी,नन्दलाल पाल प्रधान,रमेश दूबे प्रधान संघ अध्यक्ष,संजय सरोज, प्रवीन सिंह, गोविंद तिवारी टाडा, कैलाश द्विवेदी प्रधान संघ अध्यक्ष,पूर्व सीओ दिनेश सिंह, संजय सिंह बबलू, निर्भय सिंह, राम उजागिर शुक्ला, संजीव पांडे,सतीश वर्मा,शत्रुघ्न सिंह,आनन्द मिश्रा प्रधान,विजय सिंह पूर्व प्रधान,राम कृपाल वर्मा, धुरिया समाज के अध्यक्ष बाबूलाल धुरिया,भोला निषाद, नवल किशोर मिश्रा, सुशील सिंह प्रधान,जय शंकर तिवारी, पूर्व प्रमुख प्रमोद सिंह,राज कुमार अग्रहरि,संजय निषाद, सत्यप्रकाश बरनवाल युवा मोर्चा अध्यक्ष,पवन निषाद,शैलेन्द्र झा, रामेंद्र प्रताप सिंह सौरभ सिंह,महेंद्र सिंह, आकाश सिंह,बहाऊ पाल, शैलेन्द्र पाल,मो. हुसैन ,फूल चन्द्र सरोज, रामजीत पाल, अशोक मिश्रा प्रधान, फूलचंद सरोज,गीता गुप्ता, लीलावती, गौरव सिंह, शब्बीर अली प्रधान, जलील प्रधान ,संजय मिश्रा प्रधान, कृष्ण मुरारी श्रीवास्तव, सभापति यादव, महावीर गुप्ता, रोहित मिश्रा प्रधान, राज बहादुर पाल, राजेश पाल,गौरव सिंह काका,पिन्टू सिंह,बन्टी सिंह पूर्व प्रधान,प्रसून पाण्डे प्रधान, अशोक त्रिपाठी (माले) प्रधान, प्रभुनाथ मौर्या,राम दौर मौर्या,रमेश मौर्या, गोविंद धर द्विवेदी, संदीप सिंह,अनुराग सिंह,हशीर खान, धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, मो.सईद खां प्रधान, मनोज जायसवाल,पप्पू ख़ान,झुरहू गौतम, तौहीद खान, प्रदोष चौरसिया,नीरव सिंह,अभिनव सिंह, मनोज कसौधन, आकाश जायसवाल, शिवमूर्ति पांडे, इन्द्रदेव मिश्रा, सभासद विजय जायसवाल सभासद आदि मौजूद रहे।

# बांदा के लाल विजय को मानद कर्नल रैंक






**अज्जू तिवारी**

**बांदा।** रक्षा मंत्रालय ने मशहूर क्रिकेटरों कपिल देव, सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी की तरह बांदा के लाल विजय कुमार श्रीवास्तव को राष्ट्रीय विकास में शिक्षा जगत की भूमिका के योगदान में मानद कर्नल रैंक से सुशोभित किया है। इस शानदार उपलब्धि से बांदावासी गौरवान्वित हैं। मानद कर्नल रैंक से नवाजे गए श्रीवास्तव संप्रति सयाजीराव यूनिवर्सिटी बड़ौदा के कुलपति हैं। बांदा शहर के मढ़ियानाका मोहाल निवासी बैंक मैनेजर रहे सूरजबली श्रीवास्तव के बेटे विजय ने प्रारंभिक शिक्षा बांदा के सरस्वती विद्या मंदिर और उच्च शिक्षा पंडित जेएन कालेज से प्राप्त की है। उन्हें मानद कर्नल रैंक से नवाजे जाने की पुष्टि जारी सरकारी अधिसूचना से हुई है।

अधिसूचना के अनुसार मानद रैंक केवल उपाधि नहीं, बल्कि शैक्षणिक संस्थानों और देश के रक्षा ढांचे के बीच रणनीतिक संबंधों का प्रतीक है। विजय इस वर्ष सम्मानित होने वाले पश्चिम के राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति के एकमात्र प्रतिनिधि हैं।विजय को मिले इस सम्मान पर उनके लंगोटिया यारों की खुशी देखते बनती है। मनोज पुरवार ने बचपन की यादें साझा कर खुशी का इजहार किया। सुनील गौतम, पियूष मिश्रा, संदीप पुरवार, ऋषिमोहन, धर्मेंद्र जादौन, रामविलास त्रिपाठी, शिशिर चतुर्वेदी, आईएएस राहुल पुरवार, शैलेश निगम, मनीष श्रीवास्तव, आरटीओ केडी सिंह आदि मित्रों ने शुभकामनाएं व्यक्त की हैं।

### ' ऐ मेरे यार, तूने कर दिया कमाल'

अपने बाल सखा और बचपन से साथ में पढ़ने वाले विजय कुमार को रक्षा मंत्रालय द्वारा मानद कर्नल रैंक से सुशोभित किये जाने पर उनके लंगोटिया यार मनोज पुरवार फूले नहीं समा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान जनपद बांदा के गौरव की बात होने के साथ-साथ हम सभी साथियों के लिए हर्ष का विषय है। श्री पुरवार ने बताया कि मेरे बचपन के मित्र केडी सिंह आरटीओ व राहुल पुरवार आईएएस हैं। बचपन की यादों को ताजा करते हुए उन्होंने आपस में खेलकूद के अलावा छोटी-छोटी बातों में आपकी झगड़े का भी जिक्र किया। उन्होंने बचपन की यादों को याद कर भावुक होते हुए सहपाठी विजय कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# साधु-साध्वी भगवंतों की सेवा पुण्य का कार्य- डॉ. विद्युतप्रभा

**बाड़मेर ।** नेशनल हाईवे 68 पर मांगता गांव के पास श्री जिनकुशल सूरी खरतरगच्छ विहार धाम का भूमि शुद्धिकरण का भव्य आयोजन परम पूज्य खरतरगच्छाधिपति, आचार्य प्रवर श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वरजी म.सा. की आज्ञानुवर्ती व परम पूज्य बहन महाराज डॉ. विद्युतप्रभाश्रीजी की पावन निश्रा में सम्पन्न हुआ ।

गुरु भक्त केवलचंद बोहरा सांचौर ने बताया कि सांचौर से बाड़मेर की तरफ साधु-साध्वी भगवन्तों के आगमन पर उनके विश्राम के लिए पूज्य पिताश्री छगनलालजी और मातुश्री प्यारी देवी की पुण्य स्मृति में प्रकाशमल-कविता देवी कानूनगो परिवार सांचौर प्रकाश फाऊंडेशन मुंबई द्वारा स्वयं की भूमि पर विहार धाम बनाकर समाज को भेंट किया जाएगा ।

बोहरा ने बताया कि शुभ मुहूर्त में विधिकारक प्रकाश गुरुजी द्वारा शान्ति-स्नात्र पूजा का आयोजन किया गया । एवं बहन म. सा. डॉ. विद्युतप्रभाश्री जी द्वारा मंत्रोच्चार कर भूमि अधिग्रहण कर भूमि पर जल, पुष्प व वासक्षेप से मंत्रों




द्वारा भूमि शुद्धिकरण का अनुष्ठान विधि-विधान से सम्पन्न करवाया गया । कार्यक्रम के समापन पर शान्ति-कलश, मंगल आरती व मंगल पाठ का कार्यक्रम हुआ । केवलचन्द बोहरा सांचौर ने विहार धाम बनाने के उद्देश्य बताते हुए पधारे हुए सभी गुरू-भगवन्तों व समाज के गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया । साध्वीश्री डॉ. विद्युतप्रभाश्रीजी ने कहा कि साधु-साध्वी भगवंत की सेवा करना पुण्य का कार्य है । वह पुण्यशाली परिवार होते हैं जो साधु-साध्वी भगवन्तों की विहार व्यवस्था में अपनी लक्ष्मी का सदुपयोग करते हैं । कानूनगो परिवार के इस पुण्य कार्य की अनुमोदना करते है । वे साधुवाद के पात्र है ।

कार्यक्रम में जैन श्रीसंघ धोरीमना के अध्यक्ष गौतमचंद सेठिया, खरतरगच्छ चातुर्मास समिति के महामंत्री बाबूलाल बोथरा, कुशल वाटिका ट्रस्ट के उपाध्यक्ष द्वारकादास डोसी व रतनलाल संखलेचा कोषाध्यक्ष बाबूलाल बोथरा, चंपालाल जैन, अशोक श्रीश्रीमाल, प्रकाश पारख, राजेंद्र सेठिया सहित बाड़मेर, धोरीमना, सांचौर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

# सांसद के गोद लिए गांव के बहुत से युवाओं ने कांग्रेस का झण्डा थामा

## प्रदीप के पास धन बल न हो पर झांसी के लिए कुछ कर गुजरने का जज़्बा जरूर है-तनवीर

**झांसी !** इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के समक्ष सांसद के गोद लिए गांव सरवां भड़रा के बहुत से नवयुवकों ने कांग्रेस पार्टी में आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस पार्टी का झण्डा अपने हाथों में थाम लिया। सरवां भडरा के इन युवाओं में आक्रोश है कि सांसद द्वारा गोद लिए गांव की पांच साल में एक रत्ती हालत नहीं सुधरी जैसे पहली थी आज भी वैसी ही है। उनका कहना है कि जिस सांसद ने गोद लिए गांव की तरफ पलट कर नहीं देखा उससे क्या उम्मीद की जा सकती है इसलिये वो अब कांग्रेस के साथ कदम से कदम मिला कर चलेंगे और प्रदीप जैन को विजयी बनायेंगे।

पूर्व सांसद ब्रज लाल खाबरी और पूर्व विधायक दीप नारायण सिंह यादव ने चुनावी रणनीति के तहत बैठक कर पूरी रूपरेखा तैयार की। बैठक में रामकुमार शुक्ला, अफजाल हुसैन, प्रिंस कटियार, रधुराज शर्मा, विनय उपाध्याय, अनिल रिछारिया, प्रदीप गुर्जर उपस्थित रहे।

चुनावी समर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य की पुत्री सौम्या जैन ने भी वार्ड नं0 7 कछियाना पुलिया नं0 9 में तपती हुई धूप में पसीना बहाते हुए जनसम्पर्क किया और उनके पिता को भारी बहुमत से जिताने की घर घर जाकर अपील की। सौम्या ने कहा कि गठबंधन सरकार में महिलाओं को पूरा सम्मान मिलेगा। शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, अरविन्द बब्लू, कमर राजा, प्रीति श्रीवास, मोहर सिंह राठौर, सुनील पाल, आरिफ सलीम, विजय नारायण, दीपक पासवान, फारूख शेख, मंसूर अली, रईस काजी, राजकुमार फौजी, अमीर चंद आर्य, हरि ओम श्रीवास, अशोक कन्सोरिया, प्रशांत वर्मा, हैदर अली, इमरान खान, वसीम उददीन, रोवेश खान जनसम्पर्क के दौरान उपस्थित रहे।

राई का ताजिया, मुकरायाना और शहर



के कई हिस्सों में सपा के महानगर अध्यक्ष तनवीर आलम और बुन्देलखण्ड क्रान्ति दल के केन्द्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र पाल सिंह के साथ पार्षद शफीक मकरानी और अनेकों समर्पित कार्यकताओं द्वारा गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य को जनसम्पर्क कर भारी मतों से विजय दिलाने के लिए अपील की। तनवीर आलम ने कहा कि शहर की हर समस्या के लिए जागरूक, झांसी की जनता के लिए धरने प्रदर्शन और मुकदमें तक अपने विरूध दर्ज कराने के लिए न डरने वाले ऐसे प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य आपके सामने हैं जो जनता की हर समस्या के लिए आपके प्रतिनिधि बन कर जूझते रहे हैं और जूझते रहेंगे। ऐसे जुझारू प्रत्याशी का मुकाबला किसी से नहीं है। प्रदीप के पास धन बल न हो पर झांसी के लिए कुछ कर गुजरने का जज़्बा जरूर है, उसके पास आपके समर्थन का बल है और हौसला भी बेहिसाब है। ऐसे प्रत्याशी को विजयी बनाकर झांसी की हर समस्या का स्थायी समाधान कीजिए। जनसम्पर्क में पार्षद आफाक मकरानी, सपा के प्रदेश सचिव नौशाद खान, विधान सभा अध्यक्ष संजीव कुशवाहा, उपाध्यक्ष फारूख शेख, महासचिव प्रेम बाल्मिकी, अयान अली, सैयद अली, एड0 प्रकाश यादव, अवधेश यादव, उपाध्यक्ष इमरान मकरानी, महानगर अध्यक्ष एससीएसटी विक्रम खटीक, पूर्व पार्षद अखलाक मकरानी, प्रीति पाल दाऊ, नफीस मकरानी, इमरान मकरानी, शकील खान, अनस मकरानी, सोएब मकरानी,जुनैद मकरानी, अयान अली हाशमी, जहीर पहलवान, जीशान खान, कामिल खान, अरमान मकरानी, सिब्बू, असद और अनेकों कार्यकर्ता शामिल रहे।

ग्राम मेरी में ब्रजेन्द्र सिंह भोजला, अरविन्द बब्लू, शफीक अहमद मुन्ना रशीद मंसूरी ने प्रदीप जैन आदित्य भारी मतो से विजयी बनाने की अपील की।

# आईसीएससी बोर्ड मे 97% अंक पाकर हसन शोएब ने किया नाम रौशन

**प्रयागराज।** आईसीएससी बोर्ड के दसवीं के नतीजे घोषित होते ही छात्र - छात्राएं खुशी से झुम उठे। वहीं प्रयागराज बॉयज हाई स्कूल के छात्र हसन शोएब ने आईसीएससी बोर्ड की हाई स्कूल परीक्षा में 97त्न अंक हासिल कर स्कूल के साथ ही समाज का भी नाम रौशन किया है।

करेली के प्रतिष्ठित परिवार में जन्मे हसन शोएब के पिता करेली निवासी शोएब इक़बाल (शाहिद) पेशे से व्यापारी है। व्यापार व समाजसेवा के साथ ही अपने बच्चों के साथ समय व्यतीत कर उनकी पढ़ाई व करियर को लेकर काफी सक्रिय भूमिका निभाते है। शोएब के चाचा सैयद नसीम अहमद गुड्डू प्रयागराज के जाने-माने



अधिवक्ता हैं।

हसन शोएब ने बताया कि वह करियर में आगे चलकर चार्टेड अकाउंट ( सीए ) बनाना चाहता है लेकिन अगर मौका मिला तो वह प्रशासनिक सेवा में जाकर देश की सेवा भी करना चाहता है। उन्हें दार्शनिक स्थानों पर घूमना पसंद है। उनके इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की स्वागत का सिलसिला शुरू

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** विधानसभा प्रतापपुर के मोहीउद्दीनपुर गांव निवासी सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की स्वागत की सिलसिला शुरू हो गया है। आपको बताते चलें कि प्रतापपुर के मोहिउद्दीनपुर गांव निवासी श्याम लाल पाल बेहद सरल और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति हैं। सपा मुखिया के द्वारा उन्हें प्रदेश की कमान सौपें जाने से सपाइयों के अलावा अन्य पार्टियों के लोग भी उनसे रूबरू होकर उन्हें बधाई संदेश और फूल मालाओं से लाद कर स्वागत कर रहे हैं। लोग जगह-जगह उनका भव्य स्वागत करने से नहीं चूक रहे हैं। श्रीपाल भी मिलने



वाले लोगों से दिल से गले मिलकर उनका अभिवादन स्वीकार कर रहे हैं। मोतिहां गांव निवासी सपा नेता बब्बू यादव भी श्रीपाल के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर नवाबगंज पहुंचकर उन्हें फूल मालाओं से लादकर उनका भव्य स्वागत किया। बब्बू यादव ने संवाददाता से कहा कि विधानसभा प्रतापपुर के हर एक नागरिक के लिए गर्व की बात है।

# बीएसए पहुंचे सैदाबाद, लापरवाही पर आधार ऑपरेटर को लगाई फटकार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** हंडिया थाना क्षेत्र के ब्लॉक सैदाबाद स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र का जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण कुमार तिवारी ने औचक निरीक्षण किया। सब कुछ तो ठीक पाया गया लेकिन उन्होंने आधार ऑपरेटर को लापरवाही पर डांट फटकार लगाते हुए उनकी क्लास भी ली।

आपको बताते चले की ब्लॉक संसाधन केंद्र सैदाबाद में मिथिलेश वर्मा और राहुल श्रीवास्तव बतौर आधार ऑपरेटर नियुक्त किए गए हैं। उनका काम है गरीब बच्चों का ब्लॉक संसाधन केंद्र सैदाबाद में निशुल्क आधार बनाना। लेकिन सूत्रों की माने



तो ये सब घर पर भी आधार बनाने के साथ वसूली करते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण तिवारी ने ब्लॉक संसाधन केंद्र की जांच करने पहुंचे तो आधार ऑपरेटर की कमियां सामने देख उनकी क्लास लेते हुए जमकर फटकार लगाई। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश यादव, संसाधन केंद्र के स्टाफ दिनेश, विजय भान, फजल अख्तर खान, देशराज सिंह, एआरपी कन्हैयालाल आदि उपस्थित रहे।

# युवक को गिरफ्तार कर तमंचा, कारतूस किया बरामद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पुरानी झूंसी कोहना मार्ग पर स्थित पुलिया के पास अवैध तमंचा, कारतूस लेकर टहल रहे एक युवक को जरिए मुखबिर सूचना पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के जमा तलाशी में पुलिस ने 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद किया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेज दिया ।

बताते चलें कि पुलिस को जरिए मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त प्रभात कुमार यादव पुत्र रज्जन यादव निवासी छतनाग थाना झूंसी को पुरानी



झूंसी समुद्र कूप जाने वाले रास्ते पर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर कब्जे से 1 अवैध तमंचा .315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने धारा- 3/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 कपिल कुमार, चौकी प्रभारी छतनाग, उ0नि0 श्रीराम यादव, उ0नि0प्र0 अखिल ओझा, उ0नि0प्र0 सुनील कुमार शामिल रहे।

# 38- सुलतानपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु नामांकन पत्रों की जांच पूर्ण, 09 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र पाये गये वैध

**सुलतानपुर।** 38-सुलतानपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिये दाखिल 36 नामांकन पत्रों की जांच भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मा0 सामान्य प्रेक्षक रंजीत कुमार की उपस्थिति में आज रिटर्निंग ऑफिसर कृत्तिका ज्योत्स्ना द्वारा की गयी। दाखिल नामांकन पत्रों में से 09 अभ्यर्थियों के 18 नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा 17 अभ्यर्थियों के 18 नामांकन पत्र विभिन्न कमियों के कारण निरस्त किये गये। इस प्रकार 38-सुलतानपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु 09 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र पूर्ण व सही




पाये गये।

जिला निर्वाचन अधिकारी/रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि 38-सुलतानपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी मेनका संजय गाँधी, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राम भुआल निषाद, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी उदराज वर्मा, मोस्ट बैकवर्ड क्लासेज ऑफ इण्डियन के प्रत्याशी डॉ0 शिव शंकर इण्डियन, अपना देश पार्टी के प्रत्याशी अब्दुल मावूद, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी के प्रत्याशी जय प्रकाश, आजाद पार्टी के प्रत्याशी गिरीश लाल, निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद आसिफ व उदयराज वर्मा के नामांकन जांचोपरांत वैध पाये गये। इस प्रकार राजनैतिक/गैर राजनैतिक दलों के कुल-09 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र जॉचोपरान्त वैध पाये गये।

इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर/उप जिलाधिकारी सदर टी.पी. सिंह व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर/उप जिलाधिकारी बल्दीराय विदुषी सिंह सहित 20 अभ्यर्थी भी मौजूद रहे।

# भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु प्रेक्षक (सामान्य, पुलिस, व्यय ) का जनपद में हुआ आगमन

**सुलतानपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 38-सुलतानपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त-मा0 प्रेक्षक सामान्य रंजीत कुमार, मा0 प्रेक्षक व्यय अजय चक्रवर्ती, मा0 पुलिस प्रेक्षक महेश चन्द्र जैन का जनपद के 400 के0वी0 पयागीपुर गेस्ट हाउस में आगमन हो चुका है।प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवास हेतु 400 के0वी0 पयागीपुर गेस्ट हाउस में मा0 सामान्य प्रेक्षक महोदय को कक्ष संख्या-03, मा0 व्यय प्रेक्षक महोदय को कक्ष संख्या 07 व मा0 पुलिस प्रेक्षक महोदय को कक्ष संख्या-05 आवंटित किया गया है।जनपद का कोई भी नागरिक/प्रत्याशी/राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, लोकसभा निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन, कानून व्यवस्था व शांति हेतु अवैध व्ययों/अवैध सामग्रियों के वितरण व प्रलोभन आदि से सम्बन्धित विभिन्न आयामों के परिप्रेक्ष्य में मा0 सामान्य प्रेक्षक के मो0 नम्बर-8858575001, मा0 व्यय प्रेक्षक के मोबाइल नम्बर-8858575002, मा0 पुलिस प्रेक्षक के मोबाइल नम्बर-8858575003 पर सूचित कर सकता है साथ ही साथ 400 के0वी0 पयागीपुर गेस्ट हाउस में निर्धारित विजिटिंग आवर्स (पूर्वान्ह 10:00 बजे से पूर्वान्ह 11:00 बजे तक) मुलाकात कर अपनी शिकायत/जिज्ञासा/बात रख सकते हैं।

# तत्काल अस्पताल के सभी कक्षों एवं परिसर की साफ-सफाई करवाने का निर्देश



**जौनपुर-** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मी सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुजानगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रसव कक्ष, ओपीडी एवं शौचालय के निरीक्षण में साफ-सफाई की कमी पाई गई, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक को तत्काल अस्पताल के सभी कक्षों एवं परिसर की साफ-सफाई करवाने का निर्देश दिया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने लैब को देखा तथा सभी उपकरणों को साफ-सफाई के साथ व्यवस्थित ढंग से क्रियाशील अवस्था में रखने हेतु निर्देशित किया। औषधि कक्ष के निरीक्षण के दौरान सभी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कहा। उन्होंने अधीक्षक को निर्देश दिया कि बिजली के तार इत्यादि को ठीक करा लें ताकि अस्पताल एवं परिसर में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने भीषण गर्मी को देखते हुए सभी वार्डों में कूलर लगाए जाने का भी निर्देश दिया, ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न होने पाए।

इसके साथ ही उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुजानगंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलवार का भी निरीक्षण किया और बेलवार के निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अनावश्यक पड़े हुए कबाड़ को नीलाम कर परिसर को साफ-सुथरा रखें।

# सावित्री देवी और चौधरी नौनिहाल को मिली जीत

## रविकांत अंडर-16 समर लीग : कृष्णा का शतक, शिवांश चूके

**प्रयागराज।** कृष्णा तिवारी के शतक (114 रन, 74 गेंद, 17 चौके, दो छक्के) के दम पर सावित्री देवी क्लब ने भवम क्लब को 33 रन से हराकर रविकांत अंडर-16 समर क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। एक अन्य मैच में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने वाईएमसीए को छह विकेट से हराया। सावित्री देवी क्लब ने मंगलवार को अपने मैदान पर 30 ओवर में 9 विकेट पर 255 रन (कृष्णा तिवारी 114, सूरज कुमार 73, सौरभ यादव 20, सक्षम मिश्र 3/54, प्रभाष मिश्र 2/38, सानिध्य श्रीवास्तव 2/42) बनाए। जवाब में भवम क्लब की टीम 28.2 एक ओवर में 222 रन (शिवांश पाण्डेय 93, रोशन कुशवाहा 38, सानिध्य श्रीवास्तव 31, सर्वेश



19, अमन 3/41, सौरभ तिवारी 3/60, संग्राम सिंह 2/20) पर सिमट गई। मैच में नितिन मिश्र व राजीव कुशवाहा ने अंपायरिंग और मोहम्मद सैफ ने स्कोरिंग की।

केपी कॉलेज मैदान पर वाईएमसीए ने 34.1 ओवर में 167 रन (लक्ष्य यादव 61, सचिन मिश्र 4/32) बनाये। जवाब में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 23.5 ओवर में 4 विकेट पर 168 रन (देवप्रयाग 55, आर्यन बनर्जी 49, कौशल 24 नाबाद, देवांश शर्मा 2/25, कार्तिकेय वर्मा 1/24) बना लिए। मैच में राहुल सिंह व अजय कुमार अंपायर एवं आशीष भारतीय स्कोरर रहे।

